प्रयागराज, शुक्रवार, 7 अप्रैल, 2023

बैशाख मास, कृष्ण पक्ष 1, वर्ष 11, अंक 344, पृष्ठ 12, मूल्य : 5.00


# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news




अन्दर : युवराज नहीं होते तो विश्वकप नहीं जीत पाते खांसी पर मजाक उड़ाते थे साथी : हरभजन

अन्दर : कौन डरता है ईडी और सीबीआई से


# सिर्फ चुनाव नहीं लोगों का दिल जीतें

## भाजपा के 44वें स्थापना दिवस पर पीएम का कार्यकर्ताओं से आह्वान

**नई दिल्ली।** भाजपा ने गुरुवार को देशभर में अपना स्थापना दिवस मना रही है। इस मौके पर पार्टी मुख्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ध्वजारोहण किया तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी कार्यकताओं को संबोधित किया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि भाजपा भारत को भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और कानून-व्यवस्था की चुनौतियों से मुक्त करने के लिए कड़े कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है।


अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कांग्रेस पार्टी को जमकर घेरा। इस बीच, उन्होंने कहा कि भाजपा 2024 का चुनाव जीत रही है और इसको लेकर लोग पहले ही अपनी दिल की बात कहने लगे हैं। पीएम ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी होने के बावजूद, हमें आत्मसंतुष्ट होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि यह सच कि भाजपा फिर सरकार बनाएगी, लेकिन कार्यकर्ताओं के रूप में हमें देश के हर नागरिक का दिल जीतना है।

### बोले मोदी

### मोदी ने कार्यकर्ताओं को दिखाई लोकसभा 2024 की राह

### 2024 में फिर भाजपा सरकार, कांग्रेस पर साधा निशाना

पीएम ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बादशाही मानसिकता वाले लोग गरीबों का अपमान करने का कोई जरिया नहीं छोड़ते थे, लेकिन 2014 के बाद से ये सभी लोग अब खराब स्थिति में हैं। भाजपा के 44वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए, मोदी ने कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दलों की आलोचना की। उन्होंने विपक्षी दलों पर भाई-भतीजावाद, वंशवाद, जातिवाद और क्षेत्रवाद से बंधे होने का आरोप लगाया। पीएम ने अपने भाषण में आगे कहा कि भाजपा का सरकार चलाने का एक ही मंत्र है और वो है सभी को साथ लेकर चलने की संस्कृति। इस बीच कार्यक्रम की शुरूआत में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भाजपा के चुनावी चिह्न 'कमल' को पेंटिंग के जरिए दर्शाया। पीएम मोदी ने कहा कि साथियों जब हमारे सामने 2047 जैसे विकसित भारत का लक्ष्य है, तो हमारी ये जिम्मेदारी है कि परिश्रम में कोई कमी नहीं छोड़ें। हमें सफलताओं को सेलिब्रेट तो करना है, लेकिन अगली चुनौती के लिए कमर भी कसनी है। हमें ये सब बीजेपी की मूल विचार धारा के प्रकाश में ही करना है. भारत की संविधान की सीमाओं में ही रहना है। हमें भारत की समस्याओं का समाधान उधार की सोच से नहीं, भारत की जड़ों से ही, भारत की परंपराओं से ही, भारत के करोड़ों लोगों के अनुभव के अमृत से ही निकालना है। उन्होंने कहा कि इस सोच के साथ हमें भाजपा को 21वीं सदी की भविष्य की पार्टी बनाना है। हमें दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी होने के बाद भी अतिआत्मविश्वास का शिकार नहीं होना है।



### भगवान हनुमान की तरह करेंगे काम

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हनुमान जन्मोत्सव है और जिस तरह भगवान हनुमान ने राक्षसों का जमकर मुकाबला किया, उसी तरह सरकार भी देश को भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और कानून-व्यवस्था की चुनौतियों से निजात दिलाने के लिए सख्ती से काम करेगी। ढट टझ्र ने अपने भाषण में विपक्ष पर कई तीखे वार किए। उन्होंने कहा कि अस्तित्व के संकट से जूझ रहीं विपक्ष पार्टियां सत्ताधारी पार्टी के खिलाफ आरोप लगाने और साजिश रचने का सहारा ले रही हैं। उन्होंने कहा कि वे नफरत और हताशा से भर गए हैं। पीएम ने कहा कि आज विपक्षी पार्टियां इतनी हताश हो गई हैं कि उन्होंने खुले तौर पर 'मोदी तेरी कबर खुदेगी' कहना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि इन सब के बावजूद गरीब, आदिवासी, पिछड़े, दलित और महिलाओं समेत अन्य लोग मोदी और 'कमल' की रक्षा के लिए साथ खड़े हैं।

# यूपी में 100 करोड़ से शुरू होगी आकांक्षी नगर योजना

### गुड न्यूज

### तीन महीने के बजट खर्च के लिए पेश हुई कार्ययोजना

### 16 पैरामीटर्स पर जनपदों से होगा डेटा कलेक्शन

**लखनऊ।** नगरीय निकायों को और सुदृढ़ बनाने और उनकी क्षमता को विस्तार देने के लिए योगी सरकार आकांक्षी नगर योजना की शुरूआत करने जा रही है। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए नगर विकास विभाग द्वारा 100 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। आगामी तीन माह में नगर विकास विभाग इस बजट का उपयोग करते हुए निर्धारित पैरामीटर्स के आधार पर 100 आकांक्षी निकायों का चयन करेगा।

इसके साथ ही संबंधित जनपदों में सीएम फेलो की भी तैनाती की जाएगी। नगर विकास विभाग द्वारा 2023-24 में नई मांग के माध्यम से संचालित योजनाओं में आवंटित बजट को आगामी तीन माह में व्यय किए जाने की कार्ययोजना के जरिए इसकी पुष्टि की है। योगी सरकार ने नगर निकायों के समुचित विकास के लिए यह कदम उठाया है। उम्मीद की जा रही है कि इस योजना के माध्यम से नगरीय निकायों में काम की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के अलावा योजनाओं के कार्यान्वयन में भी तेजी आएगी। आगामी तीन माह की कार्ययोजना के प्रस्तुतिकरण में नगर विकास विभाग ने बताया है कि विषयगत परियोजना के क्रियानव्यन के लिए नीति आयोग के सहयोग से 16 पैरामीटर्स विकसित किए जाएंगे। इन पैरामीटर्स द्वारा जनपद स्तर से डेटा कलेक्शन की कार्यवाही की जाएगी। डेटा कलेक्शन के आधार पर प्रदेश से 100 आकांक्षी निकायों का चयन किया जाएगा। इन सभी चयनित 100 आकांक्षी निकायों के साथ विषयगत योजना का शुभारंभ किया जाएगा। इसके साथ ही संबंधित जनपदों में विषयगत योजना के लिए सीएम फेलो की भी तैनाती की जाएगी। ये सीएम फेलो सीडीओ और डीएम के अंतर्गत काम करेंगे और काम की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के अलावा योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएंगे।



### 50 करोड़ से धार्मिक नगरीय निकायों में सुविधाओं का विकास

इससे इतर, नगर विकास विभाग 50 करोड़ से प्रदेश के धार्मिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नगरीय निकायों में मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं का भी विकास करेगा। विषयगत परियोजना के लिए एसओपी (दिशा निर्देश) का निर्माण करते हुए संबंधित डीएम द्वारा प्रस्ताव प्राप्त किया जाएगा, जिस पर कार्ययोजना तैयार होगी। प्रस्तावित कार्ययोजना का सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त होने के बाद प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जाएगी। यही नहीं, विभाग 15 करोड़ की लागत से नगर पालिका परिषद मऊ में स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों की स्मृति में सभागार का भी निर्माण करेगा। इसके लिए राजस्व विभाग की भूमि नगर विकास विभाग को उपलब्ध कराए जाने के लिए कैबिनेट से मंजूरी ली जाएगी। परियोजना की कार्ययोजना का सक्षम स्तर से अनुमोदन प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किस्त के रूप में देय धनराशि अवमुक्त की जाएगी।

# सफाई मित्रों को मिलेगा सम्मानजनक मानदेय

### बोले योगी

### राज्य स्तर पर गठित होगा बोर्ड, नगरीय निकाय प्रदेश में विकास के इस बदलाव की बने हैं धुरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यानी गुरुवार को कहा कि, सफाई मित्रों को सम्मानजनक मानदेय देने के लिए राज्य स्तर पर सरकार एक बोर्ड गठित करेगी। मुख्यमंत्री ने यह दावा किया कि पिछले 6 साल में राज्य के नगरीय निकाय विकास रूपी बदलाव की धुरी बने हैं। आदित्यनाथ ने आज 8,754 करोड़ रुपये की लागत वाली 2,042 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति भी बनाई है ताकि सफाई मित्रों को अच्छा मानदेय मिल सकें। बता दें कि सीएम योगी ने कहा कि, ₹सफाई मित्रों को सम्मानजनक मानदेय देने और उन्हें मान सम्मान मिले, इसके लिए राज्य स्तर पर एक बोर्ड गठित कर इसे आगे बढ़ाया जाएगा। खासकर सीवर की सफाई करने वालों को अतिरिक्त मानदेय की व्यवस्था के साथ-साथ सरकार उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगी।₹ मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश पूरे देश में सबसे ज्यादा नगरीय निकायों वाला राज्य है। उन्होंने बताया, ह्यह्यप्रदेश में 762 नगर निकाय हैं, जहां करीब सात करोड़ की आबादी रहती है। सीएम योगी ने कहा कि, इन सभी के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए इज ऑफ लिविंग के तहत पिछले छह वर्षों में ऐतिहासिक काम किया गया है।






# ओबीसी आयोग की रिपोर्ट 4 दिन के अंदर वेबसाइट पर करें अपलोड

**लखनऊ।** हाई कोर्ट लखनऊ बेंच ने यूपी सरकार को चार दिन के अंदर ओबीसी आयोग की रिपोर्ट वेबसाइट पर अपलोड करने का आदेश दिया है। हाई कोर्ट लखनऊ बेंच ने गुरुवार को सुनवाई करते हुए गुरुवार को ये आदेश यूपी सरकार को दिया है। लखीमपुर खीरी के रहने वाले विकास अग्रवाल ने निघासन नगर पंचायत चुनाव में आरक्षण को लेकर हाई कोर्ट में चुनौती देते हुए एक याचिका दाखिल की थी। इस पर गुरुवार को सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने यूपी सरकार को 4 दिन के अंदर ओबीसी की रिपोर्ट वेबसाइट पर अपलोड करने के आदेश दिए हैं। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने कहा कि ओबीसी कमीशन की रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है। बार-बार जिलाधिकारी कार्यालय में आवेदन किया गया, लेकिन इसकी कॉपी उन्हें नहीं दी गई है। वहीं, यूपी सरकार की ओर से पेश वकील ने दलील देते हुए कहा कि याचिकाकर्ता की ओर से रिपोर्ट की प्रति के लिए आवेदन नहीं किया गया था, इसलिए उन्हें इसकी कॉपी नहीं दी गई है। पिछले महीने यूपी सरकार ने नगर निकाय चुनाव को लेकर ओबीसी आयोग की रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया। इसके बाद सरकार ने आरक्षण लिस्ट जारी कर दी थी। इसमें 760 नगर निकायों सीट का आरक्षण जारी किया गया था।

### आदेश

### हाई कोर्ट ने यूपी सरकार को दिया आदेश

### खीरी के रहने वाले युवक ने हाई कोर्ट में डाली थी याचिका

### युवक ने आरक्षण की कॉपी न देने की कोर्ट में दी थी दलील

बता दें कि पिछले साल नगर निकाय चुनाव दिसंबर में कराए जाने थे, लेकिन आरक्षण को लेकर मामला हाई कोर्ट पहुंच गया था। हाई कोर्ट ने बिना ओबीसी आरक्षण के तुरंत चुनाव कराने का आदेश दिया था। इस पर यूपी सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के जज की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय ओबीसी आयोग का गठन किया गया था। आयोग ने पिछले महीने ही सरकार को सर्वे रिपोर्ट सौंपी है। इसके बाद ही आरक्षण लिस्ट जारी की गई थी।

### रिजर्व बैंक ने मुद्रास्फीति अनुमान घटाया

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष (2023-24) के लिए खुदरा मुद्रास्फीति का अनुमान को मामूली घटाकर 5.2 प्रतिशत कर दिया। हालांकि आरबीआई ने माना कि प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय बाजारों में अनिश्चितता बढ़ने से मुद्रास्फीति के मामले में भविष्य में जोखिम पैदा हो सकता है। फरवरी में हुई पिछली मौद्रिक समीक्षा में मुद्रास्फीति के 5.3 प्रतिशत पर रहने का अनुमान था। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने वित्त वर्ष 2023-24 की पहली द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा बैठक के नतीजों की घोषणा कर कहा कि तेल निर्यातक देशों के संगठन ओपेक के कच्चे तेल के उत्पादन को घटाने के फैसले से मुद्रास्फीति का परिदृश्य गतिशील बना हुआ है।

# कांग्रेस नेता एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी गुरुवार को केरल इखढ में शामिल हुए। अनिल एंटनी ने 2002 के गुजरात दंगों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री पर विवाद के बाद जनवरी में कांग्रेस छोड़ दी थी। नई दिल्ली में भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल की उपस्थिति में अनिल ने भाजपा जॉइन की। केरल भाजपा अध्यक्ष के. सुरेंद्रन भी इस मौके पर मौजूद थे।



# कोरोना के 5335 नए केस

**नई दिल्ली।** देश में साढ़े 6 महीने बाद कोरोना के नए मामले 5 हजार से ज्यादा आए हैं। बुधवार को 5,335 नए मामले मिले, जबकि 13 लोगों की मौत हुई। इससे पहले 22 सितंबर को 5,383 मामले सामने आए थे। बुधवार को 2,826 लोग इस बीमारी से ठीक भी हुए। फिलहाल देश में 25,587 एक्टिव केस हैं। ये 9 अक्टूबर के बाद सबसे ज्यादा हैं। तब 25,488 लोगों का इलाज चल रहा था।

आईआईटी कानपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रो. मणींद्र अग्रवाल ने कहा कि देश में बढ़ रहे कोरोना संक्रमण से डरने की जरूरत नहीं है। यह सामान्य खांसी-जुकाम की तरह रहेगा। अभी बढ़ रहे कोरोना के आंकड़े सिर्फ संख्या हैं। इतनी बड़ी आबादी में 30 या 40 केस मिलना गंभीर बात नहीं है, लेकिन देश में मई से रोजाना 20 हजार तक केस आ सकते हैं। देश में बढ़ते कोरोना मामलों के बीच बुधवार को गवर्नमेंट इम्पावर्ड ग्रुप वन की मीटिंग हुई। इस मीटिंग में कोविड मैनेजमेंट को लेकर चर्चा की गई। अध्यक्षता डॉ. वीके पॉल ने की। सरकार ने मई 2020 में कोरोना वायरस से निपटने के लिए 6 इम्पावर्ड ग्रुप बनाए थे। इनमें सरकार के 50 से ज्यादा सीनियर अधिकारी शामिल थे। मई 2021 में इन ग्रुप्स की संख्या बढ़ाकर 10 कर दी गई थी। कोरोना के डेली केस में इजाफा तेज हो गया है। फिलहाल पॉजिटिविटी रेट 3.32% है। मार्च के 31 दिनों में कोरोना के 31,902 केस सामने आए थे। इसके मुकाबले अप्रैल के 5 दिनों में ही 20,273 नए केस मिल चुके हैं। ये मार्च के कुल नए केस का 63.5% है। अगर औसत देखें तो मार्च में रोजाना औसतन 1 हजार नए केस मिले थे, जबकि अप्रैल में रोजाना औसतन 4 हजार मामले आ रहे हैं।

### बढ़ा खतरा

### 13 लोगों की मौत, आईआईटी कानपुर के सीनियर साइंटिस्ट बोले- मई से रोजाना आ सकते हैं 20 हजार केस

### कोविड मैनेजमेंट को लेकर केंद्र की मीटिंग, मार्च के मुकाबले अप्रैल में तेजी से बढ़ रहे केस








### भारत बना संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग का सदस्य

**नई दिल्ली।** भारत का डंका वैश्विक पटल पर बज रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारे देश को एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सांख्यकी आयोग के चुनाव में जीत हासिल कर ली है। भारत अब अगले 4 सालों तक संयुक्त राष्ट्र के इस संगठन में सदस्य रहेगा। भारत ने एशिया प्रशांत क्षेत्र के तहत चीन और दक्षिण कोरिया जैसे देशों को चुनाव में पराजित करते हुए संयुक्त राष्ट्र के समन्वय बोर्ड का भी सदस्य चुना गया है। एचआईवी का समन्वय बोर्ड दुनियाभर में इस खतरनाक बीमारी पर निगरानी और इसे मिटाने में मदद देता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत को अगले साल एक जनवरी से शुरू होने वाले 4 साल के कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र के सर्वोच्च सांख्यिकीय निकाय के लिए चुना गया है। जयशंकर ने कहा कि सांख्यिकी, विविधता और जनसांख्यिकी के क्षेत्र में भारत की विशेषज्ञता ने इसे संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग में स्थान दिलाया है।

# हंगामे की भेंट चढ़ा बजट सत्र

**नई दिल्ली।** एक थिंक टैंक द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार दैनिक व्यवधान और बार-बार स्थगन के कारण संसद के बजट सत्र में निर्धारित समय से बहुत कम कामकाज हो सका। ज्यादातर समय हंगामे की भेंट चढ़ गया। इस बार विपक्ष के साथ सत्ता पक्ष के सांसदों ने भी संसद में जमकर बवाल काटा। विपक्ष ने जहां अडाणी के मुद्दे पर हंगामा किया, वहीं सत्तारूढ़ सांसदों ने राहुल की मांफी की मांग को लेकर संसद की कार्यवाही को अवरुद्ध किया। यदि संसद एक दिन हंगामे की भेंट चढ़ जाए तो करोड़ों का नुकसान होता है। पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च नामक थिंक टैंक के अनुसार, लोकसभा में 133.6 घंटे की निर्धारित अवधि के मुकाबले 45 घंटे से थोड़ा ही अधिक कामकाज हुआ, जबकि राज्यसभा में 130 घंटे की निर्धारित अवधि के मुकाबले 31 घंटे से थोड़ा ही अधिक कामकाज हुआ। पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च ने कहा कि इसका अर्थ है कि लोकसभा में निर्धारित समय के 34.28 प्रतिशत समय में ही कामकाज हुआ वहीं राज्यसभा में 24 प्रतिशत समय में कामकाज हुआ। दोनों सदनों में व्यवधान का असर प्रश्नकाल पर भी पड़ा और पूरे बजट सत्र के दौरान लोकसभा में 4.32 घंटे ही प्रश्नकाल चला जबकि राज्यसभा में यह समय सिर्फ 1.85 घंटा रहा।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बजट सत्र के दौरान हुए कामकाज का ब्योरा प्रस्तुत करते हुए लोकसभा में कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सदन में 13 घंटे 44 मिनट चर्चा चली जिसमें 143 सदस्यों ने भाग लिया। लोकसभा अध्यक्ष ने बताया कि बजट पर 14 घंटे और 45 मिनट चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि सत्र के दौरान सदन में 8 विधेयक पेश किए गए और छह विधेयक पारित हुए। बिरला ने कहा कि सत्र के दौरान 29 तारांकित प्रश्नों के उत्तर दिए गए।

### काम प्रभावित

### लोकसभा में सिर्फ 45 घंटे और राज्यसभा में 31 घंटे हुआ काम



# यूपी में कई आईपीएस और पीपीएस के हुए तबादले

## वायरल वीडियो प्रकरण की रिपोर्ट दाखिल होने से पहले हटे एएसपी अनिरुद्ध सिंह

**लखनऊ।** डीजीपी मुख्यालय ने मेरठ में एएसपी ग्रामीण के पद पर तैनात आईपीएस अनिरुद्ध कुमार सिंह को हटा दिया है। उनको सीबीसीआईडी मुख्यालय भेजा गया है। साथ ही, वाराणसी में अपर पुलिस उपायुक्त उनकी पत्नी आरती सिंह का तबादला भी कानपुर पुलिस कमिश्नरेट कर दिया गया है। माना जा रहा है कि अनिरुद्ध सिंह के वायरल वीडियो प्रकरण की जांच के दृष्टिगत दोनों आईपीएस पति-पत्नी का तबादला किया गया है। वहीं कानपुर कमिश्नरेट में तैनात अंकिता शर्मा को वाराणसी में अपर पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। बृहस्पतिवार को तीन आईपीएस और 16 पीपीएस अफसरों के तबादले कर दिए गए।

### इधर से उधर

### आठ एडिशनल एसपी का तबादला, आठ डिप्टी एसपी इधर से उधर

बताते चलें कि अनिरुद्ध सिंह का हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह वाराणसी में तैनाती के दौरान एक स्कूल संचालक से 20 लाख रुपये रिश्वत मांगते हुए नजर आ रहे थे। इस प्रकरण की जांच पूर्व कार्यवाहक डीजीपी डीएस चौहान ने वाराणसी के पुलिस कमिश्नर अशोक मुथा जैन को सौंपी थी। तत्पश्चात कमिश्नर ने डीआईजी संतोष कुमार सिंह को तीन दिन में जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे हालांकि करीब माह पूरा होने के बावजूद अभी जांच पूरी नहीं हो सकी है। डीजीपी आरके विश्वकर्मा ने अभी जांच रिपोर्ट नहीं मिलने की पुष्टि की है। डीजीपी मुख्यालय ने बृहस्पतिवार को 16 पीपीएस अफसरों का तबादला किया है जिनमें आठ एडिशनल एसपी और आठ डिप्टी एसपी शामिल हैं। अनिरुद्ध सिंह के स्थान पर बुलंदशहर के एएसपी क्राइम कमलेश बहादुर को मेरठ भेजा गया है। कमलेश बहादुर का पूर्व में 45वीं वाहिनी पीएसी, अलीगढ़ के लिए हुआ तबादला आदेश संशोधित किया गया है। एडीजी मेरठ जोन की स्टाफ अफसर एएसपी आलोक दुबे को मेरठ में छठवीं वाहिनी पीएसी का उप सेनानायक बनाया गया है। वहीं पीएसी मेरठ में तैनात अनिल कुमार-1 को एडीजी जोन मेरठ का स्टाफ अफसर बनाया गया है। विशेष डीजी कानून-व्यवस्था एवं अपराध प्रशांत कुमार के स्टाफ अफसर कृपाशंकर को लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में अपर पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। उनके स्थान पर पावर कारपोरेशन में तैनात एएसपी पूर्णेंदु सिंह को विशेष डीजी का स्टाफ अफसर बनाया गया है। बिजनौर में तैनात एएसपी इंदु सिद्धार्थ को सतर्कता अधिष्ठान के मेरठ सेक्टर में तैनाती दी गयी है। महोबा में तैनात एएसपी राजेंद्र कुमार गौतम का एडीजी महिला एवं बाल सुरक्षा के स्टाफ अफसर के पद पर पूर्व में हुआ तबादला आदेश संशोधित कर अब उन्हें अयोध्या में एएसपी यातायात एवं प्रोटोकॉल बनाया गया है। डीजीपी मुख्यालय में एएसपी स्थापना के पद पर तैनात राहुल मिश्रा का अयोध्या के लिए पूर्व में हुआ तबादला आदेश निरस्त कर दिया गया है। वे एएसपी स्थापना के पद पर बने रहेंगे। इसके अलावा आठ डिप्टी एसपी भी इधर से उधर किए गए हैं। शिव प्रताप सिंह द्वितीय को अलीगढ़ से मेरठ भेजा गया है। लोकायुक्त संगठन में तैनात प्रयांक जैन को शाहजहांपुर में तैनात किया गया है। योगेंद्र सिंह-1 को भ्रष्टाचार निवारण संगठन से लोकायुक्त संगठन भेजा गया है। अंकित कुमार द्वितीय को सीबीसीआईडी से मुरादाबाद, राजेश कुमार तिवारी को बलिया से मुरादाबाद, एसएन वैभव पांडेय को 48वीं वाहिनी पीएसी सोनभद्र से बलिया, आलोक कुमार अग्रहरि को सीबीसीआईडी से झांसी और राजेंद्र कुमार सिंह द्वितीय को 32वीं वाहिनी पीएसी, लखनऊ से नागरिक उड्डयन (एयरपोर्ट सिक्योरिटी) के पद पर भेजा गया है।



अनिरुद्ध सिंह

# अब साल में दो बार होंगे कक्षा 12 के बोर्ड एग्जाम!

**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी के सामाजिक विज्ञान के सिलेबस में हाल ही में कई बड़े बदलाव के बाद अब 10वीं और 12वीं के बोर्ड एग्जाम के पैटर्न में भी बदलाव हो सकते हैं। नई राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा तैयार करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त एक विशेषज्ञ पैनल 12वीं कक्षा के लिए साल में दो बार बोर्ड परीक्षा और सेमेस्टर प्रणाली की सिफारिश कर सकता है। छात्रों को साइंस और आट्र्स को मिलाकर एक मिश्रित कोर्स बनाने की सिफारिश करने की संभावना है, ताकि स्कूल बोर्डों में कक्षा 11 और 12 में कला, वाणिज्य और विज्ञान को अलग करने वाली दीवार को मिटाया जा सके। इसरो के पूर्व अध्यक्ष के कस्तूरीरंगन के तहत 12 सदस्यीय संचालन समिति द्वारा तैयार की जा रही सिफारिशों को अपनाने के बाद कक्षा 9 और 10 की संरचना में भी एक बड़ा बदलाव होगा, जिसमें छात्रों को 8 पेपर पास करने होंगे। वर्तमान में सीबीएसई सहित अधिकांश बोर्डों के छात्रों को कक्षा 10 में कम से कम पांच विषयों को पास करना होता है। सूत्रों के अनुसार नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में सुझाए अनुसार सिस्टम धीरे-धीरे ऑन डिमांड परीक्षाओं की सुविधा की ओर बढ़ेगा।

### बदलाव

### साइंस व आट्र्स को मिलाकर बनेगा एक कोर्स, एनसीएफ पैनल ने केंद्र को दिया सुझाव

# हनुमान जन्मोत्सव पर धूमधाम से निकाली गयी शोभा यात्रा



मऊआइमा में हनुमान जयंती पर भक्तों द्वारा निकाली गयी शोभा यात्रा में उमड़ी भीड़

**मऊआइमा।** मऊआइमा में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शोभा यात्रा निकाला गया जिसमें बडी संख्या में विहिप, बजरंगदल, आर एस एस के लोगों ने भाग लिए। सुरक्षा के लिए बडी संख्या में पुलिस प्रशासन मौजूद रहे।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मरखामऊ स्थित खंड कार्यवाहक आर एस एस दिनेश कुमार मौर्या ने हनुमान जनमोत्स्व के शुभ अवसर पर आयोजित शोभा यात्रा में मुख्य अतिथि मुकेश कुमार प्रांत संगठन मंत्री विहिप काशी प्रांत, जगत गुरू परमहंस आचार्य तपसी छावनी पीठाधीश्वर आयोध्या, जिला मंत्री सत्येंद्र मणी शुक्ल विहिप गंगापार, चाणक्य पीठाधीश्वर ब्रर्ह्मिर्षि सुदर्शन शरण महाराज पशुराम अखाड़ा प्रयागराज शोभा यात्रा के आयोजक खंड कार्यवाहक दिनेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में शोभा यात्रा मरखामऊ से शिवपुर ,छपाई बाग, थाना पडाव चौराहा होते ब्लाक तिराहे तक गया। फिर वहां से अपने गंतव्य को वापस लौट गया। शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। इस मौके पर राकेश मौर्या, अतुल जायसवाल, शिवपूजन अग्रहरि, अजय अग्रहरि, पंकज तिवारी, अशोक केसरवानी, राम कृष्ण, ग्राम प्रधान मोहम्मद पुर सराय अली अशोक कुमार विश्वकर्मा उर्फ गुड्डू, लवलेश, अमन मौर्य आदि हजारों लोग शामिल हूए।

## गाजे-बाजे संग धूम धाम से भक्तों ने निकाली शोभायात्रा, किया प्रसाद वितरण

**सोरांव।** हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर मलाक चौधरी गौरा मोड़ से भक्तों द्वारा गाजे-बाजे संग विशाल शोभयात्रा निकाली गयी जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल रहे। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन मौजूद रहा।

सोरांव थाना क्षेत्र के मलाक चौधरी गौरा मोड़ से हनुमान जन्मोत्सव पर समाजसेवी शिवम पाण्डये की अगुवाई में गाजे बाजे के साथ विशाल शोभा यात्रा निकाली गयी। जिसमें भारी संख्या में भक्तों की भीड़ रही। शोभा यात्रा का जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया और प्रसाद ग्रहण किया। सुरक्षा के मद्देनजर सोरांव थाने की पुलिस मौजूद रही। शोभा यात्रा में पूर्व ब्लाक प्रमुख आलोक पाण्डेय, उमाकांत तिवारी, वार्ड नं0 14 से पार्षद प्रत्याशी सोनू पासी, पार्षद प्रत्याशी श्याम लाल भारतीय, अतुल पाण्डेय, सुशील महाराज, नीरज तिवारी, लल्ला पटेल, राहुल पासी, नीरज पटेल, अग्निवेश पटेल, मंगला प्रसाद, पवन पाण्डेय, आदेश पाण्डेय, सुरेन्द्र पटेल, शुभम पाण्डेय, अंश पाण्डेय, रितिक पाण्डेय सहित सैकड़ों की संख्या में भक्तगण शामिल रहे।



शोभा यात्रा की अगुवाई करते सुशील महराज



शोभा यात्रा में शामिल भक्तगण

### संक्षेप

### महिला को मारपीट कर दुराचार करने की कोशिश मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर महिला को अकेला देख कर विरोधी हमला कर दिए ।मारे पीटे जब महिला घर में घुस गई तो वहां भी उसे पीटा गया। आरोप है कि एक युवक आबरू लूटने की कोशिश की। महिला ने पांच नाम जद अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासनीय एक महिला का आरोप है कि परिजन घर पर नहीं थे। उसके विपक्षी एक राय होकर जान से मारने की धमकी देते हुए मारे पीटे गालियां दी । महिला का आरोप है कि एक युवक उसके घर में घुस कर उसके साथ छेडखानी एंव नाजुक अंगों को पकड कर कपडे फाड कर जमीन में पटख कर उपर चढ कर दुराचार की कोशिश की गई। महिला के शोर मचाने और ग्रामीणों को आता देख महिला ने112 नम्बर को फोन करने पर धमकी देते हुए युवक भाग निकला। महिला ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर आबरु लूटने की कोशिश करने वाले अजमत उर्फ मासूक पुत्र वासिक, के अलावा अख्तर, फैसल, कैसर अली, मोहम्मद इसरार तथा अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

### संक्षेप

### कार्यकर्ताओं के परिश्रम त्याग और समर्पण से ही पार्टी शिखर पर है : ऋतु राज



**नवाबगंज।** भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर मंडल कौड़िहार द्वारा आयोजित शक्ति केंद्र करीमुद्दीनपुर में वरिष्ठ नेता सुभाष चंद्र उपाध्याय के आवास पर आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा मंडल महामंत्री ऋतु राज पांडेय ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनसंघ काल से लेकर भारतीय जनता पार्टी का स्थापना तक जो यात्रा रही वो संघर्षपूर्ण आपातकाल जैसे कई कालखंडों से गुजरते हुए कार्यकताओं ने बलिदान दिया है ।आज पार्टी जिस शिखर पर इसमें वरिष्ठ नेताओं व कार्यकताओं के परिश्रम,त्याग,समर्पण से यह कीर्तिमान स्थापित किया है ।इस अवसर पर शक्ति केंद्र प्रभारी सुभाष उपाध्याय,मंडल महामंत्री ऋतु राज पांडेय,मंडल महामंत्री अशोक शंकर मिश्रा,शक्ति केंद्र संयोजक संजीव शुक्ला,शक्ति केंद्र संयोजक डा यशवंत सिंह,भाजयुमो मंत्री अनुभव उपाध्याय,बूथ अध्यक्ष प्रदीप कुमार,बूथ अध्यक्ष आकाश ओझा,पवनसुत शुक्ला,आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रयाग विधि महाविद्यालय में C.R और S.R का चयन व शपथ ग्रहण संपन्न




**नैनी।** प्रयाग विधि महाविद्यालय ने C.R (कक्षा प्रतिनिधि) और S.R (सेमेस्टर प्रतिनिधि) का चयन किया। शपथ की अध्यक्षता प्रबंध निदेशक इंजी० आशीष त्रिपाठी जी ने किया, उन्होंने सभी चयनित छात्रों को आशीर्वाद दिया और संक्षेप में र.फ& उ.फके कर्तव्यों के बारे में बताया। पूरे कार्यक्रम का मार्गदर्शन लॉ फैकल्टी के साथ विधि प्राचार्य डॉ. मोहम्मद जफर की देखरेख में किया गया।

### भाजपाइयों ने धूमधाम से मनाया पार्टी का स्थापना दिवस



**करछना।** भारतीय जनता पार्टी के 43वां स्थापना दिवस पर हर्षोल्लास के साथ गुरुवार को पार्टी कार्यकताओं द्वारा मनाया गया ।इस मौके पर क्षेत्र में जगह-जगह बूथ अध्यक्षों ने भी पूरे जोशो खरोश के साथ स्थापना दिवस मनाया। रामपुर गांव में जुटे युवाओं के बीच भाजपा नेता डॉ.भगवत पांडेय ने कहा कि आज के चार दशक पहले जनता पार्टी के पराभव के बाद जब पूरा देश विपक्षहीन और दिशाहीन हो चला था ।ऐसे में पंडित दीन दयाल के सपनों को साकार करने का संकल्प लेकर जननायक और भारत रत्न अटल जी ने भाजपा की स्थापना की थी ।आज अंधेरा छटा है, सूरज निकला है और उनके सपनों को साकार करता भारत विशव गुरू की राह पर चल निकला है ।जिसे लेकर हर भारतवासी गौरवान्वित है। अध्यक्षता बूथ अध्यक्ष सतीश मिश्र ने की ।इसके पूर्व कार्यकताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी और अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए एक भारत श्रेष्ठ भारत का संकल्प लिया। मौके पर अशोक विश्वकर्मा शिव शुक्ला,शिवम तिवारी,मानिकचंद ओझा, विजय पाल,कमलेश पांडेय,राकेश पांडेय, अतुल तिवारी,मुरारी,सुनील प्रजापति दयाशंकर बिंद समेत कई लोग मौजूद रहे

### शिव मंगल ग्रामोदय कालेज मड़वा का वार्षिक परीक्षा फल घोषित



**करछना।** क्षेत्र के शिवमंगल ग्रामोदय इंटर कॉलेज मडवा में बुधवार को सत्र 2022-23 का वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक देवी प्रसाद यादव व प्रधानाचार्य अतुल कुमार त्रिपाठी ने कक्षा 1 से लेकर 11 तक के प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को अंक पत्र एवं पारितोषिक प्रदान कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया । कॉलेज के प्रधानाचार्य अतुल कुमार त्रिपाठी ने नए शैक्षणिक सत्र में बच्चों से शीघ्र प्रवेश लेने हेतु अपील भी की। इस मौके पर रामानंद, धनंजय कुमार, राहुल सिंह राणा ,मुकेश कुमार, आलोक कुमार, राघवेंद्र यादव ,मोहनलाल, विजय द्विवेदी उपासना मिश्रा, राधा यादव आदि शिक्षक व शिक्षिकाएं लोग मौजूद रही।

### विद्यालय में आयोजित हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह



**करछना।** क्षेत्र के माधवेंद्र इंटरकालेज बरांव में वार्षिक परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले होनहार छात्र व छात्राओं के उत्साहवर्धन हेतु प्रतिभा सम्मान समारोह बृहस्पतिवार को आयोजित हुआ। जिसमें मेधावियों को पुरस्कृत कर उन्हें प्रमाण पत्र भी दिया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त वरिष्ठ शिक्षक कमला कुमार मिश्र व विद्यालय के शिक्षक बुलबुल यादव की मौजूदगी में मेधावियो में प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया। कालेज के प्रधानाचार्य देवप्रकाश यादव की ओर से होनहार बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई । साथ ही साथ उन्हें आशीर्वचन भी प्रदान किया गया । इस मौके पर दिलीप कुमार शर्मा, भुवनेश्वर प्रसाद पाण्डेय, शशिकांत पाण्डेय, प्रभात कुमार, दिनेश विश्वकर्मा, कृष्ण कुमार दूबे, शिप्रा सिंह,प्रतिभा, अजीत कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## न्यू पावर हाउस का विधायक ने किया भूमि पूजन

**सहसों।** नगरीय क्षेत्र से लेकर गांव में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को मलावा में मलावा न्यू पावर हाउस का भूमि पूजन क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल एवं मुख्य अभियंता विनोद कुमार ने विधि विधान से वैदिक मंत्र उच्चारण से किया। नौ करोड़ की लागत से बनने वाले मलावा न्यू पावर हाउस से क्षेत्र के 30 गांव को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किया जाना है। गुरुवार को मलावा में मलावा न्यू पावर हाउस का भूमि पूजन क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल एवं मुख्य अभियंता विद्युत विनोद कुमार ने किया। इस मौके पर विधायक ने कहा भाजपा सरकार में उपभोक्ताओं को अच्छी से अच्छी सुविधा व निर्बाध विद्युत आपूर्ति के साथ सभी योजनाएं हर घर तक पहुंचे इसके लिए सरकार कृत संकल्प है। इसी कड़ी में यह एक बड़ी परियोजना का कार्य शुरू हुआ है। जिससे उपभोक्ताओं को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर एक्सईएन माध्यमिक राजेश कुमार मौर्य, उपखंड अधिकारी पवन कुमार सिंह, उपखंड अधिकारी जानपद मनीष कुमार दुबे, उपखंड अधिकारी माध्यमिक कार्य खंड कमर फारूक, राम कुमार उमर तथा जेई इंद्रेश यादव ने बताया कि नौ करोड़ की लागत से बन रहे पांच एमवीए वितरण क्षमता वाला मलावा न्यू पावर हाउस से क्षेत्र के मलावा खुर्द, मलावा बुजुर्ग, इसीपुर, परैयापुर, हसनपुर, कसेरुआ कला, कसेरुआ खुर्द, रहिमापुर, शेरडीह, बरियारी, रामापुर, अमरसापुर, सुल्तानपुर, गोतावा, मनिकापुर तथा सहसों बाजार सहित 30 गांव में निर्बाध विद्युत आपूर्ति 24 घंटे की जाएगी। कार्यदायी संस्था नेशनल कांट्रेक्टर के प्रतिनिधि अंशु मिश्रा ने बताया कि मलावा न्यू पावर हाउस का निर्माण छह माह तक पूर्ण कर बिजली घर को ऊजीर्कृत किया जाना प्रस्तावित है। इस मौके पर टीएन सिंह, बबलू सिंह, शिवनारायण सिंह गप्पू, केके चौरसिया, टिल्लू सिंह, राजेश कुमार, भोलानाथ आदि उपस्थित रहे।

## मंदिरों में मनाया गया श्री हनुमान जन्मोत्सव

**नैनी।** अटल बिहारी वाजपेयी नगर (नैनी) श्री हनुमान जन्मोत्सव गुरुवार को विभिन्न मंदिरों में धूमधाम से मनाया गया। कही अखंड रामायण पाठ तो कही सुंदरकांड का आयोजन किया गया। भंडारे का आयोजन कर प्रसाद का वितरण किया गया। दूरवाणी नगर मोहल्ले में श्रीसंकट मोचन मानस समिति की ओर से श्री अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया था। गुरुवार को इसकी पूणार्हुति के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें देर रात तक लोग प्रसाद ग्रहण करते रहे। इस मौके पर राज कुमार तिवारी, गोविंद सिंह चौहान, नारायण पतिहारी, मधुर प्रसाद, सुरेश चंद्र अग्रहरी, शिवराज सिंह, आरके गुप्ता, राजेश सिंह आदि शामिल रहे। नैनी स्टेशन की समीप स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद लिया।

## ट्रेन से कटे युवक की शिनाख्त निर्देश कुमार शर्मा के रूप में हुई

**मऊआइमा।** बुधवार को देर शाम पैसेंजर ट्रेन से कटे युवक की शिनाख्त एक विज्ञिप्त के रूप में हुई। पोस्टमार्टम के बाद शव का परिजनों ने अन्तिम संस्कार कर दिए। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम लोकापुर विशानी के निकट एक युवक का शव क्षत विक्षत हालत में बुधवार को शाम के समय प्रयागराज लखनऊ पैसेंजर ट्रेन से कट कर हुई थी। जिसके कई टुकड़े हो गए थे। गुरूवार को परिजनों ने पीएम हाउस पहुंच कर उसकी शिनाख्त कर ली। जिसका नाम निर्देश कुमार शर्मा 25 वर्ष पुत्र रामजीत शर्मा निवासी रघुनाथपुर हरदुआ थाना सोरांव के रूप में हुई । परिजनों और पुलिस के अनुसार उसका मानसिक स्थिति काफी दिनों से खराब चल रहा था ।निर्देश कुमार हर समय बडबडाता रहता था। मऊआइमा पुलिस के मुताबिक वह रेलवे ट्रेक पर काफी देर बैठा था। जिससे वह ट्रेन की जद में आ गया और उसके शरीर का कई भाग हो गया था। गुरुवार को परिजनों ने पोस्टमार्टम के शव का अन्तिम संस्कार कर दिए।

## चीनी मिल के पास नाले में गंदगी का अंबार, जिम्मेदार मौन

**गंदगी**

**मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत के बावजूद भी कार्यवाही शून्य**

**नैनी।** प्रयागपुरम चीनी मिल के समीप खुला अधूरा नाले में आज कई महीनों से गंदगी भरी हुई है....लेकिन नगर निगम के अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसके वजह से नाले के बगल में बने हुए घरों में पाइप के सहारे जहरीले जंतुओं के जाने का भी डर बना रहता है। वहीं कचरा एकत्रित होने से उठती हुई बदबू से लोगों जीना दुश्वार है। गंदगी के कारण मच्छरों का भी प्रकोप बढ़ा हुआ हैं..जिससे लोगों में कई तरह की बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है ।वहीं पीड़ित व्यक्ति ने डीएम, सीएम हेल्प लाइन नंबर के साथ - साथ नगर निगम के अधिकारियों से भी शिकायत की है,लेकिन नाले की सफाई पर ध्यान नहीं दिया गया है। अगर समय रहते नगर निगम के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं देंगे तो नाले से उठने वाली दुर्गंध से लोग बीमारी की चपेट में आ जाएंगे। लोगों ने बताया कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत के बावजूद भी नगर निगम के कर्मचारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं...। नाले के दुर्गंध से वहां रह रहे लोगो का जीना मुहाल है। नाले की सफाई न होने के कारण गंदगी का अंबार लगा हुआ है। लोग दूषित वातावरण में रहने को मजबूर हैं। लेकिन नगर निगम के कर्मचारी ₹स्वच्छ भारत मिशन₹ की धज्जियां उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे....।



### जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट कई घायल मुकदमा दर्ज

**सोरांव।** इलाके के रघुनाथपुर हरदुआ में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट में लाठी-डंडे कुल्हाड़ी से दोनों पक्ष लगभग दर्जन भर लोग घायल हो गए । सोरांव के रघुनाथपुर हरदुआ में गुरुवार की सुबह जमीनी विवाद को लेकर मिथिलेश कुमार तथा वीरेंद्र के बीच कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान दोनों पक्षों से रंभा, सरिया, कुल्हाड़ी व लाठी जमकर चलने से मिथिलेश कुमार, रंग बहादुर, मातादीन का सर फट गया तथा सुखलाल, राजेश कुमार, राजकुमारी, सुशीला देवी व सीता देवी समेत अन्य दो -तीन अन्य लोगों को गंभीर चोटे आई। वही दूसरे पक्ष के वीरेंद्र कुमार ने आरोप है कि हमारे परिजन आबादी की भूमि पर लगे महुआ पेड़ पर महुआ बिन रहे थे । तभी राजकुमार, मिथलेश, अजय, राजेश, राजेंद्र व धर्मेंद्र ने लाठी-डंडे कुल्हाड़ी फरसा सरिया से हमला कर दिया। जिससे बनवारी लाल, गुरु चरण, जगरूप आदि को गंभीर चोट आयी। मामले को लेकर वीरेंद्र की तहरीर पर उदय मिथलेश समेत आधा दर्जन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### सात छात्रों का के.एच.वाई. इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड में कैंपस प्लेसमेंट हुआ

**करछना।** बैदौ स्थित प्रयाग इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट मे बीटेक इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट मे सात छात्रों का चयन से छात्रों मे हर्ष का माहौल है। गत दिनो चल रहे कैंपस सेलेक्शन मे के.एच.वाई. इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड मे बीटेक इलेक्ट्रिकल के अभिषेक कुमार प्रजापति, रवि शंकर पटेल, मुकेश कुमार, प्रियांशु कुमार, अनूप मिश्रा, सुनील कुमार कन्नोजिया, एंव अदिति दिवेदी का चयन हुआ है । दो चरणों मे सम्पन्न इस कैंपस प्लेसमेंट मे प्रथम चरण कॉलेज मे जबकि दूसरा चरण ऑनलाइन मोड मे सम्पन्न हुआ। इस मौके पर कॉलेज के चेयरमैन श्री ज्ञान सिंह पटेल एवं सचिव श्री विकास सिंह ने छात्रों को ऑफर लेटर प्रदान कर उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर संस्था के निदेशक डॉ एस सी तिवारी , कुलसचिव श्री आशीष तिवारी और ट्रेनिंग प्लेसमेंट हेड सुप्रिया श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे ।

## जीताऊ और टिकाऊ प्रत्याशियों का चयन करेगी सपा : पप्पू लाल निषाद

**नैनी।** समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष पप्पूलाल निषाद ने आज यहां कहा कि समाजवाद के प्रबुद्ध प्रणेता स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की जनकल्याणकारी नीतियों को अखिलेश यादव के नेतृत्व में पूरी मजबूती से जन-जन तक पहुंचाना है समाजवादी पार्टी की नीति है ।स्थानीय निकाय चुनाव में पार्टी जीताऊ और टिकाऊ प्रत्याशियों का चयन करेगी।

उन्होंने कहा कि समाज का हर वर्ग शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार तथा आर्थिक विकास के लिए समाजवादी पार्टी की ओर टकटकी लगाए देख रहा है, इसलिए समाज के हर तबके का सहयोग समाजवादी पार्टी को चाहिए। समाजवादी पार्टी प्रयागराज के नवनियुक्त यमुनापार जिला अध्यक्ष पप्पू लाल निषाद नैनी में प्रथम आगमन पर स्वागत समारोह में बोल रहे थे। जमुनापार नैनी में विभिन्न स्थानों पर स्वागत समारोह की कड़ी में सब्जी मंडी के समीप अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व जिला अध्यक्ष मजदूर सभा समाजवादी पार्टी प्रयागराज दिवाकर सिंह यादव के आवास के सामने स्वागत सभा आयोजित की गई। दिवाकर सिंह यादव ने कहां की आगामी निकाय चुनाव तथा 2024 के लोकसभा चुनाव में पप्पू लाल निषाद की नियुक्ति गुणात्मक भूमिका अदा करेगी।

इस अवसर पर मेयर पद के संभावित प्रत्याशी नंदलाल नंदा ने लोगों से तन मन से समाजवादी पार्टी की नीतियों को मजबूती से प्रसारित करने की बात कही।

स्वागत सभा में शिव प्रसाद यादव विनय बाबा, इश्तियाक हैदर, अरैल से सभासद प्रत्याशी प्रिय राज यादव ,छोटे लाल शर्मा, जगदीश यादव, ई० लालमणि यादव, लालचंद यादव, शिवा सिंह यादव, (शिवम), पप्पू पटेल, मुन्ना मास्टर ऋषिकांत यादव, अजय बिंद,बच्चा लाल यादव, ई ०जगदीश यादव, सत्यभामा मिश्रा, अशोक गुप्ता, समीर पांडे, संजीव यादव, गुड्डू पासी, मुजीब नसीब ननकाई यादव, विजय कुशवाहा देवचंद्र यादव जी आदि ने स्वागत भाषण दिया। इस दौरान लोक गायिका रोशनी मौर्या ने लोकप्रिय सामाजिक गीतों से समा बांधा जिसका लोगों ने खूब आनंद उठाया स्वागत सभा का संचालन राजेश कुमार यादव ने किया।

उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या: 23/23 दिनांक: 05.04.2023

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज (आई.एस.ओ.9001- 2015 प्रमाणित इकाई) निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 20222167बी | ग्रोवर फॉर एक्सल बॉक्स | 45 नग | 28.04.2023 |
| 2 | 30231870 | एयर होज कपलिंग असेंबली | 11243 नग | 26.04.2023 |
| 3 | 30232759 | [illegible] | 4816 नग | 26.04.2023 |
| 4 | 30231508 | टॉप साईड बियरर लाइनर | 5852 नग | 02.05.2023 |
| 5 | 30231310 | ब्रेक बियर प्लेट | 23100 नग | 02.05.2023 |
| 6 | 30232762 | स्नबर स्प्रिंग | 1579 नग | 10.05.2023 |

नोट: उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 502/23 (P)

North central railways @CPRONCR @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in

रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन, रिशेड्यूलिंग एवं रेग्यूलेशन

रेल प्रशासन द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रयागराज मण्डल के रूमा-चन्दारी स्टेशनों के मध्य नई तीसरी लाइन पर नॉन इण्टरलॉकिंग कार्य के कारण रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन, रिशेड्यूलिंग और रेग्यूलेशन किये जाने का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नवत् है:-

रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

1. गाड़ी सं. 04181/04182 सूबेदारगंज-कानपुर सेंट्रल मेमू यात्रा प्रारम्भ करने की तिथि 13.04.2023 को निरस्त रहेगी।
2. गाड़ी सं. 04129/04130 फतेहपुर-कानपुर सेंट्रल मेमू यात्रा प्रारम्भ करने की तिथि 13.04.2023 को निरस्त रहेगी।
2. गाड़ी सं. 04295/04296 कानपुर सेंट्रल-लखनऊ मेमू यात्रा प्रारम्भ करने की तिथि 13.04.2023 को निरस्त रहेगी।

रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

1. गाड़ी सं. 12307 हावड़ा-जोधपुर यात्रा प्रारम्भ करने की तिथि 12.04.2023 को अपने निर्धारित मार्ग प्रयागराज छिवकी-प्रयागराज-टूण्डला-आगरा फोर्ट-अछनेरा जं.- के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाया प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-आगरा कैंट-अछनेरा जं. मार्ग से चलेगी।
2. गाड़ी सं. 12987 सियालदा-अजमेर जं. यात्रा प्रारम्भ करने की तिथि 12.04.2023 को अपने निर्धारित मार्ग प्रयागराज छिवकी-प्रयागराज-टूण्डला-आगरा फोर्ट-अछनेरा जं.- के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाया प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-आगरा कैंट-अछनेरा जं. मार्ग से चलेगी।
3. गाड़ी सं. 22308 बीकानेर जं.-हावड़ा यात्रा प्रारम्भ करने की तिथि 12.04.2023 को अपने निर्धारित मार्ग प्रयागराज अछनेरा जं-आगरा फोर्ट-टूण्डला-प्रयागराज-प्रयागराज छिवकी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाया अछनेरा जं.-आगरा कैंट-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी मार्ग से चलेगी।

रेलगाड़ियों की रिशेड्यूलिंग

1. गाड़ी सं. 15483 अलीपुर द्वार जं.-दिल्ली यात्रा प्रारम्भ करने की तिथि 12.04.2023 को अलीपुर द्वार जं. से 150" विलम्ब से चलेगी।
2. गाड़ी सं. 18101 टाटानगर जं.-जम्मू तवी यात्रा प्रारम्भ करने की तिथि 12.04.2023 को टाटानगर जं. से 150" विलम्ब से चलेगी।
3. गाड़ी सं. 12311 हावड़ा-कालका यात्रा प्रारम्भ करने की तिथि 12.04.2023 को हावड़ा से 120" विलम्ब से चलेगी।
4. गाड़ी सं. 12819 पुरी-आनन्द विहार टर्मि. यात्रा प्रारम्भ करने की तिथि 12.04.2023 को भुवनेश्वर से 60" विलम्ब से चलेगी।
5. गाड़ी सं. 12816 आनन्द विहार टर्मि.-पुरी यात्रा प्रारम्भ करने की तिथि 13.04.2023 को आनन्द विहार टर्मि. से 90" विलम्ब से चलेगी।
6. गाड़ी सं. 12506 आनन्द विहार टर्मि.-कामाख्या जं. यात्रा प्रारम्भ करने की तिथि 13.04.2023 को आनन्द विहार टर्मि. से 90" विलम्ब से चलेगी।
7. गाड़ी सं. 12488 आनन्द विहार टर्मि.-जोगबनी यात्रा प्रारम्भ करने की तिथि 13.04.2023 को आनन्द विहार टर्मि. से 60" विलम्ब से चलेगी।
8. गाड़ी सं. 15484 दिल्ली जं.-अलीपुर द्वार जं. यात्रा प्रारम्भ करने की तिथि 13.04.2023 को दिल्ली जं. से 60" विलम्ब से चलेगी।
9. गाड़ी सं. 09447 अहमदाबाद जं.-पटना जं. यात्रा प्रारम्भ करने की तिथि 12.04.2023 को अहमदाबाद जं. से 120" विलम्ब से चलेगी।

रेलगाड़ियों का रेग्यूलेशन

1. गाड़ी संख्या 12487 जोगबनी-आनन्द विहार टर्मि. 120 मिनट के लिये दिनांक 13.04.2023 को पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.-सिरसौल के मध्य नियंत्रित कर चलायी जायेगी।
2. गाड़ी संख्या 12505 कामख्या जं.-आनन्द विहार टर्मि. 90 मिनट के लिये दिनांक 13.04.2023 को पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.-सिरसौल के मध्य नियंत्रित कर चलायी जायेगी।
3. गाड़ी संख्या 12324 बाड़मेर-हावड़ा 90 मिनट के लिये दिनांक13.04.2023 को टूण्डला जं.-चकेरी के मध्य नियंत्रित कर चलायी जायेगी।
4. गाड़ी संख्या 12312 कालका-हावड़ा 90 मिनट के लिये दिनांक 13.04.2023 को टूण्डला जं.-चकेरी के मध्य नियंत्रित कर चलायी जायेगी।
5. गाड़ी संख्या 18102 जम्मू तवी-टाटानगर जं. 75 मिनट के लिये दिनांक 13.04.2023 को टूण्डला जं.-चन्दारी के मध्य नियंत्रित कर चलायी जायेगी।
6. गाड़ी संख्या 12819 पुरी-आनन्द विहार टर्मि. 60 मिनट के लिये दिनांक 13.04.2023 को प्रयागराज जं.-सिरसौल के मध्य नियंत्रित कर चलायी जायेगी।


नोट- ट्रेनों की समय सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या रेल Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@northcentralrailway North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



# प्रयागराज मारव



# स्कॉलरशिप फॉर्म फॉरवर्ड न किए जाने पर छात्रों ने डीएसडब्ल्यू का किया घेराव

**प्रयागराज।** छात्र संघ बहाली को लेकर अनशन कर रहे छात्रों ने गुरुवार को डीएसडब्ल्यू ऑफिस जाकर जमकर नारेबाजी की इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रशासन और सरकार के खिलाफ तकरीबन 3 घंटे जमकर नारेबाजी की और छात्रों का आक्रोश भी देखने को मिला उसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रशासनिक अधिकारियों ने आंदोलन स्थल पर आकर आश्वासन दिया 14 अप्रैल से स्कॉलरशिप की ऑफिशियल वेबसाइट खोली जा रही है जिन भी छात्र-छात्राओं के स्कॉलरशिप फॉर्म विश्वविद्यालय से हार्वर्ड नहीं किए गए हैं उन सभी छात्र छात्राओं की स्कॉलरशिप फॉर्म फॉरवर्ड किए जाएंगे

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र नेता अजय सम्राट ने अल्टीमेटम दिया यदि 14 अप्रैल के बाद स्कॉलरशिप फॉर्म फॉरवर्ड नहीं किया जाता तो विश्वविद्यालय में उग्र आंदोलन होगा इसकी जवाब दें इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रशासन और वर्तमान सरकार की होगी छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हरगिज बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



डीएसडब्ल्यू का घेराव करते छात्र

इस मौके पर छात्र नेता हरेंद्र यादव, त्र्यंबक नाथ, आदित्य पटेल, विकास यादव, राहुल पटेल, रिंकू सिंह, मनजीत पटेल, अभिषेक यादव, जितेंद्र धनराज, गोलू पासवान, प्रियांशु विद्रोही, अनुराग यादव, ज्ञान गौरव, मोहम्मद सलमान, हिमांशु पटेल, केडी मौरिया, राहुल सरोज, सौरभ सिंह, सन्नी चौधरी, निखिल यादव,विपिन,प्रदीप जेवीएस, रोशन लाल,प्रियांशु बुंदेला, मानसिंह पटेल, कृष्णा आदि लोग उपस्थित रहे।

# क्रियायोग अभ्यास से सभी बीमारियों को करें दूर : स्वामी श्री योगी सत्यम्

**प्रयागराज।** यह पूरी तरह सिद्ध हो चुका है कि वर्तमान समय में पृथ्वी पर सभी प्रकार की समस्यायें जो मानव, अन्य जीव-जंतु, वनस्पति जगत और अन्य रचनायें जैसे-पहाड़, नदी, समुद्र से संबंधित हैं का पूरी तरह से समाधान क्रियायोग से संभव है। विभिन्न प्रकार की समस्याओं से अभिप्राय है शारीरिक बीमारी, मानसिक अशांति व अज्ञानता। अज्ञानता की वजह से ही मनुष्य का आंतरिक धन व बाह्य धन क्षीण हो जाता है। आंतरिक धन वाइटलिटी, इम्यूनिटी व जीवन के रूप में है तथा बाह्य धन सभी प्रकार के संसाधनों के रूप में है। आज आवश्यकता है कि केवल भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के सभी घरों में क्रियायोग के ज्ञान का सम्यक प्रसार हो।उपरोक्त विचार स्वामी श्री योगी सत्यम जी ने क्रियायोग अभ्यास कराते समय व्यक्त किया। क्रियायोग आश्रम में यू.एस.ए, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, पोलैंड, सिंगापुर, ब्राजील आदि देशों से आए साधकों के साथ - साथ भारत महाद्वीप के जम्मू - कश्मीर से कन्याकुमारी तक सभी प्रदेशों से लोग आकर क्रियायोग ध्यान सीख रहें हैं ।



साधकों को क्रियायोग अभयास के बारे में जानकारी देते स्वामी श्री योगी सत्यम्

### हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**जंघई।** चैत्र मास की पूर्णिमा के अवसर पर भगवान श्री राम के अनन्य भक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव गुरुवार को हनुमान मंदिर महुआपुर में धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भक्तों का उत्साह दिखाई दिया दोपहर 12 बजे हनुमान जी की जन्म आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से हनुमान जी की आरती की और फिर प्रसाद का भोग लगाकर वितरण किया। श्रद्धालुओं ने राम भक्त हनुमान की पूजा अर्चना कर उनसे आशीर्वाद ग्रहण किया।इस अवसर राजकुमार दुबे, वीरेंद्र दुबे, आयुष तिवारी, विशाल दुबे, अनुज दुबे बिग्गु, विवेक दुबे, अभिषेक दुबे, विशाल तिवारी,अविनाश मिश्रा, शुभम दुबे, सुधांशु दुबे सचिन शर्मा सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम भारतीय जीवन बीमा निगम शाख भरवारी की पॉलिसी सं.314863309, 314863311 में गलतीवश मीना बेगम पत्नी शहबाज हसन दर्ज हो गया है, जबकि अन्य दस्तावेजों में कनीज फिज्जा पत्नी शहबेज हसन निवासिनी-नकास, पो0 कड़ा, त0 सिराथू जनपद कौशाम्बी दर्ज है, जो सही व सच है अतः मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

# धर्मान्तरण के सभी प्रकरण में शुआट्स अधिकारियों की गिरफ्तारी पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

**नैनी।** फतेहपुर कोतवाली में धर्मान्तरण के सम्बन्ध में दर्ज सभी मुकदमों में शुआट्स अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को राहत प्रदान करते हुए गिरफ्तारी पर रोक लगा दी। प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी एस.बी. सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि फतेहपुर धर्मान्तरण प्रकरण से शुआट्स अधिकारियों का कोई सम्बन्ध नहीं है। शुआट्स के एक बर्खास्त कर्मचारी एवं कतिपय असामाजिक तत्वों द्वारा शुआट्स अधिकारियों को फंसाने का षड्यन्त्र किया गया था। इस सम्बन्ध में शुआट्स अधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका संख्या 141/2023 दाखिल की थी। बृहस्पतिवार को मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी.वाई. चन्द्रचूण की बेन्च ने फतेहपुर में दर्ज धर्मान्तरण के सभी मुकदमों में शुआट्स अधिकारी कुलाधिपति डा. जे.ए. ओलीवर, प्रति कुलपति प्रो0 सुनील बिहारी लाल, प्रति कुलपति प्रो0 जोनाथन ए0 लाल, प्रो0 ए के ए लॉरेंस, डा अमित कुमार मसीह, डा. सुधा लाल, प्रो. डेरिक एम0 डेनिस, रेव्ह. डेविड फिलिप्स, प्रो0 रंजन ए. जौन, डा. रमाकान्त दूबे, डा. स्टीफन दास, प्रो0 रानू प्रसाद, इंजी0 सी0जे0 वेस्ली की गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए उ0प्र0 सरकार को नोटिस जारी किया। विदित हो कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा पूर्व में कुलपति प्रो0 राजेन्द्र बिहारी लाल एवं निदेशक प्रशासन विनोद बी. लाल के खिलाफ कार्रवाई पर पहले ही रोक लगाई जा चुकी है।

प्रवक्ता एस.बी. सिंह ने कहा कि शुआट्स को भारतीय संविधान एवं न्याय प्रणाली पर पूरा भरोसा है। शुआट्स अधिकारी निर्दोष हैं उन्हें फंसाने का षड्यन्त्र किया जा रहा है, हमें न्याय अवश्य प्राप्त होगा।

# बीटीसी की परीक्षा में फेल होने से फंदे पर लटकी युवती, मौत

**नैनी।** बीटीसी की परीक्षा में फेल होने से परेशान बीएसएफ जवान की बेटी गुरुवार की भोर में फंदे पर लटक गई, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर घर में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

नैनी थाना क्षेत्र के पूरा फतेह मोहम्मद मोहल्ला निवासी अरविंद यादव बीएसएफ में नौकरी करते हैं। उनकी बड़ी बेटी सोनम यादव 18 वर्षीय बीटीसी की परीक्षा में फेल हो गई थी, जिससे वह परेशान रहती थी। गुरुवार की भोर में जब परिवार के अन्य सदस्या सो रहे थे। वह छत के चुल्ले से दुपट्टा के सहारे लटक गई, जिससे उसकी मौत हो गई।

# 'आधी रोटी खाएंगे स्कूल जरूर जाएंगे' की घर-घर जगाई अलग

**प्रयागराज।** संविलियन विद्यालय फाफामऊ बाजार में गुरुवार को नामांकन व स्वच्छता को लेकर इ.प्र.अ. के नेतृत्व में व एआरपी अनुरागिनी सिंह के मार्गदर्शन में रैली के माध्यम से बच्चों ने घर-घर आधी रोटी खाएंगे स्कूल जरूर जाएंगे की अलख जगाई । एक तरफ जहां बच्चे ढोलक बजा कर यह गाते हुए चल रहे थे वहीं दूसरी तरफ शिक्षिकाओं का समूह बच्चों का उत्साहवर्धन करता रहा था। बच्चों के नारों से पूरा गली गुंजायमान हो उठा। सभी की निगाहें बच्चों पर तथा शिक्षिकाओं केसमूह पर लगा रहा। झुंड पर लगा रहा। बच्चे 'घर-घर दीप जलाएंगे साक्षर सभी को बनाएंगे' 'मम्मी पापा चाहिए हमको प्यार, शिक्षा का है हमें अधिकार' इस तरीके के नारों से बच्चों ने लोगों को विद्यालय में नामांकन के लिए प्रेरित किया । इस कार्य की हर सभी ने भूरी भूरी प्रशंसा की रैली में ड्रम, ढोलक, पी ए सिस्टम, गुब्बारे, तख्ती आदि का प्रयोग करके विभिन्न नारों के माध्यम रैली को आकर्षक बनाया गया। रैली के दौरान ही बहुत सारे नागरिकों ने नामांकन हेतु अपनी जिज्ञासा रखी जिसे विद्यालय स्टाफ व एआरपी अनुरागिनी सिंह ने जिज्ञासा के प्रश्नों का उचित जवाब दिया गया संचारी रोग को देखते हुए बच्चों के नारों ने सभी को जागरूक किया 'स्वच्छता को अपनाना है बीमारी दूर भगाना है' प्रधानाध्यापिका ने बताया कि इस समय हम प्रतिदिन अभिभावकों के घरों पर जाकर के संपर्क कर रहे हैं जिससे कि बच्चे विद्यालय प्रतिदिन आए और नियमित रहें अभिभावकों को इस विषय में भी जागरूक किया गया जिसमें सहायक अध्यापिका बसंध्या पुरी शिक्षामित्र शशि प्रभा मिश्रा सीमा जायसवाल स्पेशल एडूकेटर पूर्णिमा श्रीवास्तव आदि उपस्थित रही।



एआरपी अनुरागिनी सिंह के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकालते बच्चे

# हनुमान जन्मोत्सव पर महावीर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में सुंदरकांड पाठ आयोजित




पूजा पाठ करते संस्था के निदेशक व बच्चे

**प्रयागराज।** हनुमान जयंती के अवसर पर गुरुवार को महावीर पब्लिक स्कूल के बच्चे तथा अभिभावक भक्ति भाव में डूबे रहे। प्रांगण में पूरे धूमधाम से गाजे बाजे संग छात्रों ने अपने मधुर कण्ठों से स स्वर सुन्दर काण्ड का पाठ किया । तत्पश्चात हवन आरती आदि कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर संस्था के निदेशक इंजीनियर प्रणव त्रिपाठी ने बच्चे को हौसलों को बढ़ाते हुए उपस्थित छात्रों, शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं संग पूजन अर्चन किया। इस अवसर पर समस्त संकाय के प्रधानाचार्य शिक्षक शिक्षिकाऐं तथा प्रशासनिक अधिकारी अजय सिंह की सहभागिता महत्वपूर्ण रही। यह जानकारी पब्लिक स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी अवनीश गर्ग ने दी।

### शॉर्ट सर्किट से लाखों का सामान जलकर राख

**करछना।** थाना क्षेत्र के चंदौली गांव में शॉर्ट सर्किट के कारण किराना व कॉस्मेटिक की दुकान में आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के मुताबिक उक्त गांव निवासी भोलानाथ पटेल बेटे के साथ मिलकर घर से 500 मीटर की दूरी पर किराना एवं कॉस्मेटिक की दुकान खोल रखी है। बुधवार रात दस बजे के करीब रोजाना की तरह दुकान बंद कर दोनों घर के लिए चले गए थे। उसी दरमियान देर रात 11:30 बजे के करीब दुकान में आग लग गई। कमरे के अंदर से आग की लपटें निकलता देख आसपास में रह रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। बस्ती से दुकान दूर होने के कारण शोर शराबा सुनकर जब तक ग्रामीण इकट्ठा होते और पानी डालकर आग पर काबू पाते तब तक आग तीव्र धारण कर चुका था। सूचना होने पर घंटों बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक दुकान का सारा सामान जलकर खाक हो चुका था। पीड़ित भोला नाथ पटेल ने बताया कि गर्मी का दिन होने के कारण व्यवसाय बढ़ाने के लिए दों दिन पूर्व ही 24 हजार रुपए का फ्रिज एवं 12 हजार रुपए का ठंडा भी मंगाया था। जहां दोनों दुकान को मिलाकर लगभग पांच लाख रुपए तक का नुकसान हुआ है।

# आज कड़ा के फसड़या मैदान में दहाड़ेंगे देश के गृहमंत्री

**तैयारियां पूरी**

**गृहमंत्री व मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियां हुई पूरी**

**एडीजी जोन व आईजी ने कार्यक्रम स्थल पर हेलीपैड स्थल का किया निरीक्षण**



कार्यक्रम स्थल कड़ा का फसइया मैदान व निरीक्षण करते अधिकारी



हेलीपैड का निरीक्षण करते अफसर

**कौशाम्बी।** द्वाबा के कड़ा अंतर्गत स्थित फसइया मैदान में आज देश के गृहमंत्री अमित शाह दहाड़ेंगे। चूंकि पूर्व निर्धारित कौशाम्बी महोत्सव कार्यक्रम के तहत तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं। कहीं किसी प्रकार की चूक न हो इसके लिए एडीजी जोन व आईजी जोन ने कार्यक्रम स्थल व हेलीपैड स्थल का बारीकी से निरीक्षण भी किया है।

यहां बताना जरूरी होगा कि सांसद विनोद सोनकर द्वारा आयोजित कराए जा रहे कौशाम्बी महोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर 7 अप्रैल को गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व डिप्टी सीएम बृजेश पाठक द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित किया जाएगा। वहीं कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहते हुए तैयारियां पूरी कर ली है। बताना जरूरी कार्यक्रम में भारी भीड़ होने के चलते प्रशासन ने बैरीगेटिंग भी कराई है। वाहनों को एक किमी पहले ही रोक दिया जाएगा। बहरहाल कुछ भी हो दिग्गजों के आगमन को लेकर फसइया मैदान को पूरी तरह से सजा दिया गया है। कहीं किसी प्रकार की लापरवाही न हो इसके लिए एडीजी जोन व आईजी जोन ने पूरे कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण भी किया है। उधर डीएम सुजीत कुमार व एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पिछले दो दिनों से कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मेहनत किया जा रहा था। कौशाम्बी महोत्सव कार्यक्रम 7,8,9 अप्रैल तक आयोजित होगा। जिसमें कुमार विस्वास के अलावा अन्य कई कलाकार भी शिकरत करेंगे।

## संक्षेप

### दबंगों ने युवक को पीटकर किया लहूलुहान

**कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के रानीपुर गांव में दबंगों ने पड़ोसी युवक को पीटकर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराते हुए चार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। रानीपुर निवासी लवकुश का गांव के ही युवक से पुराना विवाद चल रहा है। इसी अदावत में दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद आरोपित ने परिजनों के साथ मिल युवक पर हमला कर दिया। घर के बाहर बैठे युवक को बेरहमी से पीटकर लहूलुहान कर दिया। दबंगों के चंगुल से छूटा युवक थाने पहुंचा और मामले की नामजद शिकायत पुलिस से की। पीड़ित का प्राथमिक उपचार कराने के बाद पुलिस ने आरोपित मुन्ना सिंह, मनोज, आदित्य समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### ससुराल में विवाहिता को पीटा

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के इछना गांव की विवाहिता का पति से विवाद चल रहा है। इसी अदावत में सोमवार को ससुराल पहुंच आरोपित ने विवाहिता को पीट दिया। मुकदमे में सुलह करने की धमकी दी। थाने में पीड़िता ने मामले की शिकायत की। इछना गांव की रूपा देवी पत्नी राम आसरे ने बताया कि दहेज की खातिर पति ने उसे घर से निकाल दिया था। मायके जाने के बाद विवाहिता ने हरजाना खर्चा का मुकदमा दायर कर दिया। मुकदमा दायर होने से नाराज पति सोमवार को ससुराल पहुंचा और विवाहिता को पीट दिया। परिजनों ने विवाहिता की जान बचाई। थाने में पीड़िता ने मामले की नामजद शिकायत की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### रास्ते में जलभराव से आवागमन में दिक्कत

**कौशाम्बी।** सरसवां ब्लॉक के धवाड़ा गांव के मुख्य रास्ते में जलभराव होने से लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि दबंगों ने नाली पर कब्जा कर पानी निकासी को अवरुद्ध कर दिया है। इसकी शिकायत भी लोगों ने उच्चाधिकारियों से की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं किया। इसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसे लेकर स्थानीय लोगों में रोष है।

## दुकान से एलईडी उठा ले गया चोर

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी निवासी अनिल कुमार ने स्थानीय कस्बे में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान खोल रखी है। बताया कि दो दिन से उसकी दुकान एक व्यक्ति टीवी लेने के लिए रोजाना आता था। बुधवार की दोपहर वह दुकान में अपने पिता को बैठाकर घर चला गया। इसी दौरान युवक दुकान पर पहुंचा और धीरे से एक एलईडी लेकर चला गया। सुबह दुकान में एक एलईडी कम देख दुकानदार अवाक रह गया। सीसीटीवी फुटेज देखा तो युवक दिखा। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले इसी युवक ने कस्बे से एक बाइक भी चोरी की थी। पीड़ित की तहरीर पर चैकी पुलिसने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## काम के नहीं सिर्फ नाम के हैं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर जुगराजपुर

**कौशाम्बी।** कौशाम्बी ब्लाक क्षेत्र के जुगराजपुर में बने हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की व्यवस्था स्वास्थ अनदेखी से दम तोड़ रही है। सीएचओ सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी की कमी की वजह से जुगराजपुर सेंटरो पर ताला लटक रहा है।

सेंटर पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी की नहीं तैनाती है, कर्मचारी की जब मर्जी होती है तभी खुलते है ,नही तो ताला लटकता रहता है। जिला स्तर पर संयुक्त जिला अस्पताल और ब्लॉकों में सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले गए हैं। इसके अलावा सर्दी जुखाम बुखार जैसी मामूली रोगों में इलाज के लिए ग्रामीणों को लंबी दूरी तय ना करने पड़े इसलिए जिले में 128 हेल्थ एंड सेंटर खोले गए हैं। इनमें सीएचओ के अलावा एक एएनएम की तैनाती होती है; प्रसव पूर्व होने वाले परीक्षण टीकाकरण तो यहां होता ही है इसके अलावा मामूली रोगों का उपचार भी करते हैं। जुगराजपुर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर हैं, जहां पर ज्यादातर समय ताला ही लटकता रहता है। ऐसे में सरकार की यह योजना जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते पटरी से उतरती दिख रही है। क्षेत्रीय लोगों ने इस ओर जिलाधिकारी सुजीत कुमार का ध्यान आकृष्ट कराया है।

## सिराथू क्षेत्र में मच्छरों का बढ़ा प्रकोप

**कौशाम्बी।** सिराथू ब्लॉक के गांवों में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। दिन-रात मच्छर लोगों को डंक मार रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार प्रधान व सेक्रेटरी से दवा का छिड़काव कराने के लिए कहा गया। इसके बाद भी दवा का छिड़काव नहीं कराया जा रहा है। जिसे लेकर लोगों में रोष है।

## खेत से बंदूक बरामद

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के किशुनपुर अंबारी गांव के नलकूप से सोमवार रात गायब बंदूक गुरुवार शाम पुलिस ने खेत से बरामद कर लिया।

किशुनपुर अंबारी निवासी मसूद अहमद ने बताया कि सोमवार देर शाम वह अपनी लाइसेंसी डबल बैरल बंदूक व कारतूस की पेटी लेकर गांव के समीप स्थित नलकूप गया था। बंदूक और पेटी नलकूप में रख कर बगल के खेत में आलू बोरी में भरने लगा था। लौटने पर नलकूप से बंदूक और कारतूस की पेटी नहीं मिली। सुराग नहीं लगने पर मंगलवार सुबह थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। गुरुवार सुबह नलकूप से कुछ दूर पर गेहूं के खेत पानी लगाने गए किसान को खेत के अंदर कारतूस समेत बंदूक पड़ी मिली। जानकारी पाकर खेत पहुंची पुलिस ने बंदूक को कब्जे में ले लिया है।

## संदिग्ध हालातों में युवक की मौत, रहस्य बरकार

**संदिग्ध मौत**

**पिपरी कोतवाली के चायल कस्बा में हुई वारदात, जहरखुरानी की आशंका**



घटना के बाद रोते विलखते मृतक के परिजन

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के चायल कस्बा में बुधवार रात संदिग्ध दशा में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पिता ने थाने में तहरीर देकर जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

सिंहपुर गांव निवासी राम लोचन तिवारी किसान हैं। उन्होंने बताया कि उनका 26 वर्षीय बेटा अनिकेत तिवारी उनके साथ घरेलू कार्यों में हाथ बंटाता था। बुधवार दोपहर वह चायल कस्बा स्थित अपने जानने वाले के घर गया था। रात में चायल कस्बे की उसी महिला ने अनिकेत की बहन के मोबाइल पर फोन कर बताया कि उसकी तबीयत काफी खराब हो गई है। वह उसे एसआरएन अस्पताल ले जा रही है। जानकारी मिलने के बाद अनिकेत के परिजनों के होश उड़ गए। वह बदहवास हालत में कस्बा चायल पहुंचे। रामलोचन के अनुसार वहां अनिकेत मृत हालत में पड़ा था। उसके मुंह से खून निकल रहा था। परिजन शव को लेकर घर पहुंचे। सुबह परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पिता ने पुलिस को तहरीर देते हुए मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। इस सम्बंध में इंस्पेक्टर श्रवण कुमार सिंह का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले में तहरीर मिली है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# शक्तिशाली हिन्दू समाज का निर्माण संगठन का मूल कार्य : अवधेश

**बैठक**

**कड़ा विकास खण्ड के हिसामपुर परसखी में आयोजित हुई हिन्दू जागरण मंच की बैठक**



कार्यक्रम में मौजूद हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी

**कौशाम्बी।** संगठित हिंदू समाज का निर्माण करना हिंदू जागरण मंच का मूल उद्देश्य है। जिससे हिंदू धर्म पर लगातार हो रहे विद्यार्थियों के हमलों को रोका जा सके और मजबूत हिंदू समाज का निर्माण किया जा सके। उक्त बातें हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ल ने कड़ा विकासखंड के हिसामपुर परसखी में आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में हिंदूवादी नेता वेद प्रकाश सत्यार्थी मौजूद रहे।

इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि आज विभिन्न धर्मों के लोगों के द्वारा एक साजिश के तहत हिंदू धर्म पर लगातार हमले हो रहे हैं तथा हिंदू धर्म के मानने वालों का उत्पीड़न भी किया जा रहा है जो कि पूरी तरह से गलत है। ऐसे में मजबूत संगठन ही हिंदू धर्म को बचाने का एकमात्र उपाय है पूरे जिले में हिंदू जागरण मंच सामाजिक जागरूकता के काम में लगा है। इस मौके पर बोलते हुए विशिष्ट अतिथि के रूप में हिंदूवादी नेता वेद प्रकाश सत्यार्थी ने कहा कि हिंदू समाज को नुकसान नुकसान पहुंचाने के लिए भारत को बार-बार टुकड़ों में बांटा गया है जिसमें म्यामार, इंडोनेशिया, मलेशिया, अफगानिस्तान, ईरान, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देश शामिल है अब फिर से यही देशद्रोही लोग धर्म के नाम पर फिर से भारत देश को टुकड़े-टुकड़े में बांटने की साजिश कर रहे हैं ऐसे में हम सभी की जिम्मेदारी हो कि हम सभी एकजुट होकर धर्म रक्षा के लिए इन आसुरी शक्तियों जो देशद्रोह के काम में लगी है इन के विरोध में एकजुट हो। इस मौके पर प्रमुख रूप से अंगद सिंह, चंद्र किशोर मिश्रा, सर्वेश सिंह, शेखर मिश्रा, बाल्मीकि पांडे, आशीष कुमार, पवन द्विवेदी, उमेश नारायण, कृष्णानंद, परशुराम, राज नारायण मिश्रा, कुंवर बहादुर, मूलचंद्र, बलराम सिंह पटेल, शिवाजी, नरदेव पटेल, राम नारायण सिंह, जगत नारायण, राजकरण साहू, अनूप मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## मारपीट में कार्रवाई के लिए एएसपी से लगाई गुहार

**कौशाम्बी।** कोतवाली कौशाम्बी क्षेत्र के इटैला गांव में दबंगों ने घर में घुसकर कुनबे को पीट दिया। आरोप है कि नामजद शिकायत के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। गुरुवार को पीड़िता ने मामले की शिकायत अपर पुलिस अधीक्षक से की है।

इटैला गांव की सुनीता देवी पत्नी बीरेन्द्र कुमार ने बताया कि पखवाड़ा भर पहले उसका मोबाइल चोरी हो गया था। पड़ोसी के घर मोबाइल देख विवाहिता ने विरोध किया। इसी बात पर दोनों परिवार के बीच झड़प हो गई। इसके बाद आरोपित पड़ोसी ने परिजनों के साथ मिल विवाहिता के घर में घुसकर कुनबे को पीट दिया। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर आरोपित कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। दूसरे दिन पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से किया पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। गुरुवार को पीड़िता ने मामले की शिकायत अपर पुलिस अधीक्षक से की है।

## रंजिशन किसान को डंडे से पीटा

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के पश्चिम थोक निवासी रवि कुमार किसान है। रवि के अनुसार शाम को वह शौच के लिए खेत की ओर गया था। इसी दौरान काजू गांव एक युवक वहां पहुंचा और पुराने विवाद में गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर डंडे से उसकी पिटाई कर दी। घायल ने थाने में आरोपित दबंग के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## सऊदी अरब भेजने के नाम पर 80 हजार की ठगी

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के खोपा गांव के एक युवक से कबूतरबाज ने 80 हजार रुपये की ठगी की। साल भर पहले सऊदी अरब भेजने के नामपर रकम ऐंठा था। वीजा व पासपोर्ट नहीं मिलने पर युवक ने दी गई रकम वापस मांगी तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई। गुरुवार को पीड़ित ने मामले की शिकायत अपर पुलिस अधीक्षक से की है। खोपा निवासी सोनू ने बताया कि साल पहले करारी के एक युवक से उसकी मुलाकात हुई थी। इसी दौरान जालसाज ने खुद की सऊदी में अच्छी पकड़ बताते हुए उसे विदेश भेजने का झांसा दिया। सवा लाख रुपये में वीजा व पासपोर्ट देने का सौदा तय हो गया। इसके बाद सोनू ने दो बार में 80 हजार रुपये दे दिया। रकम देने के बाद जब उसे वीजा व पासपोर्ट नहीं मिला तो उसने रुपये वापस मांगे। आरोपित रकम देने से मुकर गया। दोबारा मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। गुरुवार को युवक ने मामले की शिकायत अपर पुलिस अधीक्षक से की है। एएसपी ने मामले की जांच पड़ताल शुरू करा दी है।

### कान्हा गोशाला का नोडल अधिकारी ने किया निरीक्षण

**कौशाम्बी।** भरवारी के पल्हाना स्थित कान्हा गोशाला पलाना में गुरुवार को नोडल अधिकारी अनुराग पटेल विशेष सचिव पशुपालन विभाग ने भ्रमण कर समीक्षा की। इसमें गोशाला की गायों एवं उनके राशन व दवाओं आदि के प्रबंध की व्यवस्था को देखा। नामित नोडल अधिकारी के भ्रमण कार्यक्रम में अधिशाषी अधिकारी शैलेंद्र मिश्र,जोन प्रभारी बबलू गौतम,शिवम तिवारी, जेई अवधेश कुमार,राजू, महेश तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## षिविर में 275 लोगों के आंखों की हुई जांच

**कौशाम्बी।** सदर ब्लॉक के गुलामीपुर गांव में गुरुवार को जीव जन सेवा मिशन ट्रस्ट की ओर से निरूशुल्क नेत्र शिविर लगा। प्रयागराज के शार्प साईट अस्पताल के डॉक्टरों ने 275 लोगों के आंखों की जांच की। शिविर का शुभारंभ भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य अरुण अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित किया। ट्रस्ट के सचिव मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि करीब 43 मरीज मोतियाबिंद के मिले। इनका प्रयागराज में फ्री में ऑपरेशन कराया जाएगा। इस दौरान वरिष्ठ ऑपटोमेट्रिस्ट प्रवीन तोमर, सौरभ गुप्ता, अनुभव भट्ट, मनीश यादव, अमित त्रिपाठी रहे। इस मौके पर उमेश केसरवानी, दिलीप गुप्ता, नोबीना सिन्हा, छाया श्रीवास्तव, उमाशंकर यादव, रीतू श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

### पड़ोसी युवक के साथ किशोरी फरार

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी मंगलवार की शाम घर से संदिग्ध दशा में लापता हो गई। परिजनों ने खोजबीन शुरू की तो पता चला कि पड़ोसी का रिश्तेदार किशोरी को भगा ले गया है। पीड़ित किशोरी की मां थाने पहुंची और मामले की नामजद शिकायत की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित व मददगारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### सफाई न होने से गुवारा में फैली गंदगी

**कौशाम्बी।** सदर तहसील के गुवारा गांव में जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है। नालियां कूड़ा-करकट से पट चुकी है। ऐसे में लोगों के घरों का गंदा पानी रास्ते में जमा रहता है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बाद भी सफाई नहीं हो रही है। लोगों ने गांव में नियमित सफाई की मांग की है।

# नाम शहरी का सुविधा ग्रामीणांचल से बद्तर

**अव्यवस्था**

**हाल नगर पालिका परिषद मंझनपुर क्षेत्र के वार्ड 22 का, फागिंग को भी तरस रहे ग्रामीण**

**कौशाम्बी।** अभी हाल ही में मंझनपुर को नगर पालिका का दर्जा मिला है। ऐसे में क्षेत्र के जो गांव थे वह नगर पालिका परिषद से जुड़ गए हैं। सबसे बद्तर हालात वार्ड 22 के दुर्गा भाभी पुरम का है। यहां के ग्रामीणों का आरोप है कि नाम तो शहरी क्षेत्र में जुड़ गया है लेकिन सुविधाओं की बात करें तो खास परिवर्तन नहीं दिख रहा है। लोगों को सबसे ज्यादा समस्या इन दिनों गंदगी और उससे उत्पन्न होने वाले मच्छरों से हैं। हालांकि कुछ लोगों ने नगर पालिका के जिम्मेदारों से शिकायत करते हुए मुहल्ले में फागिंग कराए जाने की मांग किया लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है। ऐसे में लोग जहां रात की नींद नहीं ले पा रहे हैं, उनका दिन भी मच्छर जीना दुश्वार कर रखे हैं। अच्छा सबसे बड़ी यह है कि यहां जो सफाई कर्मी तैनात हैं वह लोग कुछ चिंहित जगह पर ही सफाई कार्य कर अपने कार्यों से इतिश्री कर लेते हैं, जिसके चलते नालियों में जहां कचरा भरा रहता है वहीं उसकी वजह से मच्छरों का आंतक लोगों का जीना दुश्वार कर रखा है। हालांकि लोगों ने इस ओर नगर पालिका के जिम्मेदारों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए वार्ड 22 दुर्गा भाभी पुरम में फागिंग कराए जाने की मांग किया है, ताकि मच्छरों से ग्रामीणों को कुछ राहत मिल सके।

## संदिग्ध दशा में ससुराल से विवाहिता लापता

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाने के कटरा पूर्व नगर पंचायत निवासी हरिश्चंद्र ने बताया कि करीब चार वर्ष पहले उन्होंने बुद्धपुरी मोहल्ले में अपनी बेटी की शादी की थी। आरोप है कि शादी के कुछ ही दिन बाद दामाद को नशे की लत लग गई। जिसके चलते वह बेटी के साथ मारपीट करने लगा। मारपीट से प्रताड़ित बेटी मायका में परिजनों से मोबाइल से आपबीती बताती थी। कुछ दिनों से बेटी से बातचीत नहीं हुई तो पिता बुधवार को उसके ससुराल पहुंचे। पिता के मुताबिक उनकी बेटी ससुराल से लापता है। पूछताछ करने पर ससुरालवाले कुछ भी बताने से इनकार किया। पिता ने बेटी के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए गुरुवार को थाने में घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# भंडारे के साथ महाबली बाबा मंदिर में स्थापित की गई पंचमुखी हनुमान की प्रतिमा



मंदिर में पूजा पाठ करते लोग

**कौशाम्बी।** हनुमान जयंती के अवसर पर बृहस्पतिवार को मंझनपुर क्षेत्र के दीवर कोतारी गांव के बाहर सड़क किनारे स्थित महाबली बाबा मंदिर में भक्तों द्वारा विशाल भंडारा कार्यक्रम के साथ मंदिर परिसर में भगवान पंचमुखी हनुमान की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। इस दौरान क्षेत्र के तमाम भक्त पहुंचकर विशाल भंडारे का प्रसाद गृहण किया।

यहां बताना जरूरी होगा कि दीवर कोतारी गांव सड़क किनारे स्थित महाबली बाबा जो एक प्रसिद्ध स्थान माना जाता है। बृहस्पतिवार को हनुमान जयंती के अवसर पर भक्त नर्बदा प्रसाद नामदेव के अलावा अन्य भक्तों द्वारा जहां मंदिर प्रांगण में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया वहीं मंदिर परिसर में नवनिर्मित मंदिर में पंचमुखी हनुमान की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। इस दौरान क्षेत्र के तमाम लोग पहुंचकर प्रसाद गृहण किया। इतना ही नहीं मंझनपुर वाया करारी रोड गुजरने वाले तमाम लोगों ने भी भगवान का प्रसाद चखा।

## संक्षेप

### दो पक्षों में जमकर चले ईट पत्थर व मारपीट, पांच हिरासत में

**प्रतापगढ़।** आबादी की जमीन पर निर्माण को लेकर गुरुवार को दो पक्षों में विवाद हो गया और जमकर मारपीट हुई। इस दौरान घरों की छतों से भी ईट पत्थर चलाए गए। महेशगंज थाना क्षेत्र के गुजवर गांव में वसीम पुत्र कल्लन अपनी पुरानी पैतृक आबादी की जमीन पर निर्माण कर रहा था। जहां पर उसके पड़ोसी मुन्ना मुबारक पुत्र सलीम अपने भाई और रिश्तेदार के साथ पहुंचे और निर्माण से मना करने लगे। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान घरों की छतों से भी ईट पत्थरबाजी की गई। जिससे दोनों पक्ष के लोगों को चोट आई। घटना की सूचना पर महेशगंज पुलिस ने मौके पर पहुंच कर एक पक्ष के तीन और दूसरे पक्ष से दो लोगों समेत पांच लोगों को हिरासत में लेकर थाने चली गयी। पकड़े गए लोगो का शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया गया।

# जेसीबी से खोदकर जमीन से निकाली गई अंग्रेजी शराब की बोतलें

**प्रतापगढ़।** हथिगवां पुलिस ने शराब माफिया गुड्डू सिंह पर बड़ी कार्यवाही की है। पुलिस के कर्रा करने पर गुड्डू सिंह ने पुलिस को जमीन में गाड़े गए अंग्रेजी शराब का जखीरा बरामद कराया। हथिगवां थाना क्षेत्र के बलीपुर गांव में तालाब के बगल पुलिस ने जेसीबी से खुदाई करवाई तो अंग्रेजी शराब के 335 अद्धा और 100 क्वाटर शराब बरामद हुयी। पुलिस ने बरामद शराब को जब्त करते हुए जांच शुरू कर दी है। बलीपुर गांव के रहने वाले और जिला प्रशासन द्वारा घोषित शराब माफिया गुड्डू सिंह ने पारिवारिक विवाद के बाद अपने ही भाई और साथियों पर अवैध शराब के व्यवसाय का आरोप लगाया। बलीपुर में अवैध शराब के संबंध में इन दिनों वीडियो वायरल हो रहा है। वीडिओ वायरल होने पर हरकत में आयी पुलिस ने उस स्थान पर खुदाई करवाई जहाँ से भारी मात्रा मे शराब बरामद हुयी। कुण्डा का इलाका अवैध शराब के कारोबारियों का केंद्र रहा है। अवैध शराब के बदौलत वहां के गली छाप नेता अब अमीर बन गए हैं। कई तो नेता बनकर विभिन्न पार्टियों में टिकट की दावेदारी भी कर रहे हैं। शराब के दम पर अमीर बने पहले के गली छापों के बीच बर्चस्व की जंग में हत्याएं भी हो चुकी हैं। कुण्डा एरिया में तैनात पुलिस वाले भी मालामाल होते रहे हैं। अब सवाल उठता है की क्या पुलिस उन लोगों के खिलाफ कार्यवाई करेगी जिन लोगों पर शराब माफिया ने आरोप लगाए हैं। दो वर्ष पूर्व हथिगवा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से पुलिस ने अवैध शराब का जखीरा और शराब बनाने का उपकरण जब्त किया था। मामले में कई पुलिस अधिकारियों पर कार्यवाही हुई थी। दो वर्ष बाद शराब माफिया के बयान और पुलिस द्वारा शराब बरामद किये जाने पर एक बार मामला फिर सुर्खियों में छाया हुआ है।



जमीन से खोदकर निकाली गयीं शराब की बोतलें



जेसीबी से जमीन खोदकर शराब की बोतलें निकलवाती पुलिस

# गरीबों को दिलाएंगे निःशुल्क न्याय : महेश गुप्ता एडवोकेट

**उद्घाटन**

### फीता काटकर श्री श्याम न्याय केंद्र का किया उद्घाटन



उद्घाटन अवसर पर उपस्थित अधिवक्तागण

**प्रतापगढ़।** सदर तहसील परिसर में गुरुवार को हनुमान जयंती पर अधिवक्ता परिषद द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता व संचालन महामंत्री मनोज कुमार सिंह ने किया। इसके पहले श्री श्याम न्याय केंद्र का फीता काटकर परिषद के अध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता ने उद्घाटन किया। इस दौरान तहसील सदर के अधिवक्ताओं ने परिषद के पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया। अध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता ने कहा कि हिंदू धर्म में भगवान हनुमान की पूजा-उपासना का विशेष महत्व होता है। हनुमान जयंती पर दूर दराज से आने वाले फरियादियों को न्याय दिलाने का संकल्प लेते हुए परिषद के पदाधिकारियों ने श्री श्याम न्याय केंद्र की स्थापना की सराहनीय है।परिषद के महामंत्री मनोज कुमार सिंह ने कहा कि इस केंद्र पर आने वाले गरीब बेसहारा लोगों को परिषद के पदाधिकारी निः शुल्क न्याय दिलाने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम के आयोजक मृदुल कुमार गुप्ता ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विनीत शुक्ला, सदर तहसील बार के महामंत्री बृजेंद्र उपाध्याय, तहसील बार के पूर्व अध्यक्ष चंद्रेश पांडेय, जूबाए पुरातन के पूर्व कनिष्ठ उपाध्यक्ष शिवेश शुक्ल एडवोकेट, अरविंद कुमार पांडेय, अनुराग पाण्डेय, शिव कुमार, वीर गौरव, शुभम सोमवंशी, आशीष गुप्ता, रोहित मिश्र, वरुण जायसवाल, उत्तम सिंह सहित आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किया।

# बिजली विभाग के अफसरों ने डायट की काटी बिजली, 36 लाख का बकाया

**प्रतापगढ़।** बिल का बकाया न जमा करने पर जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान की बिजली विभाग के अफसरों ने लाइन काट दी है। एक महीने से बिना बिजली के संस्थान में पढ़ाई चल रही है। डायट प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने बताया कि बिजली का बिल 36 लाख बकाया होने पर बिजली विभाग ने डायट की लाइन काट दी है। इसके लिए शासन को पत्र लिखा गया है। गर्मी व पढ़ाई का हवाला देते हुए प्राचार्य ने बिजली विभाग के अफसरों से लाइन जोड़ने का अनुरोध किया मगर अभी तक संस्थान की लाइन नहीं जोड़ी गई है।

# 234 करोड़ रुपए से बदली जायेगी जिले की बदहाल बिजली व्यवस्था

**स्वीकृत**

### रिवाम्प डिस्ट्रीव्यूटेशन सेक्टर स्कीम का शुभारंभ



**प्रतापगढ़।** जिले की बदहाल बिजली व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त करने के लिए शासन से 234 रू0 स्वीकृत हुआ है। इसके लिए सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य ने गुरूवार को चिलबिला क्षेत्र के बेनीपुर गांव में रिवाम्प डिस्ट्रीव्यूटेशन सेक्टर स्कीम का शुभारंभ किया। चिलबिला पावर स्टेशन के उपखण्ड अधिकारी पंकज कुमार राठौर ने बताया कि बिजली व्यवस्था को दुरूस्त करने की जिम्मेदारी मेसर्स ल्यूमिनो इंडस्ट्री लिमिटेड संस्था को दी गई है। जिसमें पुराने जर्जर तारों को एबीसी केबल से बदलने और दो पोलों के लम्बे स्पेस के बीच नया पोल लगाकर तोरों को टाइट किया जाना है। इसके अलावा लो बोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने के लिए ट्रांस्फार्मर पर कैपेस्टर लगाया जायेगा। जर्जर 11केवी तारों को बदल देने से बिजली की सूरत सुधर जायेगी। अभी तक पुराने जर्जर तारों पर बिजली दौड़ रही थी। जिससें लाइन लास होने के साथ उपभोक्ताओं को लो बोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ता था। इसके अलावा ट्रांस्फार्मर पर लोड बढ़ने से आये दिन जल जाया करते थे। पुरानी व्यवस्था पर नयी बिजली दौड़ाने की स्कीम के चलते आये दिन हो रही खराबियों की शिकायत से बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारी परेशान रहते थे। विभाग के अधिकारी पीके राठौर ने बताया कि शासन से मिली धनराशि से जिले में 3692 किमी0 एबीसी केबल बदलने का कार्य, 521 किमी0 11 केवी लाइन व 127 किमी0 33 केवी लाईन का निर्माण किया जायेगा। साथ ही 1452 डिटी पर कैपिसिटर बदलने का कार्य किया जाना है। इस बदलाव से विभाग के अधिकारियों पर उपभोक्ताओं का दबाव भी कम होगा। दिन भर बिजली खराबी से हो रही फजीहत से अधिकारियों को मुक्ति भी मिलेगी। इस व्यवस्था से विभाग के अधिकारी खुश नजर आए। इस मौके विभाग के अधीक्षण अभियंता सत्यपाल, एक्सीयन प्रथम मनोज अग्रवाल, राम आसरे चौरसिया एक्सीयन परीक्षण खण्ड, जेई प्रमोद कुमार मौर्य, कार्यदायी संस्था के डिस्ट्रिक हेड अखंड प्रताप, प्रधान प्रतिनिधि प्रिंस पाण्डेय आदि मौजूद रहे।



# विद्यालय में बच्चों के लिए अच्छा वातावरण होना जरूरी : एसडीएम



बच्चे को सम्मानित करते हुए

**प्रतापगढ़।** लालगंज के बेलहा स्थित जेबीएस पब्लिक स्कूल में गुरूवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम न्यायिक तनवीर अहमद व लालगंज प्रमुख अमित सिंह पंकज ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन कर किया। विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। मुख्य अतिथि एसडीएम तनवीर अहमद ने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ अच्छे व्यवहार तथा लगनशीलता के प्रति भी विद्यालय मे वातावरण दिया जाना चाहिए। ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज ने नौनिहालों के भविष्य निर्माण में शिक्षा पद्धति के आदर्श स्वरूप का खाका खींचा। विशिष्ट अतिथि राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल रहे। निदेशक आदित्य प्रताप सिंह ने शैक्षिक प्रगति आख्या तथा पूर्णिमा सिंह ने उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। समारोह में आशुतोष सिंह, शीला गौतम, मो. असलम, उधम सिंह, मनोज सिंह, डा. बृजनंदन सिंह, रामअभिलाष यादव, कल्पनाथ सिंह, प्रीतेन्द्र ओझा ने भी विचार व्यक्त करते हुए जेपीएस शिक्षा प्रणाली की सराहना की।



मंत्रणा के दौरान प्रमोद तिवारी व उप राष्ट्रपति

### राज्यसभा में गतिरोध खत्म कराने के लिए उप राष्ट्रपति व प्रमोद तिवारी के बीच हुई मंत्रणा

**प्रतापगढ़।** संसद में लगातार जारी गतिरोध के समाधान के लिए उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सदन में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी से मंत्रणा की। संसद में जेपीसी तथा राहुल गांधी के मुददे पर उप राष्ट्रपति ने कांग्रेस समेत उन्नीस विपक्षी दलों का प्रतिनिधित्व कर रहे प्रमोद तिवारी से सदन में स्वस्थ परम्पराओं की मजबूती को लेकर उनका अभिमत मांगा। उपनेता प्रमोद तिवारी ने विपक्षी दलों की ओर से सभापति जगदीप धनखड़ को आश्वस्त किया कि विपक्ष संसद में हर पहलू पर चर्चा में शामिल होने को तैयार है। उन्होनें कहा कि अडानी मामले में विपक्ष जेपीसी की मांग कर रहा है। सत्ता पक्ष जानबूझ कर संसद में टकराव का माहौल बनाये हुए है। राहुल गांधी के राज्यसभा में सदस्य न होने के बावजूद भाषण को अनावश्यक आधार बनाकर अडानी मसले पर चर्चा को टालने की स्थिति बनाए हुए है। श्री तिवारी ने कहा कि विपक्ष तो जनता की आवाज सदन में उठाने के लिए है। सत्ता पक्ष का यह पहला दायित्व होता है कि वह सदन को संचालित कराने के लिए वातावरण बनाए। मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने प्रमोद तिवारी तथा उप राष्ट्रपति के बीच हुई मुलाकात की यह जानकारी दी है।

# डीजे से करंट की चपेट में आया युवक झुलसा, हड़कंप

**प्रतापगढ़।** हनुमान जयंती पर गुरूवार को डीजे खींच रहे युवक के करंट की चपेट में आने से हडकंप मच गया। लालगंज के भेभौरा निवासी छेदीलाल का पुत्र मनीष हनुमान जयंती पर लालगंज कालाकांकर रोड पर नगर पंचायत कार्यालय के समीप तिराहे पर डीजे का केबिल खींच रहा था। अचानक ऊपर से गुजर रही एचटी लाईन का तार डीजे में छू गया। इससे मनीष को झटके से बचाने के लिए बाबूगंज निवासी अब्दुल करीम का पुत्र सुबान अली 28 करंट की चपेट में आ गया। लोगों ने उसे किसी तरह खींचकर बचाया। सुबान अली करंट की चपेट में आने से झुलस गया। आननफानन में लोग उसे लेकर ट्रामा सेण्टर पहुंचे। यहां सुबान अली का इलाज जारी बताया जाता है। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों के साथ नगर के लोगों मे कालाकांकर हाइवे पर तार के नीचे लटकने तथा वहां एक टूटे खम्भे को लेकर भी विभागीय लापरवाही को लेकर आक्रोश देखा गया। हनुमान जयंती पर निकल रहे डीजे में करंट से युवक के झुलसने की जानकारी पर कोतवाल कमलेश पाल भी मौके पर पहुंच गये। घटना के बाद पुलिस ने डीजे वाहनों से छत के ऊपरी छोर पर लगे साउण्ड बाक्स को उतरवाना शुरू किया। पहले से ही डीजे के प्रतिबंध का हवाला दे रही पुलिस इस घटना के बाद कडे तेवर में आ गयी। सीओ रामसूरत सोनकर ने भी फोर्स के साथ चौक पर कुछ देर के लिए डीजे बंद करा दिया। हालांकि हनुमान भक्तों की आस्था को देखते हुए कुछ ही देर में पुलिस बैकफुट पर आयी और कम क्षमता के साथ डीजे बजाने की अनुमति दी।

# सड़क हादसों में सात घायल, रेफर

**प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के पूरेधनऊ निवासी मनोज कुमार मौर्य (27) पुत्र राजकुमार बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गए। हथिगवां थाना क्षेत्र के बेतीं निवासी कलावती (43) पत्नी हरिश्चन्द घर के सामने सड़क पार करते समय वाहन की चपेट में आने से घायल हो गई। कुंडा नगर पंचायत के चिकवन टोला मुहल्ला निवासी शहजादे (32) पुत्र सैद अहमद बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गए। इंटौरा निवासी मथुरा प्रसाद शुक्ला (75) पुत्र दया प्रसाद शुक्ला वाहन की टक्कर से घायल हो गए। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के खनवारी निवासी शिवम तिवारी (24) पुत्र अजीत कुमार तिवारी बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गए। जलालपुर निवासी राम कृपाल पटेल (60) पुत्र राम सुमेर पटेल अपने साथी अवधेश कुमार पटेल (54) पुत्र महादेव पटेल के साथ बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद भी हालत गंभीर होने पर डाक्टरो ने रेफर कर दिया।

# गायत्री महायज्ञ पर निकाली गई कलशयात्रा



कलश यात्रा में शामिल लोग

**प्रतापगढ़।** चिलबिला स्थित हनुमान मंदिर में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव पर नव कुंडी गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। आयोजन हेतु सुबह कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मंदिर से होकर चिलबिला स्टेशन चौराहा होते हुए पुनः मंदिर पर आकर समाप्त हुई। गुरुवार से शाम 6 से 9 के बीच पावन प्रज्ञा पुराण कथा होगी। नव कुंडीय गायत्री महायज्ञ का कार्यक्रम 6 से 11 अप्रैल तक होगा। शोभायात्रा में सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य, मंदिर समिति के महासचिव समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य, दीपक, मनोज कुमार, राम लखन, जीत लाल, रोहित, मोहन लाल, ओमप्रकाश, बजरंग लाल, अमन उमरवैश्य, पारसनाथ, पप्पू, शिवप्रसाद, सनी, गीता यादव, पुष्पा वर्मा, सलोनी, ललिता, राजनंदिनी आदि कलश यात्रा में शामिल हुए। नव कुंडी प्रज्ञा एवं कथा के व्यवस्थापक गायत्री परिवार के अवनचंद्र उपाध्याय जी द्वारा किया जा रहा है।

# हनुमान जी संपूर्ण संसार के लिए शुभता का प्रतीक : धमार्चार्य आलोक आचार्य

**प्रतापगढ़।** गुरुवार को हनुमान जयंती पर ब्रह्मदेव जागरण मंच युवजन प्रकोष्ठ की तरफ से कलेक्ट्रेट परिसर में शरबत वितरण कराया गया। इसके पूर्व हनुमान चालीसा का पाठ कर समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने की अपील की गई। इस मौके पर धमार्चार्य पंडित आलोक आचार्य ने कहा कि हनुमान जी संपूर्ण संसार के लिए शुभता का प्रतीक है। उन्होंने अपने बुद्धि, शौर्य, पराक्रम से संपूर्ण संस्कार पर उपकार किया। हमें भी अपने जीवन में आने वाली नकारात्मक सोच को दूर रखना चाहिए। इस मौके पर घन श्याम शुक्ला, राय साहब मिश्र, राहुल शुक्ल, रवीन्द्र पाण्डेय, आशीष दुबे, रविंद्र नारायण तिवारी, दिलीप कुमार मिश्र मान सहित संगठन के कई पदाधिकारी व अधिवक्ता मौजूद रहे ।

# नोडल अधिकारी ने अफसरों के साथ बैठककर दिए निर्देश

**प्रतापगढ़।** विशेष सचिव प्रशासन व जिले के नोडल अधिकारी राम केवल ने विकास भवन सभागार में गोवंशों के संरक्षण एवं भरणपोषण हेतु अधिकारियों के साथ समीक्षा की। समीक्षा के दौरान डीएम डा0 नितिन बंसल, सीडीओ ईशा प्रिया, परियोजना निदेशक डीआरडीए आर0सी0 शर्मा, डीपीआरओ रविशंकर द्विवेदी, सभी उपजिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी, वृहद गौशालाओं के प्रधान सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे। नोडल अधिकारी ने जिले में गो संरक्षण से सम्बन्धित अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप निराश्रित गोवंशों का संरक्षण एवं भरणपोषण की स्थिति का सत्यापन करें। यदि किसी गो आश्रय स्थलों में किन्हीं कारणवश गोवंशों की संख्या मानक से ज्यादा है तो उनकी अलग से व्यवस्था करें। गोवंशों के भरणपोषण एवं संरक्षण में किसी भी तरह की लापरवाही कदापि न बरती जाये। समय-समय पर गोवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाये। गर्मी से बचाव के लिये टीन शेड को व्हाइट पेन्ट से पेन्ट किया जाये। जिससे जानवरों को गर्मी से बचाया जा सके। बैठक में उन्होने बताया कि दो दिन के दौरे में 11 गौशालाओं का निरीक्षण किया गया है जिनमें भूसा, चारा की पर्याप्त व्यवस्था नही थी और जानवर कमजोर थे। बैठक में नोडल अधिकारी ने कहा कि जानवरों का स्वास्थ्य परीक्षण समय-समय पर किया जाये और जो भी जानवर अस्वस्थ है उनका ईलाज समय समय पर किया जाये। उन्होने कहा कि चारागाह की जमीनों का समतलीकरण कराया जाये और चारा उगाने हेतु मिट्टी को उपजाऊ बनाये जिससे चारे की बुवाई की जा सके। गौशालाओं के कर्मचारियों का भुगतान समय से किया जाये। समीक्षा के दौरान नोडल अधिकारी ने वृहद गौशालाओं के प्रधानों की समस्याओं को सुना एवं निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया।



बैठक की अध्यक्षता करते नोडल अधिकारी

## जनसंपादकीय

# जीवन को स्वस्थ रखने की चुनौती

अरविंद जयतिलक



आज विश्व स्वास्थ्य दिवस है। यह दिवस इस मायने में महत्वपूर्ण है कि नित-नए खतरनाक बीमारियों की उत्पत्ति से जीवन को स्वस्थ रखने की चुनौती बढ़ गयी है। दुनिया भर के लोगों को जागरुक करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रत्येक वर्ष 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन वैश्विक बिरादरी को संदेश देता है कि वह अपने नागरिकों को शारीरिक व मानसिक रुप से स्वस्थ रखे। एक स्वस्थ व समृद्ध राष्ट्र के निर्माण के लिए नागरिकों का शारीरिक व मानसिक रुप से स्वस्थ होना आवश्यक है। इसलिए और भी कि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। लेकिन चिंता की बात है कि चिकित्सकीय क्षेत्र में नित-नए आविष्कार और अनुसंधानों के बाद भी आज दुनिया की बड़ी आबादी किस्म-किस्म की बीमारियों से ग्रसित है। मानवता संकट में है। दुनिया की बड़ी आबादी शारीरिक व मानसिक रुप से अस्वस्थ है। उदाहरण के लिए विश्व के तकरीबन 30 करोड़ से अधिक लोग अवसाद के शिकार हैं वहीं कैंसर की वजह से हर साल 76 लाख लोग दम तोड़ रहे हैं। एड्स की बात करें तो मौजूदा समय में लैटिन अमेरिका में 17 लाख, पूर्वी यूरोप एवं मध्य एशिया में 15 लाख, खाड़ी देश व उत्तर अफ्रीका में 2.8 लाख, पूर्वी, मध्य यूरोप व उत्तरी अमेरिका में 24 लाख, एशिया व प्रशांत क्षेत्र में 50 लाख, कैरेबियाई देश में 2.4 लाख तथा उप-सहारा क्षेत्र में 2.58 करोड़ रोगी हैं। स्वास्थ्य के मोर्चे पर भारत की स्थिति भी बहुत अच्छी नहीं है। गत वर्ष संयुक्त राष्ट्र की वैश्विक रिपोर्ट से उद्घाटित हो चुका है कि गंभीर बीमारियों विशेष रुप से असंक्रामक बीमारियों (हृदय रोग, मधुमेह और कैंसर) की वजह से आने वाले वर्षों में भारत में मरीजों की तादाद बढ़ेगी। इस रिपोर्ट के मुताबिक सन 2012 से 2030 के बीच इन बीमारियों के इलाज पर तकरीबन 6.2 खरब डॉलर यानी 41 लाख करोड़ रुपए खर्च करना होगा। इस रिपोर्ट में यह भी कहा जा चुका है कि इसके लिए शहरीकरण और काम तथा जीवन शैली की स्थितियां ही जिम्मेदार हैं। आंकड़ों पर गौर करें तो देश में सालाना होने वाली कुल मौतों में से 6 प्रतिशत लोगों की मौत कैंसर से होती है। यह दुनिया भर में कैंसर से होने वाली कुल मौतों का 8 प्रतिशत है। कैंसर की वजह से देश में हर रोज 1300 मौतें होती हैं। कैंसर की तरह मधुमेह भी भारत के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। भारत में 6 करोड़ से अधिक लोग मधुमेह से पीडित हैं। हर वर्ष तकरीबन 15 लाख लोग इसकी चपेट में आ रहे हैं। इसी तरह भारत की आधी से अधिक आबादी श्वास संबंधी रोगों और फेफड़ों से जुड़ी शिकायतों से ग्रस्त है। प्रतिदिन तकरीबन साढ़े तीन करोड़ लोग डॉक्टरों के पास स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों के निदान के लिए जाते हैं। इस तरह भारत विश्व की सर्वाधिक बीमारियों का बोझ उठाने वाले देशों में शुमार हो चुका है। आंकड़ों के मुताबिक विश्व की कुल 7.3 अरब की जनसंख्या के मुकाबले भारत की 1.2 अरब की आबादी में सालाना विश्व भर में होने वाली मौतों का 18 प्रतिशत मौतें भारत में होती है। विश्व में असंक्रामक रोगों से मरने वाले लोगों की तादात लगातार बढ़ रही है। उसमें भारत की स्थिति नाजुक है। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में हर वर्ष 1.6 करोड़ लोग कैंसर, मधुमेह और हृदयघात जैसे असंक्रामक रोगों की वजह से मर रहे हैं। भारत में असंक्रामक रोगों से 30 से 70 साल के बीच मरने वाले लोगों की आशंका 26.1 से बढ़कर 26.2 प्रतिशत हो गया है। तुलनात्मक रुप से यह आंकड़ा दक्षिण एशिया और अफ्रीका के कुछ देशों की तुलना में बेहद खराब है। रिपोर्ट के मुताबिक पी-5 देशों (चीन, फ्रांस, रुस, ब्रिटेन और अमेरिका) में केवल रुस की ही स्थिति भारत से अधिक खराब है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने माना है कि असंक्रामक बीमारियों में कैंसर, डायबिटीज, हृदय रोग और सांस लेने में परेशानी संबंधी प्रमुख चार बीमारियां हैं। असंक्रामक रोगों की वजह से भारत ही नहीं विश्व की एक तिहाई आबादी भी मुश्किल में है। उसका कारण यह है कि इन असंक्रामक बीमारियों से निपटने के लिए अभी तक कारगर कदम नहीं उठाए गए हैं। अच्छी बात यह है कि इस दिशा में पार्टनरशिप टू फाइट क्रॉनिक डिजीज (पीएफसीडी) ने हाल ही में संकल्प दिशा स्वस्थ भारत की नाम से एक राष्ट्रीय रुपरेखा तैयार कर उस पर अमल शुरू हुआ है। इसका उद्देश्य देश में 2025 तक स्वस्थ भारत के संकल्प को हासिल करने में सहयोग देना है। चूंकि भारत में अभी तक असंक्रामक रोगों से निपटने के लिए कोई ठोस नीति नहीं रही लिहाजा ऐसे में इस ब्लू प्रिंट से राज्यों को स्वास्थ्य संबंधी मामलों को प्राथमिकता देने में मदद मिलेगी। अगर इसे जमीनी शक्ल दिया जाता है तो भारत में हृदय रोग, कैंसर, मधुमेह और मस्तिष्क आघात से मरने वाले लोगों की संख्या कम होगी। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार असंक्रामक रोगों से निपटने के लिए भारी धनराशि खर्च कर रही है। उसके अपेक्षित परिणाम भी देखने को मिल रहे है। चिकित्सकों का कहना है कि अगर इन बीमारियों पर शीघ्र ही नियंत्रण स्थापित कर लिया गया तो यह बीमारी राष्ट्रीय आपदा का रुप ग्रहण नहीं कर सकती है और इससे आसानी से निपटा जा सकता है। सरकार की कोशिश है कि 30 वर्ष से ज्यादा उम्र के व्यक्तियों में गैर संचारी रोगों को लेकर ज्यादा से ज्यादा जागरुकता पैदा किया जाय और व्यापक स्तर पर उनका शारीरिक परीक्षण कराया जाए। निःसंदेह यह एक सार्थक कदम है। अगर इस योजना को आकार दिया जाए तो देश की एक बड़ी आबादी को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करने में मदद मिलेगी। गत वर्ष पहले भारत के महापंजीयक द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा जा चुका है कि देश के 35 से 64 वर्ष के आयु वर्ग के लोगों में 42 फीसदी मौत की वजह असंक्रामक रोग है। अगर इन रोगों के लक्षणों को समझ लिया जाय तो इस पर नियंत्रण पाने में आसानी होगी। ऐसा माना जाता है कि असंक्रामक रोगों का जितना जल्दी इलाज शुरू होता है वह उतना ही लाभकारी होता है। सरकार को चाहिए कि वह असंक्रामक रोगों की दवाइयों की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण लगाए, ताकि आमजन को फायदा हो सके। साथ ही सरकार को स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक सुधार के लिए शहरों के साथ-साथ गांवों पर ज्यादा फोकस बढ़ाना चाहिए। इसलिए कि असंक्रामक रोगों से मरने वालों की ज्यादा तादाद ज्यादा गांवों में है। गांवों में स्वास्थ्य सेवा का बुनियादी ढ़ांचा पूरी तरह चरमराया हुआ है। गांवों में स्थापित अस्पताल जर्जर हैं। न तो वहां जनसंख्या के अनुपात में डॉक्टर हैं और न ही दवाइयां। ऐसी स्थिति में भला असंक्रामक रोगों से कैसे निपटा जा सकता है। विडंबना यह है कि गांव के लोगों को तब तक असंक्रामक रोगों के बारे में जानकारी नहीं होती जब तक कि वह पूरी तरह उसके चपेट में नहीं आ जाते है। जब तक उन्हें अपनी बीमारियों के बारे में जानकारी मिलती है तब तक बीमारियां गंभीर रुप धारण कर चुकी होती हैं। चूंकि गांवों में इन रोगों के इलाज की बेहतर सुविधा नहीं है लिहाजा उन्हें शहर की ओर रुख करना पड़ता है। उचित होगा कि सरकार गांवों में बेहतर और सस्ता इलाज की सुविधा उपलब्ध कराए ताकि लोगों को असामयिक मौत के मुंह में जाने से बचाया जा सके। निःसंदेह पिछले कुछ वर्षों में कैंसर, एड्स और हृदय से जुड़ी घातक बीमारियों के उपचार में नई तकनीक और दवाइयां ईजाद हुई हैं। लेकिन सच यह भी है कि ये इतनी अधिक महंगी हैं कि आमलोगों की पहुंच से बाहर हैं। अच्छी बात है कि भारत सरकार महंगी जीवनरक्षक दवाईयों की कीमत कम करने का प्रयास कर रही है ताकि गंभीर बीमारियों से त्रस्त आम आदमी भी इलाज करा सके। आमजन को भी चाहिए कि वह सरकार द्वारा विभिन्न किस्म के रोगों के बारे में दी जा रही जानकारियों और उससे बचने के उपाय को गंभीरता से ले।

( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

# 'मानहानि' का मुकदमा और 'मानहानि' कविता

## समय- संदर्भ

रविभूषण




राहुल गाँधी की सांसद-सदस्यता 23 मार्च 2023 को खारिज किए जाने के एक सप्ताह बाद 30 मार्च 2023 को विनय सौरभ की कविता 'मानहानि' उनके फेसबुक वाल पर आते ही वायरल हो गयी. पारुल खख्खर की कविता 'शववाहिनी गंगा' के बाद संभवतः तुरंत पाठकों तक पहुँच जाने वाली पिछले दिनों में यह अकेली कविता है. 'मानहानि' का सवाल देश भर में प्रशांत भूषण को लेकर बहुत गूँजा था और उस समय बहसें भी हुई थीं. मानहानि नागरिक और आपराधिक कानून दोनों के अधीन एक अपराध है. नागरिक (सिविल) कानून में यह अपकृत्य कानून के तहत दावेदार को दिए जाने वाले हजार्ने के रूप में सजा देकर दण्डनीय है. आपराधिक कानून के तहत यह एक जमानती, गैर संज्ञेय अपराध है. भारतीय दण्ड संहिता की धारा 499 में 'मानहानि' को परिभाषित किया गया है. इस धारा के अनुसार बोलकर, लिखकर, संकेतों या चित्रों के द्वारा किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा पर लगाया गया लांछन मानहानि है.

राहुल गाँधी ने 2019 के लोकसभा चुनाव के पहले कर्नाटक के कोलार में एक रैली में यह कहा था कि सभी चोरों का सरनेम मोदी ही क्यों होता है ? उन्होंने जिन छह लोगों के नाम लिये थे, उन सबका उपनाम मोदी नहीं था. उनके खिलाफ गुजरात विधान सभा के सत्तावन वर्षीय भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने मुकदमा दायर किया. गुजरात के सूरत पश्चिम विधानसभा सीट से वे तीसरी बार विधायक बने हैं. कुछ समय तक वे सूरत नगर भाजपा के अध्यक्ष भी थे. उनका तर्क यह है कि ह्लराहुल गाँधी ने दो झ पाँच लोगों को निशाना बनाने के बजाय हमारे पूरे समाज को निशाना बनाया.इसलिए हमने मामला दर्ज किया.ह्व उनके अनुसार यह सामाजिक प्रश्न था. देश में प्रायः प्रतिदिन सामान्य नागरिकों के अतिरिक्त अन्य अनेक व्यक्तियों की मानहानि होती है. व्यक्ति जब सर्वोपरि हो जाता है, तब वह अपने मान-सम्मान की अधिक चिंता करता है. राहुल गाँधी ने बाद की एक प्रेस कांफ्रेंस में यह कहा है कि उन्होंने जिन लोगों के नाम लिए थे, उनमें नरेन्द्र मोदी के अलावा सब भगोड़े हैं. उनके अनुसार उनके खिलाफ मानहानि का केस केवल नरेन्द्र मोदी कर सकते हैं. पूर्णेश मोदी को केस दर्ज करने का कोई हक नहीं है.

हिंदी कविता में तात्कालिक घटनाओं एवं स्थितियों पर काव्य-रचना द्वारा कवि-प्रतिक्रिया व्यक्त करने में नागार्जुन अग्रणी कवि हैं. सभी कवियों पर बड़ी से बड़ी घटनाओं का भी कोई प्रभाव नहीं पड़ता. इसका सीधा संबंध कविता की संवेदनशीलता और विचार-निष्ठा से है. आज के संवेदनहीन समय में संवेदनशील बने रहना बड़ी बात है. जिस तत्परता के साथ राहुल गाँधी को मानहानि वाले केस में दो वर्ष की सजा सुनायी गयी, वह सबको हैरान करने वाली थी. 'मानहानि' कविता केवल मानहानि पर न होकर इसके माध्यम से कई बड़े सवाल प्रस्तुत करती है. कविता का आरम्भ 'एक अजीब हफ्ते' से शुरू होता है, जहाँ कवि की अपनी मुश्किलें हैं. मार्च का महीन नौकरी पेशा लोगों के लिए टैक्स अदायगी का भी एक महीना होता है झ ह्लकुछ हजार का टैक्स बचाने की जुगत में / मेरा चेहरा किसी असहाय मनुष्य की तरह / लग रहा था.ह्व कवि कविता के आरम्भ में टैक्स, अस्पताल, डॉक्टर, इंश्योरेंस आदि के चक्कर में फँसे - उलझे 'देश के लाखों लोगों को' देखता है. वह सामान्य व्यक्ति के बारे में सोचता है- ह्लएक सब्जी बेचने या पैदा करने वाले की / किडनी खराब हो जाए तो/ वह क्या कर सकता है इस देश में ?ह्व कविता सामान्य अर्थ देने के बाद भी अपने भीतर कई अर्थों को छुपाये होती है. आज देश की जो स्थिति है, उसे ध्यान में रख कर क्या यह कहना अनुचित होगा कि देश की किडनी ही खराब हो चुकी है. जिस देश में चिकित्सा कि सुविधा नहीं हो, वह देश एक रुग्ण देश है और यह रुग्णता कई प्रकार की है. समकालीन हिंदी कविता के गंभीर आलोचकों के लिए गौर करने की मुख्य बात यह है कि इधर कई कवियों की कविताओं में 'देश' उपस्थित है. देश का अर्थ देश की जनता है और स्वाधीन भारत में यह और बदहाल हुई है. बयासी वर्षीय कवि ऋतुराज की कविताएँ 'बया' के नए अंक (जनवरी झमार्च 2023 ) में 'देश और कुछ अन्य नई कविताएँ' शीर्षक से प्रकाशित है. पहली कविता 'देश' में ऋतुराज देश की वर्तमान स्थिति सामने रखते हैं. विनय सौरभ की चिंता में 'देश' है जो कविता में चौदह बार प्रयुक्त हुआ है.

'मानहानि' का मुकदमा यह बताने को पर्याप्त है कि देश को कहाँ ले जाया गया है. नवारुण भट्टाचार्य ने दशकों पहले लिखा था 'मृत्यु उपत्यका नहीं है मेरा देश' और उनके पहले मुक्तिबोध ने साफ शब्दों में कहा था ह्लमर गया देश, अरे जीवित रह गए तुमह्व. राहुल गाँधी पर मानहानि का मुकदमा सोच-समझ कर किया गया था, जिसका राजनीतिक प्रयोजन है. कांग्रेस देश की प्रमुख राष्ट्रीय पार्टी है. राहुल गाँधी की छवि बिगाड़ने के लिए प्रचार-माध्यमों एवं अन्य माध्यमों में हजारों करोड़ रुपए खर्च किये गए हैं. कांग्रेस-मुक्त भारत की बात केंद्र की सत्ता में आने के बाद कई बार मोदी-शाह ने कही है. लोकतंत्र में असहमति महत्त्वपूर्ण है. कांग्रेस-मुक्त या विपक्ष झ मुक्त भारत की बात कहना लोकतंत्र विरोधी है. मानहानि के मुकदमे राहुल के खिलाफ कई राज्यों में दायर किये गए हैं. मानहानि के इस मामले में कोई जाँच नहीं की गयी. श्री दवे पहले मजिस्ट्रेट थे. याचक ने हाई कोर्ट में यह मामला 'स्टे' कराया. 7 फरवरी को राहुल गाँधी ने लोकसभा में प्रधानमंत्री और अडाणी के रिश्ते को लेकर कई तीखे सवाल पूछे थे. 9 दिन बाद 16 फरवरी को पूर्णेश मोदी ने हाई कोर्ट में जाकर मामला आरम्भ करने की माँग की. जब तक राहुल गाँधी ने अडाणी झ मोदी के संबंध को लेकर सवाल नहीं किया था, तब तक यह मुकदमा ठंडे बस्ते में पड़ा रहा था. गुजरात हाईकोर्ट के निर्देश के बाद मोदी सरनेम केस में हरीश हँसमुख भाई वर्मा ( एच. एच. वर्मा) ने जल्द सुनवाई की और 23 मार्च को दिए फैसले में राहुल गाँधी को दो साल की सजा दी, जिससे उनकी सांसद सदस्यता प्रभावित होती. लोकसभा सचिवालय ने 24 मार्च 2023 को अपनी अधिसूचना (संख्या 21/4 (3) 2023/ळड/(इ) जारी की और वायनाड संसदीय क्षेत्र की उनकी लोकसभा की सदस्यता समाप्त की गई.

पूर्व जस्टिस वी. जी. कोलसे ने दूरदर्शन पर मनमोहन सिंह को 'अमेरिका का दलाल' कहा था. मदांध शासक केवल मन को महत्त्व देता है. देश से अपने को बड़ा या अपने को ही देश समझने के बाद शासक किसी की नहीं सुनता. उसे सवाल पसंद नहीं होता. प्रश्न पूछना वहाँ गुनाह है. प्रश्न विहीन लोकतंत्र फासीवाद है. राहुल गाँधी के विदेश में दिए गए भाषण की भाजपा और उसके नेताओं ने काफी आलोचना की थी, उनसे क्षमा माँगने को कहा था. संसद की उनकी सदस्यता रद्द किये जाने की भी बात कही गयी थी. राहुल गाँधी ने क्षमा नहीं माँगी. न संसद में, न संसद के बाहर, न न्यायपालिका के सामने. दिल्ली की एक प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा झ 'मेरा नाम सावरकर नहीं है, मेरा नाम गाँधी है और गाँधी किसी से माफी नहीं माँगते हैं'. गाँधी सच के साथ थे. उनके लिखे लेखों के कारण 1922 में जज ने उनसे माफी माँगने को कहा था. गाँधी ने सच लिखने की बात कही थी. सौ वर्ष बाद भी, स्वाधीन भारत में सच बोलना, सच लिखना, सवाल पूछना अपराध है. राहुल गाँधी पर मानहानि का मुकदमा एक प्रकार का राजनीतिक बदला है. पूर्णेश मोदी भाजपा के विधायक हैं. 'खामोश ! अदालत जारी है' के तर्ज पर यह कहा जा सकता है झ 'खामोश ! फासीवाद है'.





विनय सौरभ की कविता 'मानहानि' आज के भारत का भयावह सच है. ब्रेख्त ने 'सच' के संबंध में जो पाँच बातें लिखी हैं, उसे हम कवि में देख सकते हैं. कवि में सच कहने का साहस है. हिंदी में साहसी कवि कम हैं. साहसी कवि मृत शब्दों को भी जीवित करता है, उनमें ऊर्जा भर देता है. 'मानहानि' कविता देश की चिंताओं से जुड़ी चिंता है. 'बख्तियारपुर' कविता से विनय सौरभ ने अपनी जो पहचान बनायी थी, अब इस कविता के बाद वह पहचान कहीं अधिक अमिट हो गयी है. यह 'देशकाल के शर से' बिंधी कविता है. कवि का 'कन्सर्न' व्यापक है, उसकी चिंताएँ बड़ी और वाजिब हैं, वह हिंदी के उन तमाम कवियों से भिन्न है, जो आत्मलीन हैं, वर्तमान हालातों से बेखबर और तटस्थ हैं. 'मानहानि' कविता हिंदी के कवियों के समक्ष एक उदाहरण भी प्रस्तुत करती है. हिंदी के कवियों पर आज सबसे बड़ी जिम्मेदारी है. देश की वर्तमान स्थिति के लिए हिंदी प्रदेश जिम्मेदार है. 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को प्राप्त कुल 282 सीटों में से 190 से अधिक सीट हिंदी प्रदेशों से प्राप्त हुई थी. भाजपा को बहुमत देने में हिंदी प्रदेश की मतदाताओं की भूमिका है. नरेन्द्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री हिंदी प्रदेश के मतदाताओं के कारण बने हैं. 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को कुल 303 सीटें प्राप्त हुई थीं, जिनमें 170 से कुछ अधिक सीट हिंदी प्रदेश की थी. वर्तमान हालात से बेखबर और तटस्थ रह कर फासीवादी शक्तियों को ही सुदृढ़ किया जा सकता है. 'जो तटस्थ है, समय लिखेगा उनका भी अपराध'.

'मानहानि' कविता में किसी भी व्यक्ति का नामोल्लेख नहीं है. वहाँ हुक्मरान हैं, जज है, गवर्नर है, अपराधी और अपराधी सांसद है, मीडिया है, चैनल है, एंकर हैं, गाँधी के पुतले को गोली मारने वाली सजी झ धजी औरत है, फिल्मकार है, गृह मंत्री है, 'देश के रहनुमा' हैं, तानाशाह है, नया निजाम है, 'विश्वविद्यालय के प्रोफेसर, शिक्षक, डॉक्टर, धनी मारवाड़ी व्यापारी सब हैं', पंडित है, पुलिस अधिकारी है, 'बच्चन साहब' और भारत रत्न क्रिकेटर है. पूरा सत्ता झ तंत्र और उससे जुड़े शक्तिशाली लोग और समूह हैं, जिनकी कैद में देश है. 'मानहानि' कविता मानहानि का अर्थ - विस्तार करती है, उस समय का एक चित्र दिखाती है, जिसमें हम सब हैं. कविता की शक्ति कम शब्दों में बहुत कुछ कहने की है. "राज्यसभा या गवर्नर के / आवास में जाने का एक रास्ता न्यायिक सेवाओं से होकर भी जाता है अब", कविता में 'तब' शब्द नहीं है, पर 'अब' से स्पष्ट है कि ऐसा सदैव नहीं होता था. कल के भारत से आज का भारत विच्छिन्न है. यह अतीत का गुणगान करने वाली शक्तियों की करतूत है. कविता का सौन्दर्य और महत्त्व व्यक्त और कथित के साथ अव्यक्त और अकथित में भी होता है. विनय सौरभ की 'मानहानि' कविता में इसे हम देख सकते हैं. राज्यसभा के सांसदों और गवर्नरों की नियुक्तियाँ जिस प्रकार होती हैं, वे अब सर्वज्ञात हैं. कविता में 'न्यायिक सेवा' पर व्यंग्य है. कम शब्दों में सबकुछ कह देने का काव्य झ कौशल इस कवि ने प्राप्त कर लिया है. 'मानहानि' कविता में कहीं भी 'लोकतंत्र' शब्द का प्रयोग नहीं है पर लोकतंत्र के दो स्तम्भ झ मीडिया और न्यायपालिका की वर्तमान दशा का वास्तविक चित्र है. 'नया मीडिया रोमांच और सेंसेशन परोसने में / पहले ही नंगा हो चुका था / ...समाचार मनोरंजन में /और एंकर भाटों और विदूषकों में बदल गए थे.' ...'मीडिया अब हिन्दू - मुस्लिम कर रहा था / और सुखी था.'

प्रचलित अर्थों में 'मानहानि' कविता प्रतिरोध की कविता नहीं है. हिंदी की प्रतिरोधी कविताओं पर नए सिरे से विचार की भी जरुरत है. कविता में यथार्थ की प्रस्तुति और यथार्थ की रचना, यथार्थ की सर्वांगीण समझ के बिना संभव नहीं है. इसका संबंध कवि की गहरी संवेदना और वैचारिक समझ से है, युग-बोध और इतिहास-बोध से भी है. कविता में प्रतिरोध अव्यक्त रूप में भी होता है. कविता का एक बड़ा कार्य प्रतिरोध के लिए जमीन तैयार करना है. कविता क्रांति नहीं, क्रांति की चेतना तैयार करती है. जिस पत्रकारिता और मीडिया का कार्य सच बताकर सच के पक्ष में जन-मानस तैयार करना था, उसने अपनी भूमिका बदल दी है. उसे देश से, सही समाचारों से कोई मतलब नहीं रहा. ह्लवह तानाशाह को तानाशाह कहना भूल चूका था / लोग तानाशाह को पहचानते थे / मगर तानाशाह नहीं कहते थे / वह उसकी मानहानि हो जाती.ह्व क्या 'दीदी ओ दीदी' कहने में स्त्री की मानहानि जैसा कुछ नहीं है ? टीवी के पर्दे पर अपराधी को लघुशंका करते हुए लाइव दिखाया जाता है, पर जनता का दुःख-दर्द और उसकी समस्यायें वहाँ दिखायी नहीं जातीं. आज के भारत में सच बोलना झ लिखना और सत्ता से, सरकार से, सवाल करना अपराध है. 'कहाँ आ गए हम वोट देते-देते?'

विपक्षी नेताओं में सच कहने का, सवाल पूछने का साहस किनमें है ? राहुल गाँधी ने बार-बार सच कहने की बात कही है. उन्होंने अपनी निर्भीकता का पिछले दिनों प्रमाण भी दिया है. भारत में मानहानि को लेकर संसद की सदस्यता रद्द की गयी है. आज तक जिन 32 सांसदों की सदस्यता रद्द की गई है, उनमें से आधा से अधिक सांसदों की सदस्यता 2014 के बाद समाप्त की गयी है. 45 % के लगभग लोकसभा के सांसदों पर अपराध के मामले दर्ज हैं. विनय सौरभ ने फिल्मकार द्वारा देश के गृह मंत्री की मानहानि की बात लिखी है. अब सही फोटो दिखाना भी अपराध है. 'मानहानि के कारण एक सांसद / अपराधी करार दिया जाता है / और आप जानते हैं कि संसद में / अपराधियों की कोई जगह नहीं है / एक अपराधी के वहाँ होने से / वहाँ की समरसता बिगड़ सकती है.'

'मानहानि' कविता में 'देश की मानहानि' का जिक्र है. कोई पत्रकार यह नहीं कहता था कि देश का मुखिया ही देश की मानहानि कर रहा है. मुखिया सर्वोच्च है, वही देश है. कविता 'देश के रहनुमाओं के सामाजिक व्यवहार' पर सवाल करती है, जिसके डेटा में ह्लमानहानि के न जाने कितने ही / दास्तान दर्ज हैं / जो कोर्ट तक नहीं गए / जो वक्त के साथ भुला दिए गए हैं.ह्व कविता वर्तमान भारत के 'सत्ता - तंत्र' का वास्तविक चित्र दिखाती है. ह्लजहाँ न्यायाधीश भी पीछे हटते / और भय से भरते देखे गए हैं.ह्व नेहरु के शासन - काल में मुक्तिबोध ने 'अँधेरे में' कविता लिखी थी. 'मानहानि' कविता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्य-काल, शासन-काल में लिखी गई है. मुक्तिबोध ने 'अँधेरे में' कविता में अर्ध रात्रि के जुलूस में हत्यारे डोमा उस्ताद के साथ कवि झ लेखक, पत्रकार सबको देखा था. 'मानहानि' कविता में वोट पाने के लिए अपराधी के नगर झभ्रमण में उसके पीछे ह्लविश्वविद्यालय के प्रोफेसर, शिक्षक, डॉक्टर, धनी मारवाड़ी व्यापारी सबह्व चल रहे हैं. कविता में जो स्वप्न है, संभव है, कल वह सच भी हो. कवि स्वप्न में एक पंडित को अपने ऊपर मानहानि का मुकदमा दायर करते देखता है, पुलिस उसके घर आकर फेसबुक पोस्ट चेक करती है, उसकी डायरियाँ पढ़ती है. जब भगवान को साधु-संत, बड़े मंदीर के पंडित, प्रधानमंत्री सब मानते हैं तो भगवान को न मानना, इन सबसे अपने आपको बड़ा समझना है. यह सबकी मानहानि है. कविता में किसी भी कंट्रोवर्सी में न पड़ने वाले 'बच्चन साहब' हैं और भारत रत्न क्रिकेटर भी. सब मिल-जुल कर जिस भारत का निर्माण कर रहे हैं, वह कवि का ही नहीं, इस स्तम्भ लेखक और अनेक लोगों का, करोड़ों भारतीयों का भारत नहीं है.

'मानहानि' कविता मानहानि पर फैसला देने वाले माननीय न्यायाधीशों को अवश्य पढ़नी चाहिए. यह न्याय की कविता है - हिंदी की एक सार्थक, विशिष्ट और महत्त्वपूर्ण कविता है.

**(लेखक वरिष्ठ आलोचक एवं सामाजिक, राजनीतिक चिंतक हैं, संपर्क 94311 03960)**

# कौन डरता है ईडी और सीबीआई से

## प्रसंगवश

निरंकार सिंह



भ्रष्टाचार देश की एक बहुत बड़ी समस्या है। आज यह देश की एकता और अखंडता के लिए खतरा बन गया है। इससे माफिया गिरोहों और आतंकवादियों की जड़े मजबूत हो रही हैं और हिंसक आंदोलनों को बढ़ावा मिला रहा है। भ्रष्टाचार पर तभी लगाम लगाई जा सकती है जब हमारे जनप्रतिनिधियों का दामन साफ हो। इसलिए इसके खिलाफ हर संभव कार्रवाई की जानी चाहिए। पर विपक्ष के नेता प्रवर्तन निदेशालय अर्थात ईडी और सीबीआई की कार्रवाई को लेकर सवाल उठाते रहते हैं। गौरतलब है कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव, दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला, पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने पांच मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया था।

पिछले 75 वर्षो में देश ने तरक्की की जिन बुलन्दियों को छुआ, हमारे कुछ नौकरशाहों और राजनेताओं ने उसके बराबर, बल्कि उनसे कहीं ऊंची भ्रष्टाचार की मीनारें खड़ी की हैं। कई राज्यों में मंत्रियों ने जिस तरह से सत्ता के बल पर जनता को लूटा उसकी कोई मिसाल नही मिलती है। लेकिन दुखद आश्चर्य यह है कि भ्रष्टाचार में संलिप्त लोग अब शर्मसार नहीं होते। ऐसे में, यदि उससे जुड़ी खबरें हमारी संवेदना का महत्वपूर्ण हिस्सा नहीं बन पाती हैं, तो यकीनन यह समाज के क्षयग्रस्त होने का ही परिचायक है। दरअसल भ्रष्टाचार की विषवेल राजनीतिज्ञों और नौकरशाहों की छत्रछाया में ही पल्लवित हुई है। हमारी संसदीय लोकतांत्रिक प्रणाली पतन की उस पराकाष्ठा पर पहुॅच गयी है जहां कई राज्यों में राजनीतिक सत्ता का मतलब सिर्फ स्वार्थ की पूर्ति हो गया है। सरकारी कर्मचारियों की तैनाती और तबादले रिश्वत के बल पर किये गये। इससे पूरी प्रशासनिक व्यवस्था ध्वस्त हो गयी। सच को दबाने के लिए पत्रकारों को भी जेल में डाल दिया गया।

कुछ राजनीतिक दलों के नेता भ्रष्टाचार के खिलाफ इनफोर्समेंट डायरेक्टरेट /ईडी और सेंट्रल ब्यूरो आफ इन्वेस्टिगेशन /सीबीआई की कार्रवाई को राजनीति प्रेरित बता रहे हैं। किंतु भ्रष्टाचार के आरोप किसी पर भी हैं और वे गलत हैं तो उसे डरने की क्या जरूरत है। आरोप बेबुनियाद हैं तो वे अदालत में साबित नहीं हो पाएंगे। फिर निर्दोष साबित होने पर उसकी प्रतिष्ठा और बढ़ जाएगी। ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग के अधिकारी जहां-जहां जांच कर रहे हैं, उन्हें वहां से लाखों-करोड़ों की बेहिसाब धनराशि और संपत्तियां मिल रही हैं। फिर किसी को जेल भेजने का अधिकार तो अदालतों के पास ही होता है। अदालत सबूत के आधार पर ही कार्रवाई करती है। फिर कुछ नेता और उनके समर्थक शोर-शराबा और प्रदर्शन करके किसको मूर्ख बना रहे हैं ? जाहिर है कई नेताओं के चेहरे पर से पर्दा हट गया है और कुछ के उपर से हटने वाला है। इसलिए अब उनकी चो?ी जब पकड़ी जा रही है तो वे अनाप-शनाप बयान दे रहे हैं। ऐसा लगता कि इस तरह की अराजकता फैलाना उनके चरित्र का हिस्सा बन गया है।

नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की जांच को लेकर कांग्रेस नेताओं की चीख-पुकार यही रेखांकित कर रही है कि वह गांधी परिवार को कानून से ऊपर मानती है। स्वयं सोनिया और राहुल गांधी भी ऐसी ही प्रतीति करा रहे हैं। यह एक तरह से खुद को विशिष्ट समझने की सामंती मानसिकता का ही प्रदर्शन है। कांग्रेस इस मानसिकता का परिचय एक लंबे समय से देती चली आ रही है। जैसे कांग्रेस नेशनल हेराल्ड मामले की जांच को लेकर आपत्ति जता रही है, वैसे ही अन्य विपक्षी दल भी। बेहतर होगा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल देश को यह समझाएं कि गांधी परिवार ने नेशनल हेराल्ड की हजारों करोड़ की संपत्ति कैसे हथिया ली? कांग्रेस ने तो इस कानून को लोकतंत्र को क्षति पहुंचाने वाला भी करार दिया। आखिर भ्रष्टाचार निरोधक किसी कानून को लोकतंत्र के विरुद्ध कैसे कहा जा सकता है?

देश के तमाम भ्रष्ट नेताओं और नौकरशाहों की बड़ी-बड़ी कोठियां, कृषि फार्म, मोटर गाड़ियां एवं बहुत सारी नामी और बेनामी सम्पत्तियों को देखकर यह लगता है कि जैसे कानून उनके लिए बनाये ही नहीं गये हैं। आय से अधिक सम्पत्ति के मामले में कई राजनेताओं और नौकरशाहों की जांच पड़ताल हुई पर उनका कुछ नहीं बिगड़ा। कुछ नौकरशाह तो रिटायरमेंट के बाद जांच से बचने के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों में शामिल होकर विधायक और सांसद भी बन गये हैं। अब वह खुद कानून बनायेंगे। अगर कानून बन भी गया तो उसे लागू नहीं होने देंगें। यही कारण है कि कांग्रेस समेत 17 विपक्षी दलों ने एक साल पहले एक संयुक्त बयान जारी कर धन शोधन निवारण अधिनियम यानी पीएमएलए की संवैधानिकता बरकरार रखने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले को खतरनाक करार देते हुए उसकी समीक्षा की मांग की थी। इससे ऐसा लगता कि अब वे भ्रटाचार के अधिकार के लिए जंग कर रहे हैं। क्या विपक्षी दल यह कहना चाहते हैं कि भ्रष्टाचार के मामले में अन्य सबके खिलाफ तो कार्रवाई हो, लेकिन नेताओं को बख्श दिया जाए?

यदि ऐसा नहीं है तो फिर यह सिद्ध करने की चेष्टा क्यों की जा रही है कि नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच प्रतिशोध की राजनीति अथवा ईडी का मनमाना इस्तेमाल है? तमाम उपायों के बाद भी राजनीतिक भ्रष्टाचार जिस तरह खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है, उसे देखते हुए यह आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है कि काला धन बटोरने और उसे सफेद करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। कोई राजनेता चुनकर आता है। थोड़े दिनों में उसके सगे-सम्बन्धी मालदार कैसे बन जाते हैं? क्या उनके ऊपर लक्ष्मी रातोंरात प्रसन्न हो जाती है। अगर राजनेता निष्कलंक नहीं होंगे, अगर राजनेता का जीवन पारदर्शी नहीं होगा, तो कैसे काम चलेगा। अफसरों से कहना चाहिए। उनके विरूद्ध कार्रवाई होनी चाहिए। राजनेता यदि ईमानदार नही होगा तो उसमें वह नैतिक बल नहीं आयेगा जिस नैतिक बल से समाज बदला जाता है, व्यवस्था बदली जाती है। यह केवल कानून बनाने का मामला नहीं है। लोकतंत्र एक वातावरण की मांग करता है। लोकतंत्र एक नैतिक व्यवस्था है और वह लोकतंत्र दांव पर लगा है।

एक बार फिर 14 दलों ने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार ईडी और सीबीआई का मनमाना उपयोग कर रही है। इन दलों में वे दल मुख्य रूप से शामिल है जिनके नेताओं के भ्रष्टाचार के मामले में ईडी और सीबीआई जांच कर रही है या होने वाली है। जिन्होंने देश को लूटा है अब उन्हें ईडी और सीबीआई से डर लग रहा है। इनका कहना है कि भाजपा के नेता क्या दूध के धुले हुए हैं? उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं होती है? इस सवाल में दम है। लेकिन भाजपा नेताओं के भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए विपक्षी नेताओं को ठोस सबूत के साथ मामले को संसद में उठाना चाहिए। संसद में केवल हंगामा करने से कुछ नहीं होगा। संसद में सच को उजागर कीजिए। देश को बताइए कि आप तथ्यों के आधार पर आरोप लगा रहे हैं। यदि वहां आपकी बात नहीं सुनी जाती है तो इसके लिए आप अदालत का दरवाजा खटखटा सकते हैं।

यह कोई बहुत पुरानी बात नहीं है जब कांग्रेस के मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के कार्यकाल में भाजपा ने कोयला घोटाले, स्पेक्ट्रम घोटाले, कॉमनवेल्थ गेम्स घोटाले जैसे कई मामलों को संसद में उठा कर एवं अदालत के जरिए सत्तारूढ़ गठबंधन के कई नेताओं के खिलाफ कार्यवाही करवाई थी। इसलिए सिर्फ हवा में तीर चलाने से कुछ नहीं होगा। विपक्षी नेताओं को ठोस सबूतों के आधार पर भाजपा नेताओं के भ्रष्टाचार को उजागर करना होगा। आज ईडी और सीबीआई जिन नेताओं के खिलाफ कार्रवाई कर रही है, उनके भ्रष्टाचार के बारे में सारे सबूतों का ब्यौरा अदालत के सामने रखती है। उसी आधार पर कई नेता और मंत्री आज जेल के सींखचों के पीछे गए हैं। इसलिए शिवसेना, टीएमसी और कांग्रेस के नेताओं को सड़कों पर धरना प्रदर्शन के बजाय अपने नेताओं की बेगुनाही का सबूत अदालत में पेश करना होगा । यदि वे सही हैं तो उन्हें न्याय मिलेगा। श्रीमती सोनिया गांधी और राहुल गांधी का मामला कोर्ट में पहले से ही चल रहा है। वे इस समय जमानत पर हैं। इसलिए सड़कों और संसद में हंगामा करने से कुछ हासिल होने वाला नहीं है। इससे उनकी पार्टी की छवि एवं साख और अधिक धूमिल हो रही है।

**(लेखक हिन्दी विश्वकोष के पूर्व सहायक संपादक हैं, संपर्क 09451910615 )**

## व्यंग्य



# भाव गिरे मगर कहां?

प्रभाशंकर उपाध्याय

एक समाचार पढकर मेरा मन-मयूर नाच उठा था। अखबार में मोटे हर्फो में लीड न्यूज थी कि थोक मूल्य सूचकांक में बहुत बड़ी गिरावट आयी है और वह गिरकर दहाई के अंक पर आ गया है। इसके साथ ही खुदरा मूल्यों में भी कमी हुई है। हमारी केन्द्रीय बैंक ने भी बड़ा संतोष जताया है क्योंकि महंगाई से उन्नीस माह की सतत रिक्वेस्टों के बाद इस डायन को आखिरकार दया आ ही गयी। मैंने पत्नी को सूचकांक गिरने की सूचना दी तो वो उछल पड़ी, "वॉऊ...अब, बिना समय गंवाए बाजार निकल जाओ और ये सामान खरीद लाओ।" उसने एक लंबी सूची बनाकर मुझे थमा दी। "मुई, महंगाई का भरोसा नहीं फिर कब उछाल मार ले।" यह कहते हुए श्रीमतीजी ने एक बड़ा थैला मेरे हवाले कर दिया। मैं भी मत चूके चौहान वाली उक्ति का रट्टा मारते मारते किराने वाले की दुकान पर पहुंच गया। वस्तुओं की सूची देकर पूछा, "इन पर कितने कितने भाव गिरे हैं?"

उसने चश्मे का एंगल ठीक किया, आंखें सिकोड़ीं फिर दो मिनट बाद बोला, "गिरे नहीं बाबूजी बल्कि सब पर चढे हैं।" उसका उत्तर सुनकर मैं, गिरने लगा कि पास खड़े दुकान के नौकर ने मुझे सहारा देकर पूछा, "क्या हुआ, साहब?"

मैंने कहा, "कुछ नहीं यूं ही सिर घूम गया था।" फिर मैंने लगभग मूर्छित हुए दिल को दिलासा दिया, दिले नादां तुझे भी गिरने की ऐसी क्या जल्दी है? तनिक सब्र रख, भाव अवश्य ही गिरे होंगे। फिर दुकानदार से प्रश्न किया, "अखबार में तो खबर है कि मुद्रास्फीति की दर में भारी गिरावट आ गयी है। खुदरा भाव भी गिरे हैं तो इन वस्तुओं में क्यों न गिरे?"

वो खीसें निपोरकर बोला, "बाबूजी! मैं कोई वित्तमंत्री तो हूं नहीं, जो इस बात का खुलासा कर सकूं। मैंने, आज सुबह समाचार पढकर होलसेल सप्लायर को फोन किया था तो उसने बताया था कि किराने के जिन्सों के भाव तो और बढ गए हैं। अब, अखबार की बात तो अखबार वाले ही जानें।"

अलसमंड जी पेशे से पत्रकार हैं और वे उसी समाचार पत्र में न्यूज डेस्क पर काम करते हैं। मेरे परिचित हैं सो मैंने उन्हें फोन लगाया। जर्नलिस्ट लोग दफ्तरों से देर रात आते हैं और प्रायः उठते भी देरी से। तीन-चार दफा रिंग मारने पर उनकी नींद भरी आवाज आयी, "क्या है?"

"मैं, भाव गिरने के समाचार पढकर बाजार में आया हूं लेकिन भाव तो घटे ही नहीं?"

मेरा सवाल सुनकर वे झल्लाए, "हमारे पास तो ऊपर से न्यूज आयी थी और हमने छाप दी।" फोन कट हो गया।

मैं, सहज में हार मानने वालों में से नहीं हूं। मैंने अर्थशास्त्र के जानकार ठेपीलाल को फोन लगाया। ठेपी मेरे पुराने मित्रों में से हैं। मेरी जिज्ञासा को ग्रहणकर वे ठठाकर हंसे, "डीयर फ्रेंड! घर जाओ और अखबार को ध्यान से पढो। धातुओं, गैर खनिज उत्पादों, खनिज तेल, फेब्रीकेटेड यार्न, इलेक्ट्रोनिक उत्पादों आदि वस्तुओं के मूल्य सूचकांक में भारी गिरावट दर्ज हुई है लेकिन खाने की वस्तुओं में मामूली बढोतरी अंकित की गयी है।"

"ओह! मैं तो न्यूज का टाइटल देख कर ही बाजार को दौड़ लिया था। खैर, अब मैं तो सब्जीमंडी जा रहा हूं। पढा था कि तरकारियों के दामों में भी खासी गिरावट दर्ज की गई है।" आज की तारीख में खाली थैला लौटना नहीं चाह रहा था, मैं। श्रीमतीजी के सामने नाक का भी सवाल था। भावों के धड़ाम होने की सूचना भी तो मैंने ही उन्हें दी थी। खाली लौटने पर मेरे ज्ञान और अध्ययन की खिल्ली उड़ाना तो तय था।

मेरी बात पर ठेपीजी ठठियाए, "हा...ऽ.ऽ..हा...ऽ.ऽ..हा.., ऐ मेरे नादान दोस्त! खबरों पर न जा। बजट में राहत बरसती है लेकिन हकीकत में लाभ नहीं होता। जी.एस.टी. लागू होने की खबरों से लगा था कि अबकी जीत जनता की है। मगर, फायदा कहीं नजर नहीं आ रिया है। तुम सब्जी मंडी जाओ और लौटकर मुझे जरूर बताना कि तरकारियों में सस्ता क्या मिला?"

**(लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9414045857)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# एम्बुलेंस 102 और 108 की मानीटरिंग की जाय : डीएम

**निर्देश**

**डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न**

**जनसंदेश न्यूज**



बैठक में शामिल अधिकारियों को संबोधित करतीं डीएम

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में एन0एच0आई0 विभाग द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि हाईवे पर 02 एम्बुलेंस संचालित हैं जो दुघर्टना होने पर घायल होने की स्थिति में उपचार हेतु भेजा जा सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि एम्बुलेंस 102 व 108 की मानिटरिंग की जायें। उन्होने कहा कि जो भी स्कूल वाहन है वे बिना फिटनेस के गाड़ी न चलायें। उन्होने कहा कि स्कूल के वाहनों के स्वास्थता प्रमाण पत्र व स्कूल वाहन चालकों के चरित्र का सत्यापन अवश्य करा लिया जाय।

उन्होने कहा कि सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत जागरूकता अभियान चला कर लोगों को दुघर्टना से बचाव के बारे में जानकारी दी जाय। यह भी निर्देशित किया गया कि समय-समय पर प्रवर्तन कार्यवाही की जायें। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुघर्टना में घायल व्यक्तियों को तत्काल चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराया जाय। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि गाड़ियों में फर्जी नेम प्लेट लगाकर चलने वालो के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करें। एसपी संतोष कुमार मिश्र ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि समय-समय पर प्रवर्तन कार्यवाही करते हुये दुघर्टनाओं में कमी लाये। उन्होने कहा कि जो अवैध वाहन स्टैण्ड संचालित कर वसूली की जा रही है उस पर नियमानुसार जांच कर कार्यवाही की जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, क्षेत्राधिकारी नगर परमानन्द कुशवाहा, अधीक्षण अभियन्ता लोक निर्माण विभाग अशोक कुमार द्विवेदी, अधिशासी अभियन्ता सुनील दत्त, जिला विद्यालय निरीक्षक अमरनाथ सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद, सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# पूर्व सांसद उमाकांत मिश्र की मनाई गई जयंती

**मीरजापुर।** कटरा बाजीराव में पूर्व चेयरमैन दीपचंद जैन के आवास पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवम पूर्व सांसद पंडित उमाकान्त मिश्र की 98वीं जयंती पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष पूर्व विधायक भागवती प्रसाद चौधरी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कहा कि पंडित उमाकांत मिश्रा ब्लॉक प्रमुख से लेकर सांसद तक का सफर तय किया।



पूर्व सांसद की जयतीं मनाते कांग्रेसी

उन्होंने कहा कि बहुत ही साधारण व्यक्ति थे। कभी भी वह अपने आपको सांसद नहीं समझते थे। रिक्शा पर भी बैठ कर चले जाते थे। आज हम सब लोग उनको नमन करते हैं। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजन पाठक ने भी पंडित उमाकांत मिश्रा को जयंती पर कहा कि हम सब लोग संकल्प लेते हैं। उनके बताए हुए रास्ते पर चलने के लिए पूर्व चेयरमैन दीपचंद जैन, पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि हमको सभासद का चुनाव पंडित उमाकांत मिश्रा ने ही लड़ाया था। इस दौरान मीडिया प्रभारी छोटे खान, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संजय दुबे, विक्रम जैन, प्रियंका जैन, भोला चौरसिया, कृष्णा जयसवाल, संतोष उमर, अंकित अग्रहरि, संदीप घई, अशफाक खान, दयाराम यादव, दिनेश मौर्या, रामप्यारे यादव, अन्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### ग्रामीणों की सतर्कता से बुझी आग, कच्चा मकान जलने से बचा

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के करनपुर गांव निवासी किसान बिटोल गोंड के कच्चे मकान में गुरुवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई घर में आग की लपटें उठती देखकर अगल बगल के लोग डिब्बा, बाल्टी में पानी लेकर आग बुझाने के लिए दौड़ पड़े और थोड़ी ही देर में आग पर काबू पा लिया। नही तो आग की चपेट में आने से घर जलकर राख हो जाता। घटना के समय किसान बिटोल गोंड परिवार के साथ फसल की कटाई करने खेत पर गए थे। सूचना पाकर दौड़ते भागते घर पहुंचे लेकिन तबतक ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था। आग बुझने पर किसान ने राहत की सांस ली।

### आचार संहिता के पालन में हटवाए होल्डिंग बैनर पोस्टर

**हलिया।** विधानसभा उपचुनाव की अधिसूचना जारी होते ही आचार संहिता का डंडा चलना शुरू हो गया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने राजनीतिक दलों का होर्डिंग-बैनर और पोस्टर हटवाया। अभियान के चलते पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही। चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से कराए जाने और किसी तरह के पक्षपात से बचने के लिए अधिकारियों के निर्देश पर ड्रमंडगंज थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने बृहस्पतिवार को क्षेत्र में मार्च कर सड़कों पर लगे होर्डिंग और बैनर हटवाए। पुलिस ने दीवारों और खंभों पर लगे होर्डिंग और बैनर उतारने में जुट गई है। दीवारों पर चस्पा किए गए पोस्टरों को उखाड़ दिया गया।

### गेहूं खरीद का किया गया शुभारंभ

**लालगंज।** स्थानीय साधन सहकारी समिति लहंगपुर (पगार) पर गुरुवार को गेहूं खरीद का शुभारंभ हुआ है। गेहूं खरीद का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष जयशंकर तिवारी ने कांटा पूजन कर किया। उद्घाटन के मौके पर बामी गांव निवासी किसान मुनौव्वर अली से कुल बीस कुंतल गेहूं की खरीद किया गया। साधन सहकारी समिति लहंगपुर पर गेंहू बेचने के लिए डेढ दर्जन किसानों ने संपर्क किया है। केंद्र प्रभारी सिद्धनाथ दुबे ने बताया कि गेहूं खरीद का शुभारंभ हो गया है। पहले दिन एक किसान की गेहूं की तौल कराई गई है। कहा कि गेहूं बेचने के लिए डेढ दर्जन से अधिक किसानों ने संपर्क कर नंबर लगाया है। नम्बर के आधार पर खरीदारी की जाएगी।

### जानकारी दिए बगैर लोड बढ़ाने पर सांसद प्रतिनिधि ने दिया पत्रक

**अहरौरा।** सांसद प्रतिनिधि एवं सभासद सिद्धार्थ सिंह उर्फ मिक्की सिंह ने गुरुवार को स्थानीय पावर हाउस पर पहुंचकर उपखंड अधिकारी को पत्रक देकर अवगत कराते हुए बताया कि नगरीय क्षेत्र में विभाग के कर्मचारियों द्वारा नगर क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों के लगभग हजारों कनेक्शन धारकों के विद्युत मीटर का लोड बिना जांच किए ही कमर्शियल कर दिया गया है। इससे कनेक्शन धारकों का बिल गलत तरीके से आ रहा है जिससे कनेक्शन धारकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और वह अपना विद्युत बिल जमा करने में असमर्थ महसूस कर रहे हैं। जिस पर उनके द्वारा पत्रक देखकर अनुरोध करते हुए उचित जांच कर कनेक्शन धारकों के बीच में न्याय करने का आग्रह किया है जिससे कि कनेक्शन धारक समय से बिजली बिल जमा कर दे तो राजस्व में भी इजाफा होगा। इस दौरान शिबू केसरी, पवन मोदनवाल, वसीम अंसारी, सोनू केसरी, समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

### शांति भंग की आशंका में तीन का चालान

**राजगढ़।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के कुशल दिशा-निर्देश पर जनपद में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। वहीं शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान राजगढ़ थाना क्षेत्रांतर्गत शांति व्यवस्था में बाधक उत्पन्न हो रहे तीन व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया। दीपक धरकार पुत्र भोला, अमन धरकार,व कार्तिक धरकार पुत्रगण प्रेम निवासी बघौड़ा थाना राजगढ़,हाल पता कोटवा पाण्डेय थाना कोतवाली देहात जनपद मीरजापुर में बैग का लाक बदलने को लेकर लड़ाई झगड़ा हुआ था। जिसके संबंध में राजगढ़ थाने पर तहरीर दी गई थी। जहां उपनिरीक्षक भरत राय मय फोर्स बघौड़ा में पहुंचे और दोनों पक्षों को समझा बुझाकर मामला शांत कराने का प्रयास किया गया लेकिन दोनों पक्ष और उग्र हो गए और आपस में मारपीट करने पर उतारू हो गए।जिसके संबंध में दोनों पक्षों को पकड़ कर थाने लाया गया तथा शांति भंग की धारा में चालान कर दिया गया।

### गेहूं खरीद का किया शुभारंभ

**जमालपुर।** क्षेत्र के ओड़ी (हसौली) साधन सहकारी समिति क्रय केंद्र पर गुरुवार को सचिव बाबूलाल सिंह ने तौल कांटा का पूजन कर गेहूं खरीद का शुभारंभ किया। जिसमें ओढ़ी गांव निवासी सूराज सिंह का 87 क्विंटल गेहूं की खरीद किया गया। केंद्र प्रभारी बाबूलाल सिंह ने बताया कि क्रय केंद्र पर गेहूं विक्रय करने के लिए अबतक कुल 109 किसानों ने संपर्क किया है। क्रय केंद्र पर गेहूं खरीद के लिए 2500 बोरा उपलब्ध है। जमालपुर सहकारी संघ पर केंद्र प्रभारी उमेश सिंह ने गुरुवार को तौल कांटा का पूजन कर गेहूं खरीद का शुभारंभ किया और बताया कि फिलहाल बोरे की कोई कमी नहीं है। इस दौरान किसान रामधारी, रणजीत, अमित सिंह एवं मनोज कुमार से 225 क्विंटल गेहूं की खरीद हुई। एडीओ कोआपरेटिव कृष्ण मुरारी त्रिपाठी ने जमालपुर सहकारी संघ गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण किया एवं क्रय केंद्र प्रभारी को किसानों से संपर्क कर गेहूं खरीद में तेजी लाने पर जोर दिया। इस दौरान आकाश सिंह पटेल, मुन्नी यादव, कैलाश, नंगा, रामबचन, अनवर अली, सुरेन्द्र सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### पूरे वेतन की मांग को लेकर अड़े रहे फैक्ट्री के कर्मचारी



गेट पर प्रदर्शन करते कर्मचारी

**चुनार।** जेपी सीमेंट फैक्ट्री में कार्यरत कर्मचारियों, श्रमिकों का 7 माह से वेतन नहीं मिल रहा है। बकाया वेतन भुगतान को लेकर फैक्ट्री में कर्मचारी एवं सिक्योरिटी गार्ड ने आक्रोशित होकर अनिश्चित काल के लिए प्रशासनिक क्रमिक गेट व डिस्पैच गेट को घेर रखा है। कड़कड़ाती धूप में धरना प्रदर्शन पर बैठे हुए हैं। धरनारत कर्मचारियों ने बताया कि कंपनी द्वारा पिछले एक वर्ष से आधा वेतन दिया जा रहा था। कई माह से वेतन नहीं मिल रहा है। बकाया भुगतान नही होने से सैकड़ों कर्मचारियों ने प्रशासनिक एवं क्रमिक व डिस्पैच गेट बंद कर धरना पर बैठे हुए हैं। साथ ही बच्चों के स्कूल का फीस जमा नही हो पा रहा है। धरनारत कर्मचारियों के माथे पर बच्चों के भविष्य की चिता साफ दिखाई दे रहा है। श्रमिकों का परिवार भुखमरी के कंगार पर पहुंच गया। जिससे अक्रोशित होकर कर्मचारी अनिश्चित काल के लिए धरना प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी करते रहे। डिस्पैच गेट व प्रशासनिक एवं क्रमिक गेट पर बैठे कर्मचारियों ने कंपनी का कोई वाहन बाहर नहीं निकलने दिया। वही जेपी सीमेंट फैक्ट्री के महाप्रबंधक सुधीर मिश्रा ने प्रदर्शन कर रहे श्रमिकों से कहा की एक माह का वेतन दिया जायेगा। धरना पर बैठे श्रमिकों ने अपने पूरे बकाया भुगतान पर अड़े रहे। इस दौरान चंद्रभान सिंह, लवकुश, अमित कुमार सिंह, सरफराज यादव, सुदर्शन सिंह, बुद्धेश कुमार, शिवदास, अनिल यादव, नंदलाल, राजेश प्रजापति, अशोक कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में फैक्ट्री के पीड़ित कर्मचारी,एवं सुरक्षा गार्ड उपस्थित रहे।

### शिवमूर्ति नगर से चित्रकूट तक चलेगी बस

**लालगंज।** जीरो रोड डिपो की बस गेरूआ डीह से चित्रकूट वाया माण्डा खास बस सेवा को 12 किलोमीटर आगे शिवमूर्ति नगर लालगंज तक बढ़ाया गया है। प्रयागराज के क्षेत्रीय प्रबंधक एम के त्रिवेदी ने बताया कि बस जीरो रोड बस स्टैंड से प्रतिदिन सायं काल छः बजे शिवमूर्ति नगर लालगंज के लिए और शिवमूर्ति नगर से सुबह साढे पांच बजे प्रयागराज होकर घूरपुर जसरा बारा होकर चित्रकूट के लिए रवाना होगी। चित्रकूट से यह बस प्रतिदिन दो बजे शिवमूर्तिनगर लालगंज के लिए रवाना होगी। रात्रि साढे आठ बजे बस शिवमूर्ति नगर लालगंज पहुंच जायेगी। बरडिहा, निनवार, बनवारी होकर लालगंज जायेगी। उक्त बस सेवा को शिवमूर्ति नगर लालगंज तक बढ़ाये जाने से यहां के लोगों को चित्रकूट जाने की सुविधा होगी। बस संचालित कराये जाने में शशिभूषण दूबे के प्रयास सराहनीय है।

### एक अवैध तमंचा मय कारतूस के साथ गिरफ्तार

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अदलहाट पुलिस द्वारा 01 वारण्टी को द्वारा एक अवैध तमंचा मय कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। गुरूवार को उ0नि0 संजय कुमार सिंह मय पुलिस टीम द्वारा 01 वारण्टी प्रकाश सिंह उर्फ चुन्नी सिंह पुत्र कोमल सिंह ग्राम पचेगड़ा थाना अदलहाट मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बंध में थाना अदलहाट पर धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार आरोपी को जेल भेजा गया।

### जिलाबदर अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों, ईनामिया, जिलाबदर, वारण्टी व वांछित अभियुक्तों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। गुरूवार को थाना विन्ध्याचल पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना विन्ध्याचल क्षेत्र से जिलाबदर अपराधी अमित सिंह पुत्र मनोज सिंह निवासी अकोढ़ी थाना विन्ध्याचल मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया।

# कार्यकर्ताओं के साथ मनाया पार्टी का 44वां स्थापना दिवस



कार्यक्रम में शामिल निवर्तमान अध्यक्ष

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** भारतीय जनता पार्टी के 43वें स्थापना दिवस पर गणेशगंज के बूथ संख्या 280 पर निवर्तमान पालिकाध्यक्ष मनोज जायसवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मनाया। इस मौके पर उन्होंने अपने घर के छत पर भाजपा का झंडा भी लगाया।

पार्टी के 44वें स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश के कार्यकर्ताओं को वर्चुअली संबोधित किया। उनके संबोधन को निवर्तमान पालिकाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के सुना। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज तक जिन महान लोगों ने पार्टी को संवारा है, समृद्ध और सशक्त किया है, उन कार्यकर्ताओं और नेताओं को शीश झुकाकर प्रणाम करता हूं। 43 साल पहले 6 अप्रैल 1980 को भाजपा का गठन हुआ था।

हनुमान जन्मोत्सव पर उन्होंने कहा कि हनुमानजी सब कुछ कर सकते हैं, सबके लिए करते हैं, लेकिन अपने लिए कुछ नहीं करते। इस मौके पर अशोक सोनी, राज कुमार सोनी, दिलीप केसरी, बाल कृष्ण सोनी, शशांक जायसवाल, दीपक सेठ, ओम केसरी, रूप कुमार गुप्ता, हर्षित जायसवाल, सुनील जायसवाल, राम बाबू सोनी, शशांक सोनी, सुजीत सोनी, अमन जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# पाइपलाइन के लिए हटाया गया अतिक्रमण

**चुनार।** तहसील प्रशासन ने दुगार्जी मोड़, चेचरी मोड व कैलहट में गुरुवार को कई स्थानों पर अतिक्रमण हटाया गया। जेसीबी से कई स्थानों पर चबूतरे तोड़ कर पाइपलाइन बिछाने के लिए व्यवस्था की गई। तहसीलदार नुपुर सिंह के नेतृत्व में हुई कार्रवाई के दौरान अफरातफरी का माहौल रहा। राजस्व तथा पुलिस की टीम ने चुनार दुगार्जी मोड़, चेचरी मोड़ और कैलहट इलाके में पहुंची। प्रशासन की टीम ने जेसीबी चलवाकर पाइपलाइन के लिए गड्ढा खुदवाया। इसके साथ ही हाईवे चौड़ीकरण के दौरान एनएचआई द्वारा मुआवजा दिए जाने के बाद भी सड़क के दोनों ओर कुछ स्थानों पर निर्माण को तोड़ने के लिए भूस्वामियों और गृह स्वामियों को एक सप्ताह की नोटिस दी गई। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार अरुण कुमार यादव व नायब तहसीलदार संजय सिंह, एसएसआई संजीत बहादुर सिंह, कानूनगो भीमसेन सक्सेना, संजीव पांडेय, लेखपाल संजय कुमार, रविंद्र सिंह, सुरेश आदि थे।

# सड़क हादसे का जिम्मेदार उप निरीक्षक किया गया निलम्बित

**हादसा**

**वसूली के लिए वाहन का पीछा कर उसे अचानक रोकने से आटो सवार 6 लोग हुए थे घायल, भड़की थी पब्लिक**

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** वसूली के आरोप में पुलिस के यातायात शाखा में नियुक्त उपनिरीक्षक राजनारायण को निलम्बित कर दिया गया है। यह जानकारी सीओ परमानंद कुशवाहा ने दी। बुधवार को एक डीसीएम को रोकने के लिए अचानक अपनी बाइक उसके आगे खड़ा करने पर माल वाहक के चालक ने ब्रेक लगाया। जिससे पीछे से आ रही आटो टकरा गई। जिससे वाराणसी से विंध्याचल मुंडन कराने आये 6 लोग घायल हो गए थे। स्थानीय लोगों ने हादसे के लिए यातायात पुलिस को जिम्मेदार ठहराया था। इतना ही नहीं उनके दौड़ाने पर दो पुलिस कर्मियों को भागना पड़ा था।

सीओ सिटी परमानंद कुशवाहा ने बताया कि बुधवार को सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक शास्त्री पुल, नटवा, जान्हवी, अष्टभुजा व अष्टभुजा गेस्ट हाउस तिराहा तक वाहन चेकिंग की ड्यूटी लगी थी। चेकिंग के दौरान उपनिरीक्षक राजनारायण ने मीरजापुर शहर की तरफ से आ रहे डीसीएम को दूधनाथ चुंगी के पास रोका। पीछे से आ रही ऑटो डीसीएम से टकरा गयी । जिसमें सवार यात्री घायल हो गये। घायलों को त्वरित इलाज हेतु अस्पताल भिजवाया गया। उक्त उपनिरीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर जांच बैठा दी गई है। जांच रिपोर्ट आने पर विभागीय नियमनुसार कार्रवाई किया जायेगा। स्थानीय नागरिकों का आरोप हैं कि अक्सर वाहनों का पीछा कर उनसे वसूली के बाद छोड़ा जाता हैं। बुधवार को भी लोडेड डीसीएम प्रयागराज की तरफ तेज गति से जा रही थी। इसी दौरान बाइक सवार ट्रैफि क पुलिस के जवान तेजी से आकर उसे ओवर टेक कर उसके सामने खड़े हो गए। इस पर चालक ने ब्रेक लगाया। इससे उसके पीछे आ रही आर्टो टकरा गई। ऑटो में सवार वाराणसी निवासी विंध्याचल धाम में मुंडन कराने आ रहे थे 3 बच्चों समेत 6 लोग घायल हो गए। जिनका उपचार मंडलीय चिकित्सालय में कराया गया था। स्थानीय लोगों ने कहा कि अचानक ओवरटेक करके सामने आकर बाइक से खड़े हुए पुलिस के जवानों को देख चालक के सामने ब्रेक लगाने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। वह या तो पुलिस के जवानों पर गाड़ी चढ़ा दे या ब्रेक लगाए। उसने ब्रेक लगाया और हादसा हो गया। हादसे के लिए लोगों ने पुलिस के जवानों को ही जिम्मेदार ठहराया। आक्रोशित लोगों के दौरान पुलिस के जवानों को जिम्मेदार ठहराते हुए पकड़ने का प्रयास किया गया तो जवान भाग निकले थे। जिसे पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने गंभीरता से लेते हुए उपनिरीक्षक को निलंबित कर जांच बैठाया हैं।

# कई बार चक्कर लगाने के बाद भी नहीं मिला मुआवजा

**कार्रवाई**

**अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध अभियान चलाकर शुरू कराया गया कार्य**

**जनसंदेश न्यूजे**



अतिक्रमण हटवाते एसडीएम लालगंज

**लालगंज।** स्थानीय विकासखंड के फोरलेन सड़क के सर्विस रोड के किनारे बने नाली के बगल एनएचआई के अधिकारियों के साथ अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, एसडीएम, तहसीलदार के साथ पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध अभियान चलाकर हर घर नल जल योजना के अंतर्गत पाइप लाइन का कार्य शुरू कराया।

जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत लहंगपुर बाजार में पाइप लाइन का कार्य कराने का परियोजना प्रबंधन को निर्देश दिया था। निर्देश के क्रम में गुरुवार को अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे अमरेंद्र वर्मा, उपजिलाधिकारी लालगंज भरत लाल सरोज, पुलिस क्षेत्राधिकारी दीक्षांत राज एनएचआई के अधिकारियों संग मौके पर पहुंचकर सर्विस रोड के किनारे बने नाली के बगल अतिक्रमण को खाली करवाते हुए पाइपलाइन का कार्य शुरू कराया गया।

बाजारवासियों ने शिकायत भरे लहजे में कहा कि अभी तक हम लोगों के जमीन का मुआवजा नहीं मिला है। कई बार एसएलओ ऑफिस का चक्कर लगाने के बाद भी वहां के अधिकारियों द्वारा कहा गया कि किसी दूसरे व्यक्ति के खाते में पैसा ज्यादा चला गया है। खाते से पैसा वापस आने पर मुआवजा दिया जाएगा। चलाए जा रहे अभियान में बताया गया कि पाइपलाइन न जाने से पेयजल परियोजना अधूरी पड़ी हुई थी। इसलिए योजना की बाधांओं को दूर करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस मौके पर थाना प्रभारी ज्ञानूप्रिया, चौकी प्रभारी सदानंद सिंह, चौकी प्रभारी बरौंधा धर्म नारायण भार्गव के साथ एनएचआई के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# विशाल भंडारे का किया गया आयोजन

**अदलहाट।** वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर स्थित ग्राम टेडुआ में दैत्राबीर बाबा मंदिर जो टेडुआ बीर बाबा के नाम से प्रसिद्ध है। अति प्रचीन मंदिर का जीर्णोद्धार के बाद लोकार्पण गुरुवार को पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर के विधायक रमेश जायसवाल व अम्बरीश सिह भोला ने फीता काटकर किया। इस दौरान आयोजित विशाल भंडारे में उपस्थित हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के लोकार्पण के अवसर पर कवि राम प्रकाश यादव के नेतृत्व में लोकगीत गायक बबलू यादव बावरा, रामजनम टोपी वाले नौगढ, अशोक लाल यादव जौनपुर, रीया यादव वाराणसी, पूजा रानी बंगाल आदि ने भोजपुरी में बिरहा भजन गाकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम संयोजक ई.प्रमोद कुमार गुप्ता ने आगंतुक भक्तों व अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि लगभग पचीस लाख की लागत में टेडुआ बाबा मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। इस दौरान बीरेन्द्र यादव, पूर्व प्रधान प्रमोद गुप्ता, एस सी केशरी, मिथिलेश पाठक, राघवेंद्र सिह, मल्लू सेठ, ओमप्रकाश आदि ब्यवस्था मे लगे रहें।

# दो कमरे का ताला तोड़ गहना कपड़ा ले गए चोर

**वारदात**

**घटना की जानकारी के बाद भी नहीं पहुंची पुलिस, परिजनों में आक्रोश**

**अदलहाट।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अलमापुर ग्राम में बुधवार गुरुवार की रात एक मकान में ऊपर से घुसकर अंदर के दो कमरे का ताला तोड़ बॉक्स में रखे गहने व कपड़े चोर उठा ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार अशोक कुमार पाठक अलमापुर ग्राम के पूर्वी छोर पर मकान बनाकर निवास करते हैं। मकान के उत्तर पश्चिम कोण तथा पूर्वी भाग में बाउंड्रीनुमा खुली दीवार है।

गृहस्वामी नित्य की भांति खाना खाकर अपने शयन कक्ष में परिवार सहित सो गए थे। बगल के कमरे में बूढ़ी मां सोई हुई थी तथा आसपास के 2 कमरों में ताला बंद था। जिसमें बड़े छोटे बक्सों में कपड़े कुछ गहने रखे हुए थे। 5/6 अप्रैल की रात कुछ अज्ञात चोर घर में प्रवेश कर गए तथा गृह स्वामी के शयन कक्ष को बाहर से कुंडी लगा दिए। लोगों का अनुमान है कि बाउंड्रीनुमा खड़ी दीवार की किसी ओर से घर में प्रवेश किए होंगे। भोर लगभग 4:00 गृह स्वामी अशोक की पत्नी सुमन देवी जाग उठी तो कमरे से बाहर आना चाहि तो कमरा आंगन की ओर से बंद पाया। उन्होंने अपने पति को जानकारी दी। बड़े बॉक्स का सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में रखे 4000 गायब थे। छोटा बॉक्स चोर उठा ले गए थे। जो गांव के दक्षिण में कुछ दूर पर ढूंढने पर मिला। उसमें रखा 7000 एक सोने की चैन एक अंगूठी सोने की 2 अदद चांदी के पायल चोर उठा ले गए थे। सूचना पर सुबह मौके पर पहुंची पीआरबी पुलिस ने मौकाई निरीक्षण किया। गृह स्वामी एक तहरीर में चोरी की सूचना गुरुवार को गहने साड़ी कपड़े तथा नगद रुपए चोरी होने की दी है। समाचार लिखे जाने तक मौकाईवारदात पर पुलिस नहीं पहुंची थी। ना तो चोरी का मुकदमा ही पंजीकृत हुआ था।

# नल से मिलेगा गंगाजल, गंगा में मिला सीवर का पानी

**परेशानी**

**नारघाट में सीवर और पेयजल की पाइप तोड़ी गई,**

**सड़क पर खोदा गड्ढा बना मुसीबत, सड़क पर पसरा गंदा पानी**

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** नगर के नारघाट तिराहा पर सीवर लाइन का पाइप टूटने से लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग पर बह रहा गंदाजल गंगा नदी में प्रवाहित हो रहा है। एक तरफ नल से गंगाजल लोगों के घरों तक पहुंचाने की तैयारी की जा रही है। वही टूटे सीवर का पानी राह में फैलते हुए गंगाजल को प्रदूषित कर रहा है। आवागमन में गंदे पानी से होकर गुजरने के लिए लोग विवश है।

जेसीवी से खोदे गए गड्ढे के कारण पेयजल की पाइप लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई है। जिससे नारघाट और कोटघाट कालोनी समेत कई मोहल्लों में पेयजल आपूर्ति 3 दिन से ठप्प है। बताया जाता है कि नारघाट नदी किनारे नाली चोक होने कारण गंदा पानी घाट की सीढ़ियों से बह रहा था। उसके सफाई के लिए घाट के मोड़ पर जेसीबी से गड्ढा खोदा गया। जिससे पेयजल की पाइप टूट गई। फिर दूसरा गड्ढा खोदा गया। खोदे गए गड्ढे को वैसे ही छोड़ कर नगरपालिका कर्मी चलते बने। बिना जानकारी के खोदे गड्ढे के कारण पेयजल की पाइपलाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई। लिहाजा दो जगह गड्ढा किया गया। अब गड्ढे को जस का तस छोड़े जाने के कारण गंदा पानी गंगा नदी में प्रवाहित हो रहा है। पेयजल की आपूर्ति भी इलाके में नहीं हो पा रही है। स्थानीय नागरिक सत्येंद्र कुमार ने कहा कि आवागमन के दौरान सड़क पर बह रहे गंदे पानी कारण बच्चें और वृद्धजनों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें नगर पालिका की करनी के चलते गंदे पानी से गुजरना पड़ रहा है। एक तरफ सड़क पर गंदा पानी बह रहा है दूसरी ओर घरों में जलापूर्ति ना होने कारण पेयजल और नहाने के लिए भी पानी की किल्लत खड़ी हो गई है।

# ड्रमंडगंज बाजार में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

**हलिया।** ड्रमंडगंज बाजार में चैत्र के शुक्ल पक्ष पूर्णिमा पर गुरुवार को ड्रमंडगंज बाजार में श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मां दुर्गा के मन्दिर पर स्थित हनुमान जी पूजा -अर्चना के बाद शोभायात्रा निकालकर कर पूरे ड्रमंडगंज बाजार में घुमाया गया। नित्यम केशरी के नेतृत्व में सैकड़ों नवयुवक व बच्चों ने शोभायात्रा में भागीदारी की। महोगढ़ी के ग्राम प्रधान सुरेश कुमार केशरी भी हनुमान जी की शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा में डी जे की धुन पर नवयुवक व बच्चे डान्स करते हुए हनुमान जी की जयकारा लगाते हुए लगभग तीन किलोमीटर तक शोभायात्रा की शोभा बढ़ाते रहे। इस दौरान ज्ञान प्रकाश केशरी, सौरभ चौरसिया, अनिल, रामलाल, हनुमान दास सहित सैकड़ों हनुमान भक्त शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। ड्रमंडगंज बाजार में पहली बार चैत्र पूर्णिमा पर हनुमान जी की इतनी बड़ी शोभायात्रा निकाली गई जिसकी सराहना सभी हनुमान भक्तों ने कर रहे हैं।

# ग्यारह वर्षों में बच्चों ने सदा विद्यालय को किया है गौरवान्वित : डायरेक्टर

**आयोजन**

**स्कूल का मनाया गया 12वां स्थापना दिवस**

**जनसंदेश न्यूज**



कार्यक्रम में छात्रों के साथ शामिल डायरेक्टर व अन्य

**अदलहाट।** क्षेत्र के विद्या संस्कार पब्लिक स्कूल का 12वां स्थापना दिवस आज बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर दिन की शुरूआत मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर के हुई। प्रार्थना सभा में बच्चों ने भाषण प्रस्तुत किया और विद्यालय गीत भी गया।

विद्यालय के काउंसिल मेंबर्स की भी घोषणा की गई जो कि बच्चों के द्वारा उनके प्रतिनिधि के रूप में एक सत्र के लिए चुने जाते हैं। इस अवसर पर वाद विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया और बच्चों को प्रेरणाप्रद डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई गई। विद्यालय के चेयरमैन डॉक्टर नागेंद्र प्रसाद द्विवेदी ने सबको बधाई दी। कहा कि विद्यालय की स्थापना पंडित श्रीदेव द्विवेदी मेमोरियल ट्रस्ट के अधीन की गई है जिसका मूल उद्देश्य शिक्षा को सर्वसुलभ करना है। इसी उद्देश्य के साथ ग्रामीण अंचल में इस विद्यालय की स्थापना की गई जिससे ग्रामीण अंचल के बच्चों को पूर्ण सुविधाएं प्रशिक्षित और अनुभवी शिक्षकों द्वारा प्रदान की जाएं और विद्यालय अपने इस उद्देश्य में सफल भी हुआ है। 11 वर्षों में विद्यालय के बच्चों ने सदा विद्यालय को गौरवान्वित ही किया है। विद्यालय की डायरेक्टर सुश्री सौम्या द्विवेदी ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय के गौरवान्वित 11वर्षों में नित नए प्रतिमान स्थापित हुए हैं। विद्यालय में गार्गी पांडेय, हेड गर्ल और हिमांशु हेड ब्वॉय, ऐश्वर्या वाइस हेड गर्ल और यशार्थ वाइस हेड ब्वॉय चुने गए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या शैल तिवारी, आलोक सिंह, अंकित श्रीवास्तव, बिक्कु बरनवाल, अल्पना श्रीवास्तव इत्यादि उपस्थित रहे।

# स्पोर्ट्स

## वॉर्नर, विराट के साथ एलीट सूची में शामिल हुए धवन

**गुवहाटी।** पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हुए मुकाबले में अपनी नाबाद 86 रनों की पारी के साथ ही एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। इस मैच से पहले आईपीएल में केवल दो बल्लेबाजों के नाम पचास या उससे अधिक अर्धशतक हैं। धवन इस एलीट सूची में आने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गये हैं। अब तक आईपीएल में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वॉर्नर के नाम सबसे अधिक 60 और विराट कोहली के नाम 50 अर्धशतक हैं। अब इस सूची में धवन भी जुड़ गये हैं। उनके नाम भी 50 अर्धशतक हो गये हैं। धवन ने रॉयल्स के खिलाफ धीमी शुरूआत के बाद अपनी पारी को संवारा। उन्होंने पावरप्ले में 13 गेंदों में केवल 14 रन बनाए।एक बार लय में आने के बाद धवन ने तेजी के साथ खेलना शुरू करते हुएस्पिनर युजवेंद्र चहल की गेंदों पर हमला बोला धवन ने 36 गेंदों में ही अर्धशतक लगा दिया।

## मार्करराम की वापसी से उत्साहित सनराइजर्स आज सुपर जाइंट्स पर जीत दर्ज करने उतरेगी

**शाम 7:30 बजे से होगा मुकाबला**

**लखनऊ।** आईपीएल में शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला लखनऊ सुपर जाइंट्स से होगा। इस मैच में अपने नियमित कप्तान एडन मार्कराम की वापसी के साथ ही अपने दो प्रमुख खिलाड़ियों मार्को जॉनसेन और हेनरिक क्लासेन के टीम से जुड़ने के कारण सनराइजर्स बढ़े हुए मनोबल से उतरेगी। पहले मैच में उसे राजस्थान रॉयल्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। उस मैच में मार्कराम के अलावा जॉनसेन और क्लासेन भी नहीं शामिल थे और अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने टीम की कप्तानी की थी।

सनराइजर्स के नये कप्तान मार्कराम भी इस मैच में जीत के साथ ही अपनी नेतृत्व क्षमता साबित करना चाहेंगे। पहले मैचम में टीम की हार का कारण खराब बल्लेबाजी ओर गेंदबाजी रहा था। विरोधी टीम राजस्थान रॉयल्स ने मैच में पावर प्ले में ही एक विकेट पर 85 रन बना दिए थे और फिर पांच विकेट पर 203 रन बनाये थे। इस दौरान सनराइजर्स को कोई भी गेंदबाज प्रभावी नहीं रहा। इसके बाद पावर प्ले में भी टीम रन नहीं बना पायी।

कोच ब्रायन लारा की सनराइजर्स को पावरप्ले में भी तेजी से रन बटोरने होंगे। मार्कराम के आने से उसकी बल्लेबाजी अच्छी हुई है। वहीं जॉनसेन के आने से गेंदबाजी बेहतर होगी। राजस्थान के खिलाफ केवल टी नटराजन ही कुछ हद तक बल्लेबाजों पर अंकुश लगा पाये थे। वहीं फजलहक फारुकी ने दो विकेट लिए। भुवनेश्वर अनुभवी होने के बाद भी अपेक्षा के अनुरुप प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। उमरान मलिक भी महंगे रहे। स्पिनर के तौर पर वाशिंगटन सुंदर और आदिल राशिद भी विफल रहे।

इस मैच में सनराइजर्स को जीत के लिए विरोध बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने के साथ अच्छी बल्लेबाजी कर रन बनाने होंगे। बल्लेबाजी में पहले मैच में मयंक अग्रवाल के अलावा दो अन्य बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और राहुल त्रिपाठी शीर्ष क्रम में रन नहीं बना पाये थे। इसे में कप्तान मार्कराम पर जिम्मेदारी बढ़ जाती है। वहीं दूसरी ओर लखनऊ की बात करें तो उसके कप्तान लोकेश राहुल अभी तक लय में नहीं हैं। जिससे टीम को अच्छी शुरूआत नहीं मिल पा रही है। अब तक केवल काइल मायर्स ने ही आक्रामक बल्लेबाजी कर रन बनाये हैं। वहीं गेंदबाजों में तेज गेंदबाज मार्क वुड और स्पिनर रवि बिश्नोई ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। वुड और बिश्नोई पर ये जिम्मेदारी रहेगी कि वे सनराइजर्स के बल्लेबाजों को बड़ा स्कोर न बनाने दें।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :

सनराइजर्स हैदराबाद : एडन मार्कराम (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, अब्दुल समद, अभिषेक शर्मा, मयंक अग्रवाल, अनमोलप्रीत सिंह, हैरी ब्रूक, मयंक डागर, फजलहक फारूकी, अकील होसेन, कार्तिक त्यागी, हेनरिक क्लासेन, मयंक मारकंडे, टी नटराजन, नीतीश कुमार रेड्डी, ग्लेन फिलिप्स, आदिल राशिद, संवीर सिंह, राहुल त्रिपाठी, उमरान मलिक, विवरांत शर्मा, समर्थ व्यास, वाशिंगटन सुंदर, उपेंद्र यादव, मार्को जॉनसेन।

लखनऊ सुपर जाइंट्स : केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), काइल मेयर्स, दीपक हुड्डा, कुणाल पांड्या, अमित मिश्रा, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), नवीन उल हक, आयुष बडोनी, आवेश खान, करण शर्मा, युद्धवीर चरक, यश ठाकुर, रोमारियो शेफर्ड, मार्क वुड, स्वप्निल सिंह, मनन वोहरा, डेनियल सैम्स, प्रेरक मांकड़, कृष्णप्पा गौतम, जयदेव उनादकट, मार्कस स्टोइनिस, रवि बिश्नोई, मयंक यादव।



मैनचेस्टर में प्रीमियर लीग फुटबॉल में भाग लेते हुए मैनचेस्टर यूनाइटेड और ब्रैंटफोर्ड के फुटबॉलर।

## सेना में जाना चाहते थे इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे ध्रुव

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पंजाब किंग्स के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए 15 गेंद पर 200 के स्ट्राइक रेट से नाबाद 32 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाने के पूरे प्रयास किय। इस मैच में इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे ध्रुव ने अपनी बल्लेबाजी से सभी का ध्यान खींचा है। 22 साल के उम्र के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव भारतीय अंडर-19 टीम में शामिल रहे हैं। ध्रुव 2020 में अंडर-19 भारतीय टीम के उप-कप्तान थे और यह टीम टूनामेंट में उपविजेता रही थी। इस बल्लेबाज ने अब तक 4 टी20 में 60 रन बनाए हैं और नाबाद 62 रन उसका सबसे अच्छा प्रदर्शन है।

इस यूवा बल्लेबाज का यहां तक का सफर बेहद कठिन रहा है। ध्रुव ने कहा, जब मैं 12 साल का था, तो मैंने बल्ले और किट के लिए घरवालों के सामने शर्त रख दी थी। उन्होंने कहा था कि यदि उन्हें सामान नहीं मिला तो वे घर छोड़ देंगे पर अब उन्हें इस बात को सोचकर दुख होता है। इस खिलाड़ी ने कहा कि यह मेरी गलती थी, क्योंकि मैंने अपने पापा को ब्लैकमेल किया था। मां इस बात से काफी भावुक हो गई थीं और उन्होंने अपनी सोने की चेन बेचकर मेरे लिए किट खरीदी थी। उस बात को याद कर मुझे अब भी दुख होता है। ध्रुव के पिता नेम सिंह जुरेल आर्मी में हैं और उन्होंने कारगिल युद्ध में जीत का झंडा फहराया था। ध्रुव भी पिता की तरह सेना में ही जाना चाहते थे। आर्मी स्कूल में पढ़ने के दौरान ध्रुव ने तैराकी भी सीखी।

इसके बाद गली क्रिकेट खेलना शुरू किया तो उन्हें क्रिकेट अच्छा लगा। इस क्रिकेटर ने स्वयं कहा कि मैं पढ़ाई में अच्छा नहीं था और मुझे क्रिकेट ही खेलना था। ध्रुव के पसंदीदा खिलाड़ी हैं दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज एबी डिविलियर्स, पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी और एक विराट कोहली।

## डीडीसीए निदेशक श्याम शर्मा बोले ऋषभ अब पहले से बेहतर

**नई दिल्ली।** दिल्ली क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के निदेशक श्याम शर्मा ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स के नियमित कप्तान ऋषभ पंत अब पहले से बेहतर महसूस कर रहे हैं। वह कार हादसे के बाद हुई सर्जरी से तेजी से उबर रहे हैं। गुजरात टाइटंस के खिलाफ हुए मैच में भी वह उत्साहित नजर आये। ऋषभ कार हादसे के बाद पहली बार इस आईपीएल मैच में प्रशंसकों के सामने आये। इस दौरान उन्हें देखने के लिए प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह था। प्रशंसकों के हुजूम में अनेक ने हार्दिक पांड्या, शुभमन गिल और डेविड वार्नर के जर्सी नंबर वाली शट्र्स पहन रखी थी जबकि कुछ क्रिकेट प्रशंसक ऐसे भी थे जो 17 नंबर की जर्सी पहने हुए थे और मेट्रो सफर के दौरान चर्चा कर रहे थे कि उन्हें ऋषभ को देखने का मौका मिल गया।

डीडीसीए निदेशक ने कहा, उन्हें काफी अच्छा लगा। वह गेट नंबर सात से पैदल चलते हुए अंदर घुसे और सीढ़ियां भी चढ़े। वह महसूस कर रहे थे कि यह अच्छी एक्सरसाइज होगी और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ गया है। उन्होंने साथ ही कहा, उनके दृष्टिकोण से यह काफी अच्छा रहा। वह काफी दिन से घर पर थे। वह ड्रेसिंग रूम भी गए और खिलाड़ियों तथा टीमों से मिले। वह टीम मालिकों के साथ भी बैठे और उन्होंने जय शाह (बीसीसीआई सचिव) और राजीव शुक्ला (बीसीसीआई उपाध्यक्ष) से भी लम्बी बातचीत की।

सफेद कमीज, काली हाफपैंट और चश्मा लगाए हुए वह सफेद गाडी में स्टेडियम पहुंचे। उनके दाएं घुटने पर कम्प्रेशन ब्रेस लगा हुआ था। कोहनी के आसपास चोट के निशान अब भी मौजूद थे। शर्मा ने कहा, मैंने उनकी रिकवरी के बारे में भी बातचीत की। उन्होंने कहा, चिंता मत करो भैया, मैं जल्दी मैदान में वापस आऊंगा। उनकी आत्मशक्ति और ईश्वर की कृपा से उनकी रिकवरी अच्छी चल रही है। दिल्ली की पारी के तीसरे ओवर में उन्हें दिल्ली कैपिटल्स लॉन्ज एरिया में टीम के सह मालिक पार्थ जिंदल के साथ बैठे देखा गया।

## युवराज नहीं होते तो विश्वकप नहीं जीत पाते खांसी पर मजाक उड़ाते थे साथी : हरभजन



**नई दिल्ली।** दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि ऑलराउंडर युवराज सिंह को कैंसर होने की जानकारी साथी खिलाड़ियों को नहीं थी। युवराज ने विश्वकप में शानदार प्रदर्शन किया था और इसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड भी मिला था। हरभजन ने यहां तक कहा कि युवराज नहीं होते तो हम विश्वकप नहीं जीत पाते।

वहीं अब हरभजन ने कहा कि टीम के साथी खिलाड़ी युवराज की स्थिति से अनजान थे और उनका मजाक उड़ाते थे। वह लगातार खांसते रहते थे जिसका साथी खिलाड़ी मजाक भी उड़ाते थे। युवराज अस्वस्थ थे और मैचों से पहले उन्हें एंग्जाइटी का सामना करना पड़ता था। उन्होंने साथ ही कहा, बल्लेबाजी करते हुए भी उन्हें खांसी आती थी, कभी-कभी उल्टियां भी होती थीं। मैं उससे पूछता था ह्यतुम इतनी खांसी क्यों करते हो? अपनी उम्र देखो और तुम क्या कर रहे हो! लेकिन हमें नहीं पता था कि वह किस दौर से गुजर रहा है और उसने उस बीमारी के दौरान विश्व कप खेला।

भज्जी ने कहा, बाद में उन्हें पता चला कि ये कैंसर के लक्षण हैं लेकिन तब हम उसका मजाक उड़ा रहे थे, क्योंकि हमें स्थिति की जानकारी नहीं थी, लेकिन चैंपियन को सलाम। युवराज ने 2011 के विश्कप कप के अलावा चार साल पहले दक्षिण अफ्रीका में खेले गए 2007 के टी20 विश्वक कप में भी शानदार प्रदर्शन किया था। युवराज सिंह ने आईसीसी टी20 वर्ल्डकप 2007 के दौरान इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉज के एक ओवर में लगातार 6 छक्के जड़ने का कारनामा किया था। हरभजन ने यहां तक ??दावा किया कि अगर युवराज 2011 एकदिवसीय विश्व कप टीम का हिस्सा नहीं होते तो भारत खिताब नहीं जीत पाता।

## पूर्व क्रिकेटर नाईक नहीं रहे

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज सुधीर नाईक का बुधवार को निधन हो गया है। वह 78 वर्ष के थे ओर पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। नाईक ने साल 1974 में भारतीय टीम की ओर से तीन टेस्ट मैच खेले थे। मुंबई के एक अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांसें लीं। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने नाईक के निधन पर शोक जताते हुए उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

एमसीए ने अपने एक बयान में कहा कि वह हाल में बाथरूम में गिर गये थे जिसके कारण उनके सिर में चोट लग गई थी जिसके बाद से ही वह अस्पताल में भर्ती थे। इलाज के दौरान ही वह कोमा में चले गये थे और फिर उबर नहीं पाये।

नाईक मुम्बई के रणजी ट्रॉफी विजेता कप्तान थे। उनके नेतृत्व ने टीम ने 1970-71 सत्र में रणजी खिताब जीता। नाईक के नेतृत्व क्षमता की काफी सराहना भी हुई थी क्योंकि मुंबई ने उस सत्र में सुनील गावस्कर, अजीत वाडेकर, दिलीप सरदेसाई और अशोक मांकड़ जैसे खिलाड़ियों के बिना ही रणजी ट्रॉफी जीती थी।

वहीं साल 1972 में नाईक को इस खिलाड़ियों की वापसी के बाद टीम में जगह नहीं मिली। उन्होंने 1974 में इंग्लैंड दौरे पर बर्मिंघम टेस्ट में पदार्पण किया जहां उन्होंने दूसरी पारी में हार के दौरान अपना एकमात्र अर्धशतक बनाते हुए 77 रन की पारी खेली। उन्होंने 85 प्रथम श्रेणी मैच खेले और 35 से अधिक के औसत से 4376 जिसमें एक दोहरा शतक सहित सात शतक शामिल रहे। नाईक खेल से संन्यास के बाद कोच और पिच क्यूरेटर भी रहे।

### रैना ने धवन को सराहा

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना ने पंजाब किंग्स के बल्लेबाज शिखर धवन की जमकर प्रशंसा की है। धवन ने आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शानदार अर्धशतक लगाया था। इस मैच में धवन ने 56 गेंदों पर नॉटआउट 86 रनों की पारी खेली। उन्होंने इस दौरान एक छोर संभाले रखा।

रैना ने कहा, वह एंकर की भूमिका निभा रहे थे। उनके स्ट्राइक रेट को लेकर काफी बातें हो चुकी हैं, लेकिन यह प्रभावी पारी थी। वह आईपीएल के लगातार सात सत्र में 450 से अधिक रन बना चुके हैं। उन्हें पता है कि जब ओस पड़ती है तो तेज गेंदबाजों को खेलना आसान हो जाता है। रैना ने आगे कहा, उन्होंने पूरी जिम्मेदारी से बल्लेबाजी की, इसी वजह से पंजाब किंग्स की टीम ऐसा प्रदर्शन कर पाई। धवन की इस जीत में अहम भूमिका थी। धवन को इस प्रदर्शन के बाद भी राष्ट्रीय टीम में जगह मिलने की संभावना नहीं है क्योंकि कई युवा खिलाड़ी लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

## सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सपना ने पृथ्वी के खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई

मुंबई। क्रिकेटर पृथ्वी शॉ के साथ बदसलूकी मामले में जमानत पर चल रही सोशल मीडिया ह्यइन्फ्लुएंसर सपना गिल ने अब मुंबई की एक अदालत में पृथ्वी के खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई है। इसमें मांग की गयी है कि पुलिस पृथ्वी और उसके दोस्तों के खिलाफ छेड़छाड़ का मामल दर्ज करे।

गिल के वकील अली कासिफ खान ने कहा, सपना ने पृथ्वी और उसके दोस्त आशीष के खिलाफ अंधेरी मजिस्ट्रेट की अदालत के समक्ष भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354, धारा 324 और धारा 509 के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की शिकायत दर्ज कराई है। सपना ने आरोप लगाया है कि पृथ्वी ने उसके साथ मारपीट की थी। खान ने बताया कि क्रिकेटर और उसके दोस्त के खिलाफ आरोप के समर्थन में शिकायत के साथ एक सरकारी अस्पताल द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण-पत्र भी लगाया गया है।

उन्होंने साथ ही कहा कि अपने कर्तव्यों का सही से पालन नहीं करने और पृथ्वी और अन्य के खिलाफ आईपीसी की धारा 354 के तहत एक प्राथमिकी दर्ज नहीं करने के कारण एयरपोर्ट पुलिस थाने के कर्मियों के खिलाफ भी अलग से शिकायत दर्ज की गई है। दोनों ही मामलों की सुनवाई अब 17 अप्रैल को होने की उम्मीद है। गौरतलब है कि सपना को फरवरी में कुछ अन्य लोगों के साथ ही अंधेरी के एक होटल में सेल्फी लेने पर हुए विवाद के बाद पृथ्वी पर हमले के मामले में गिरफ्तार किया गया था। अभी वह जमानत पर हैं।



अमेरिका में अगस्ता मास्टर्स गोल्फ में भाग लेते हुए आयरलैंड के शेन लावरी।

## धोनी क्रिकेट इतिहास के एक महान कप्तान : राशिद लतीफ

**लाहौर।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी 41 साल की उम्र में भी आईपीएल खेल रहे हैं। इस दौरान धोनी की फिटनेस को देखकर कोई भी ये नहीं कह सकता है कि कहीं से भी यूवाओं से पीछे हैं। धोनी को अब तक हुए मैचों में ज्यादा बल्लेबाजी का अवसर नहीं मिला पर जितनी भी गेंदें उन्होंने खेली उसमें उन्होंने आक्रामक अंदाज दिखाया। जो 10 गेंदे उन्होंने खेली उसमें जमकर शॉट खेले। शुरूआती दो मैचों में ही धोनी ने आईपीएल में अपने 5000 रन भी पूरे किये हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ उन्होंने दो छक्के लगाकर अपनी ताकत दिखायी है। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर राशिद लतीफ ने भी धोनी की तारीफ करते हुए उन्हें क्रिकेट इतिहास का एक महान कप्तान करार दिया है।

उम के इस दौर में भी धोनी की बल्लेबाजी के तरीके में कोई बदलाव नहीं आया है।

उन्होंने आईपीएल में अबतक 232 छक्के लगाये हैं। राशिद लतीफ से जब नौमान नियाज ने धोनी पर अपने विचार बताते हो कहा तो लतीफ ने कहा, उन्होंने अकेले आईपीएल में 5000 रन बनाए हैं। धोनी का हमेशा एक गोल्डन टेंपलेट रहा है। उनका इतिहास सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा। भारत के लिए, विश्व क्रिकेट के लिए। आप और हम जो चाहें कह सकते हैं लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। वह अब तक के सबसे महान भारतीय कप्तान हैं, और एक विकेटकीपर बल्लेबाज भी हैं। इसमें कोई शक नहीं है। पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर ने आगे कहा, देखिए, उन्होंने किस तरह से बल्लेबाजी की। उन्होंने सिर्फ 2-3 गेंदों का सामना किया और दिखा दिया कि वह हमेशा क्या करने में सक्षम हैं। वह सबसे मशहूर खिलाड़ी हैं।

## विलियमसन के घुटने की सर्जरी होगी एकदिवसीय विश्वकप खेलने की संभावना नहीं

**वेलिंगटन।** आईपीएल में गुजरात टाइटंस की ओर से खेलते समय चोटिल हुए न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन का इस साल के अंत में भारत में खेले जाने वाले एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट टूनार्मेंट में भी खेलना संदिग्ध नजर आ रहा है। विलियमसन चोटिल होने के बाद ही न्यूजीलैंड लौट गए थे और मंगलवार को हुई जांच में पाया गया कि उनके दाएं घुटने की सर्जरी होगी।

विलियमसन को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस की तरफ से चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ क्षेत्ररक्षण करते समय यह चोट लगी थी। न्यूजीलैंड क्रिकेट के अनुसार दाहिने हाथ के इस बल्लेबाज की अगले तीन सप्ताह के अंदर सर्जरी होगी। विलियमसन ने सहयोग के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट और अपनी आईपीएल फ्रेंचाइजी का आभार जताया है।

उन्होंने कहा, ह्यजिस प्रकार का मुझे सहयोग मिला उसके लिए मैं गुजरात टाइटंस का आभारी हूं। यह स्वाभाविक है कि इस तरह की चोट लगने से मैं निराश हूं पर मेरा ध्यान अभी सर्जरी और उसके बाद फिटनेस हासिल करने पर रहेगा। विलियमसन ने कहा, ह्यइसमें कुछ समय लग सकता है पर मैं जल्द से ठीक होकर मैदान पर उतरने के लिए अपनी ओर से पूरा प्रयास करूंगा। गौरतब है कि इस प्रकारकी चोट से उबरने और पूर्ण फिटनेस हासिल करने में काफी समय लग जाता है और इसे देखते हुए विलियमसन का अक्टूबर-नवंबर में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप में खेलना संभव नजर नहीं आता है। विलियमसन ने कहा, ह्यमैं अगले कुछ महीनों में मुख्य कोच गैरी स्टीड और टीम का कैसे सहयोग कर सकता हूं इस पर ध्यान दे रहा हूं। न्यूजीलैंड के कोच स्टीड को भी लगता है कि विलियमसन का विश्वकप से पहले फिट होना मुश्किल लगता है हालांकि वह अभी निराश नहीं हैं।

### बटलर के चोटिल होने के कारण पारी की शुरूआत नहीं करायी : सैमसन

नई दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने कहा है कि आक्रामक बल्लेबाज जोस बटलर के चोटिल होने के कारण ही उन्हें पंजाब किंग्स के खिलाफ पारी की शुरूआत के लिए नहीं भेजा गया था।

दरअसल, पंजाब किंग्स की पारी के अंतिम ओवर में बटलर ने शाहरुख खान को आउट करने के लिए एक शानदार कैच पकड़ा था। इस कैच को पकड़ते समय वह चोटिल हो गए थे। उनकी उंगली पर चोट लगी। इसी कारण वह यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की शुरूआत के लिए नहीं उतरे। ऐसे में उनकी जगह आर अश्विन को भेजा गया। सैमसन ने मैच के बाद कहा, बटलर फिट नहीं थे, कैच पकड़ने के बाद उनकी उंगली पर टांके लग रहे थे। पडिक्कल को ओपन करने के लिए इसलिए नहीं भेजा गया क्योंकि उनके पास दो स्पिनर थे। एक लेफ्ट आर्म और एक लेग स्पिनर। पडिक्कल भी एक सलामी बल्लेबाज हैं पर स्पिनरों को वह ठीक से नहीं खेल पाते हैं। वह आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की ओर से पारी की शुरूआत करते थे।

## एमसीसी ने धोनी-युवराज, मिताली सहित पांच भारतीय क्रिकेटरों को आजीवन सदस्यता प्रदान की

**दुबई।** मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने पांच भारतीय क्रिकेटरों को आजीवन सदस्यता प्रदान कर सम्मानित किया है। जिन क्रिकेटरों को ये सम्मान दिया गया है। वे हैं पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह , बल्लेबाज सुरेश रैना, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज और तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी। एमसीसी ने इसके अलावा आठ टेस्ट खेलने वाले देशों के 19 नए मानद आजीवन सदस्यों के नाम भी घोषित किये।

एमसीसी ने कहा, पांच भारतीय खिलाड़ियों को मानद आजीवन सदस्यता से सम्मानित किया गया है। इसमें शामिल झूलन ने पिछले साल लॉर्ड्स में इंग्लैंड के साथ महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय के बाद संन्यास ले लिया था। झूलन महिला एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाली खिलाड़ी हैं जबकि मिताली राज ने 211 पारियों में 7,805 रन बनाकर महिला क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाये हैं। इसमें कहा गया, धोनी और युवराज दोनों की ही 2007 आईसीसी पुरुष विश्व टी20 और 2011 एकदिवसीय विश्वकप आईसीसी पुरुष जीत में अहम भूमिका थी। वहीं रैना ने 13 साल के करियर में एकदिवसीय में 5,500 से ज्यादा रन बनाए हैं।

जिन अन्य क्रिकेटरों को सदस्यता मिली है, उनमें न्यूजीलैंड की एमी सैटरवेट और रॉस टेलर के अलावा वेस्टइंडीज की मेरिसा एगुलेरिया हैं। इंग्लैंड की जेनी गुन, लॉरा मार्श, आन्या श्रबसोल और ऑयन मोर्गन तथा केविन पीटरसन, पाकिस्तान के मोहम्मद हफीज, बांग्लादेश के मशरफी मुर्तजा, दक्षिण अफ्रीका के डेल स्टेन, ऑस्ट्रेलिया की राचेल हेन्स भी शामिल हैं।

## पंजाब को जीत दिलाने वाले एलिस बोले क्रॉस सीम गेंदबाजी से लाभ मिला

**गुवहाटी।** नाथन एलिस की शानदार गेंदबाजी की सहायता से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पंजाब किंग्स ने राजस्थान रॉयल्स को 5 रनों से हराया दिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब ने राजस्थान को जीत के लिए 198 रनों का लक्ष्य दिया था जिसके जवाब में राजस्थान की टीम ने 20 ओवरों में 7 विकेट पर 192 रन ही बनाये। इस मैच में पंजाब की जीत में एलिया की अहम भूमिका रही। एलिस ने 4 ओवर में 30 रन देकर 4 खिलाड़ियों को आउट किया। एलिस ने जीत के बाद कहा कि मैच में क्रॉस सीम गेंदबाजी का उन्हें लाभ मिला।

एलिस ने कहा, मैं जीत हासिल करने से उत्साहित हूं, यह पुरस्कार पाकर उत्साहित हूं, टीम को जीत दिलाना एक अच्छा अनुभव है। टी20 में हर गेंद मायने रखती है। जब मैं गेंदबाजी कर रहा था तो मैं अपनी विविधताओं को ठीक करने की कोशिश कर रहा था और गणना कर रहा था कि उस समय सबसे अच्छी गेंद कौन सी थी। मेरे लिए यह क्रॉस-सीम है और इसने आज मेरे लिए अच्छा काम किया।

इस मैच में पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 197 रन बनाए थे। टीम की ओर से प्रभसिमरन सिंह और कप्तान शिखर धवन ने आक्रामक शुरूआत की। प्रभसिमरन ने 60 जबकि धवन ने नाबाद 86 रन बनाए। इन दोनों बल्लेबाजों के अलावा जितेश शर्मा ने 27 रन बनाये। वहीं राजस्थान की ओरे से होल्डर ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए। वहीं अन्य गेंदबाजों को एक-एक विकेट मिला।

लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान की शुरूआत खराब रही। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल मात्र 11 रन पर जबकि रविचंद्रन अश्विन शून्य पर ही आउट हो गये। इसके बाद जोस बटलर ने 19 रन बनाए, जबकि कप्तान सैमसन ने 42 रनों की पारी खेलकर टीम को संभालने का प्रयास किया। देवदत पाडिकल ने 21 रन बनाये। अंत में रियान पराग और हेटमायर ने तेज पारी खेली पर इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद राजस्थान की जीत की उम्मीदें कमजोर पड़ी। हेटमायर ने 36, जबकि रियान पराग ने 20 रनों की पारी खेली। ध्रुव जुरेल ने अंत में 15 गेंदों में नाबाद 32 रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाने का असफल प्रयास किया।

# कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में विपक्षी दलों ने तिरंगा लेकर निकाला मार्च

## सरकार अडानी मामले में जेपीसी गठित क्यों नहीं करती

**नई दिल्ली।** अडाणी-हिंडनबर्ग मामले और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द करने को लेकर बजट सत्र के आखिरी दिन विपक्षी दलों ने संसद भवन से विजय चौक तक तिरंगे झंडे के साथ मार्च निकाला। मार्च का नेतृत्व राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने किया। मार्च में अन्य सांसदों के साथ यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने भी हिस्सा लिया।मार्च को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे ने कहा, लोकतंत्र में लोकतांत्रिक तरीके से लड़ना हमारा काम है। सरकार अगर नहीं मानती है, तब ये हठधर्मी है। सरकार को हमेशा सकारात्मक रहना चाहिए, प्रतिक्रिया देनी चाहिए। अगर आप लोकतंत्र को जिंदा रखना चाहते हैं, तब विपक्ष की बात सुननी चाहिए।



वहीं कांग्रेस सांसद और पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा, सरकार खुद संसद नहीं चलने दे रही है। वे अडानी घोटाले पर चर्चा क्यों नहीं करना चाहते?

कांग्रेस सत्र शुरू होने के दिन से ही अडाणी-हिंडनबर्ग मामले पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की मांग को लेकर सरकार पर हमलावर है। विपक्षी एकजुटता दशार्ने के लिए मोदी सरकार की नीतियों के विरुद्ध अपना विरोध दर्ज कराने के लिए तमाम विपक्षी दलों के नेताओं ने संसद से विजय चौक तक मार्च निकाला।

# कर्नाटक कांग्रेस ने जारी की 42 उम्मीदवारों की दूसरी सूची

### बीजेपी ने सभी 224 सीटों के लिए 3 नाम भेजे

**बैंगलुरू।** कर्नाटक में चुनाव की तारीखों की घोषणा हो चुकी है और 45 दिनों से भी कम समय में 224 विधानसभा सीटों वाले राज्य को एक नई सत्तारूढ़ पार्टी और एक प्रभारी मिलेगा। कांग्रेस ने 42 नामों के साथ अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की। कर्नाटक में लगातार दूसरा ऐतिहासिक कार्यकाल हासिल करने की दृष्टि से सत्तारूढ़ भाजपा न केवल अपने अभियान के जरिए निशानों पर राजनीतिक दिग्गजों को तैनात कर रही है, बल्कि स्टार पावर को भी शामिल कर रही है। भगवा पार्टी ने विक्रांत रोना स्टार सुदीप संजीव, जिन्हें किच्चा सुदीप के नाम से भी जाना जाता है, सहित कई कन्नड़ अभिनेताओं से संपर्क किया है। पीएम मोदी बांदीपुर टाइगर रिजर्व का दौरा करने और संरक्षण गतिविधियों में शामिल फ्रंटलाइन फील्ड स्टाफ और स्वयं सहायता समूहों के साथ बातचीत करने के लिए भी तैयार हैं। उनका मुदुमलाई टाइगर रिजर्व में थेप्पकडु हाथी शिविर का दौरा करने और टाइगर रिजर्व के क्षेत्र निदेशकों के साथ बातचीत करने का भी कार्यक्रम है, जिन्होंने हाल ही में संपन्न प्रबंधन प्रभावशीलता मूल्यांकन अभ्यास के 5वें चक्र में सर्वोच्च स्कोर किया है। वह इंटरनेशनल बिग कैट्स एलायंस (आईबीसीए) भी लॉन्च करेंगे।

कर्नाटक कांग्रेस ने 42 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी की है। दो बीजेपी टर्नकोट, बाबूराव चिचानसुर (एमएलसी) और एनवाई गोपालकृष्ण (पिछले हफ्ते बीजेपी विधायक के रूप में इस्तीफा दे दिया) को गुरमित्कल और मोलाकलमुरु निर्वाचन क्षेत्रों से टिकट मिला। बाबूराव गुरमित्कल सीट से और गोपालकृष्ण मोलाकलमुरु से चुनाव लड़ेंगे। बीजेपी ने सभी 224 सीटों के लिए 3 नाम भेजे हैं। चुनाव निकाय 9 अप्रैल तक किसी एक नाम पर फैसला करेगा। कुछ वरिष्ठ, ईश्वरप्पा, टिकट से चूक सकते हैं। पार्टी का झुकाव नए चेहरों को लाने की ओर है। दिग्गज भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा ने कन्नड़ सुपरस्टार किच्छा सुदीप के पार्टी को समर्थन पर प्रसन्नता व्यक्त की है और कहा कि वह एक प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता हैं। वह जहां भी जाते हैं, यह बीजेपी के लिए मददगार होता है।



मास्को में रुस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से मिले बेलारुस के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लुकासहैनको।

# 11 हजार फीट की ऊंचाई पर कॉकपिट में दिखा कोबरा

### पायलट से सूझबूझ से कर दी सुरक्षित लैंडिग

केपटाउन। हवा में उड़ रहे हवाई जहाज में बैठे सभी यात्रियों की जान पायलट के ही हाथ में होती है। पायलट की जरा सी गलती सैकड़ों लोगों की जान पर बन सकती है। इसी बीच एक ऐसा वाकया सामने आया, इस लेकर सभी पायलट की तारीफ कर रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के पायलट रुडोल्फ एरास्मस ने 11 हजार फीट ऊपर उड़ते विमान में अचानक कोबरा देखा। कोबरा कॉकपिट में ही था। इतने जहरीले सांप को देखने के बाद भी वह घबराए नहीं और शांति के साथ प्लेन की इमरजेंसी लैंडिंग करवाकर यात्रियों की जान बचा ली।

दक्षिण अफ्रीका में एक घरेलू उड़ान को लेकर जब रुडोल्फ इरास्मस जा रहे थे, उन्हें अपनी सीट के नीचे कोई ठंडी चीज महसूस हुई। नीचे देखा तब पांच फीट लंबा कोबरा भाग रहा था। दुनिया के सबसे जहरीले सांपों में कोबरा की गिनती होती है। इरास्मस ने सूझबूछ से काम लिया और इसकी जानकारी यात्रियों को नहीं दी। उन्हें पता था कि अगर उन्होंने कोबरा के बारे में किसी और को बताया, तब दुर्घटना भी हो सकती है। उस समय विमान में पायलट को मिलाकर पांच ही लोग थे।

इरास्मस ने बेहद धैर्य के साथ अपने साथियों को बताया कि कॉकपिट में सांप है। इसके बाद सबसे शांत रहने को कहा। उन्होंने धीरे से प्लेन की इमरजेंसी लैंडिंग करा दी। बता दें कि यह कोई बहुत बड़ा सवारी वायुयान नहीं था। पायलट ने तुरंत नजदीकी एयरपोर्ट से संपर्क किया और लैंडिंग की परमिशन मांगी। मामले को समझते हुए एयरपोर्ट से तत्काल लैंडिंग की इजाजत मिल गई। इसके बाद विमान को लैंड करा दिया गया।

इरास्मस वॉरसेस्टर एयरफील्ज का विमान उड़ा रहे थे। बाद में कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने एक दिन पहले विमान के विंग्स के पास में कोबरा देखा था। बात में लोगों को लगा कि वह चला गया है। हालांकि कोबरा कॉकपिट में जा छिपा था। लैंडिंग के बाद कोबरा को कॉकपिट से निकाला गया।

# राष्ट्रपति चुनाव में बाइडेन को मिलेगी घर में चुनौती

वाशिंगटन। अगले साल (2024 में) होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति के चुनाव में जो बाइडेन को एक और चुनौती का सामना करना पड़ेगा। डेमोक्रेट पार्टी के सीनियर नेता और अमेरिका के प्रसिद्ध कैनेडी परिवार के सदस्य रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर भी चुनाव में डेमोक्रेट पार्टी से उम्मीदवार बनने की दावेदारी करने वाले हैं। रॉबर्ट जूनियर की पहचान अमेरिका में वैक्सीन विरोधी कार्यकर्ता के तौर पर है। 69 साल के रॉबर्ट के डेमोक्रेटिक पार्टी से दावेदारी करने पर बाइडेन को नुकसान उठाना पड़ सकता है। उनके अलावा डेमोक्रेट उम्मीदवार बनने की दौड़ में स्वंयसेवी लेखिका मैरिएन विलियमसन भी शामिल हैं। वैसे अमेरिका में नवंबर 2024 में चुनाव हैं, लेकिन इसके लिए पार्टियों में अंदरूनी इलेक्शन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सभी पार्टियों में फिलहाल आपसी चुनाव होगा। इसके बाद आखिर में हर पार्टी से एक प्रतिनिधि तय होगा।

रॉबर्ट जूनियर पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी के भतीजे और उनके मारे गए भाई रॉबर्ट एफ कैनेडी के बेटे हैं। वह किसी जमाने में

**कैनेडी परिवार के वंशज चुनाव लड़ने को तैयार**

बेस्टसेलिंग लेखक और पर्यावरण की हिमायत करने वाले वकील हुआ करते थे, जिन्होंने स्वच्छ पानी जैसे मुद्दों पर लंबा काम किया। हालांकि, 15 साल पहले वह निश्चय पर पहुंचे कि वैक्सीन सुरक्षित नहीं होती हैं। इसके बाद वह वैक्सीन विरोधी आंदोलन की अग्रणी आवाज बने। हालांकि, उनके काम को सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों के साथ-साथ उनके अपने परिवार के सदस्यों ने भी भ्रामक और खतरनाक बताया।

कैनेडी लंबे समय से वैक्सीन-विरोधी आंदोलन में शामिल रहे। हालांकि कोरोना महामारी और कोरोना वैक्सीन के डेवलपमेंट के बाद उनकी कोशिशें और हो गईं। चैरिटी नियामकों के साथ की गई फाइलिंग के मुताबिक उनकी एंटी-वैक्सीन चैरिटी, चिल्ड्रन हेल्थ डिफेंस के पास 2020 में दोगुने से ज्यादा राजस्व के साथ 6.8 मिलियन डॉलर तक महामारी के दौरान समृद्धी हुई। विशेषज्ञों ने कहा है कि उनके संगठन ने उन समूहों पर झूठे दावों को टारगेट किया, जो टीके पर अविश्वास करने के लिए अधिक प्रवृत्त हो सकते हैं। जिसमें माताएं और अश्वेत अमेरिकी शामिल हैं, जिसके परिणामस्वरूप महामारी के दौरान मौतें हो सकती थीं।

कैनेडी ने 2021 में एक पुस्तक जारी की, जिसका नाम था द रियल एंथोनी फाउसी। इसमें उन्होंने अमेरिका के शीर्ष संक्रामक रोग चिकित्सक पर पश्चिमी लोकतंत्र के खिलाफ एक ऐतिहासिक तख्तापलट में सहायता करने का आरोप लगाया। उन्होंने आइवरमेक्टिन जैसे अप्रमाणित कोरोना की दवाइयों को निशाने पर लिया, जिसका उपयोग मुख्यतः परजीवियों का इलाज करने के लिए कहा जाता है। जॉन एफ कैनेडी अमेरिका के 35वें राष्ट्रपति थे। वे अमेरिका के इकलौते राष्ट्रपति रहे हैं, जिन्हें पुलित्जर अवॉर्ड मिला है। अपने चाहने वालों के बीच वो जैक केनेडी नाम से मशहूर थे। 9 मई 1917 को जन्मे केनेडी 43 साल की उम्र में 1961 में राष्ट्रपति बने, जबकि 22 नवंबर 1963 को राष्ट्रपति रहते हुए ही उनकी हत्या कर दी गई। दूसरे विश्व युद्ध के दौरान उन्होंने जहाजों के कमांडर के तौर पर दक्षि ?ण प्रशांत इलाके में अपनी सेवाएं दी थी।

# मुस्लिम देशों को नया रहनुमा बना चीन, अमेरिका को फूटी आंख पंसद नहीं आ रहा

बीजिंग। सालों की अदावत भूलकर सऊदी अरब और ईरान जैसे दो अलग-अलग ध्रुवों पर रहने वाले मुस्लिम देश रमजान के पवित्र महीने में साथ आए हैं। मार्च में ही दोनों देशों ने कूटनीतिक संबंधों की बहाली का फैसला लिया था। गुरुवार को दोनों देशों के विदेश मंत्रियों ने बीजिंग में मुलाकात की। 7 साल बाद दोनों देशों के नेताओं की यह कोई औपचारिक मीटिंग हुई है। सऊदी अरब की सरकारी मीडिया ने मुलाकात की तस्वीर साझा की है। इसमें सऊदी विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अपने ईरानी समकक्ष हुसैन आमिर अब्दुल्लाहियान के साथ नजर आ रहे हैं। दोनों एक पारंपरिक चीनी पेंटिंग के सामने खड़े हाथ मिलाते दिख रहे हैं। इसके बाद वे एक कॉन्फ्रेंस रूम में मुलाकात के लिए जाते हैं। मार्च में ही सऊदी अरब और ईरान के बीच कूटनीतिक संबंधों की बहाली का फैसला लिया गया था। यह मीटिंग भी चीन के दखल के चलते ही हुई थी।

हालांकि बड़ा सवाल यह है कि दो इस्लामिक देशों में दोस्ती के लिए चीन आखिर क्यों इतना प्रयास कर रहा है। एक्सपर्ट्स कहते हैं कि चीन को लगता है कि ईरान और सऊदी अरब की दोस्ती कराने से चीन को प्रतीकात्मक लाभ होगा और तेल के तौर पर भी बड़ा फायदा मिलेगा। दोनों देश दुनिया के बड़े तेल उत्पादक हैं और चीन को लगता है कि इनसे संबंध बेहतर करने से तेल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इसके अलावा सऊदी अरब को अपने पाले में रखकर अमेरिका एक ओर ईरान को किनारे रख रहा था, वहीं मुस्लिम देशों में भी पैठ बनाए हुए थे।

चीन ने इन देशों में दोस्ती कराके अमेरिकी दखल को कम कर अपनी ताकत में इजाफा किया है। दरअसल बीते साल अप्रैल में ही शी जिनपिंग ने लगातार तीसरा कार्यकाल मिलने के बाद ग्लोबल सिक्योरिटी इनिशिएटिव की बात की थी। इसके तहत शी ने दुनिया भर में चीन की पैठ बढ़ाने और अमेरिका के मुकाबले एक वैकल्पिक ग्लोबल ऑर्डर तैयार करने का ऐलान किया था। इसके तहत चीन अब अरब और खाड़ी देशों में अपना दखल बढ़ाया है। वह इन्हीं देशों से अपनी जरूरत का 40 फीसदी कच्चा तेल भी आयात करता है।

दिसंबर में ही जिनपिंग ने सऊदी का भी दौरा किया था। दशकों बाद किसी चीनी राष्ट्राध्यक्ष की यह सऊदी अरब की विजिट थी। इस दौरे से ही साफ हो गया था कि चीन अब मुस्लिम देशों में रिश्तों की नई इबारत लिखने की तैयारी में है। सऊदी अरब का रुख भी पिछले कुछ महीनों से बदला दिख रहा है। बीते साल ही उसने रूस के साथ एक समझौता करते हुए तेल उत्पादन में कटौती का फैसला कर लिया था। इस पर अमेरिका ने ऐतराज भी जताया था, लेकिन सऊदी अरब पीछे नहीं हटा था। तभी से माना जा रहा है कि सऊदी अरब अमेरिका की बजाय चीन और रूस के ब्लॉक में जाता दिख रहा है।



बीजिंग में फ्रांस के राष्ट्रपति इमेनुअल मैक्रो ने चीन की नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के प्रमुख झाओ लेजी से मुलाकात की।

# कुमार सानू की बेटी शैनन सिंगिंग के साथ अब करेंगी एक्टिंग

मुंबई। कुमार सानू की बेटी शैनन सिंगिंग के साथ-साथ एक्टिंग की दुनिया में भी कदम रखने जा रही हैं। शैनन ने सोशल मिडिया पर अपनी अपकमिंग फिल्म ह्यचल जिन्दगीह्न का मोशन पोस्टर शेयर किया है। कुमार सानू ने बॉलीवुड इंडस्ट्री को एक से बढ़कर एक हिट सॉन्ग दिए हैं। उनके गाने आज भी लोगों को उतने ही पसंद हैं, जितने उस जमाने में थे। कुमार सानू के सॉन्ग हर जनरेशन के लिए एक दम परफेक्ट हैं। कुमार सानू के गानों ने लोगों को प्यार करना सिखाया, इजहार करना सिखाया और उसे जाहिर करना भी।

उल्लेखनीय है कि कुमार सानू की बेटी शैनन कुमार सानू एक इंडियन अमेरिकन सिंगर और सॉन्ग राइटर हैं। शैनन कुमार सानू को सभी ह्यशैनन केह्न के नाम से जानते हैं। अब शैनन ह्यचल जिंदगीह्न एक रोड ट्रिप पर बेस्ड फिल्म में नजर आने वाली हैं, जिसे विवेक शर्मा डायरेक्ट कर रहे हैं। इस फिल्म में शैनन के अपोजिट टीवी एक्टर विवेक

**शैनन ने शेयर किया अपकमिंग फिल्म 'चल जिन्दगी' का मोशन पोस्टर**

दहिया नजर आएंगे। वहीं संजय मिश्रा, विवान शर्मा और मीता वशिष्ठ भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

उल्लेखनीय है कि शैनन के साथ ये विवेक की भी डेब्यू फिल्म है। इससे पहले उन्होंने कई टीवी सीरियल्स में काम किया है। ह्यचल जिंदगीह्न में शैनन ने अपने पिता के साथ मिलकर दो गानों को अपनी आवाज भी दी है। मेकर्स ने बीते कल फिल्म का मोशन पोस्टर जारी किया है, जिसे शैनन ने भी अपने इंस्टाग्राम के जरिए शेयर किया है। शेनन अब तक लाइमलाइट से दूर ही रही हैं। हालांकि, सोशल मीडिया पर उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। उन्हें 3.4 मिलियन यानी 34 लाख से भी ज्यादा लोग इंस्टाग्राम पर फॉलो करते हैं।

# दीवार पर लिखे भारत-विरोधी नारे, मंदिर में फिर हुई तोड़फोड़

ओटावा। कनाडा में एक बार फिर हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। ओंटारियों प्रांत के विंडसर शहर में हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की गई है और नफरत भरे नारे लिखे गए हैं। स्थानीय पुलिस के अनुसार घटना के मद्देनजर दो संदिग्धों की तलाश है। जानकारी के अनुसार विंडसर पुलिस ने खुलासा किया है कि श्री स्वामीनारायण मंदिर के बाहर दीवार पर हिंदू-विरोधी और भारत-विरोधी नारे काले रंग के पेंट से लिखे गए हैं। विंडसर पुलिस ने आगे कहा कि हिंदू मंदिर में हुई तोड़फोड़ की जांच घृणा से प्रेरित घटना के रूप में की जा रही है। शुरूआती जांच में अधिकारियों ने एक वीडियो प्राप्त किया है, जिसमें दो संदिग्धों को रात 12 बजे के बाद इलाके में देखा गया है। वीडियो में, एक संदिग्ध इमारत की दीवार पर तोड़फोड़ करता हुआ दिखाई देता है, जबकि दूसरा उसके साथ खड़ा है।

पुलिस ने बताया कि घटना के समय, एक संदिग्ध ने काले रंग का स्वेटर, बाएं पैर पर एक छोटे से सफेद लोगो के साथ काली पैंट और काले और सफेद रंग के हाई-टॉप रनिंग शूज पहने थे। दूसरे संदिग्ध ने काली पैंट, एक स्वेटशर्ट, काले जूते और सफेद मोजे पहने थे। कनाडा के हिंदू मंदिरों में पहले भी कई दफा ऐसी घटना हो चुकी है, लेकिन अभी तक वहां की सरकार द्वारा कोई कड़ा कदम नहीं उठाया गया है। विंडसर में हुई यह पांचवीं घटना है, जहां मंदिर में तोड़फोड़ की गई है।

# टाइम मैगजीन के कवर पेज पर इमरान की फोटो, समर्थक ज्यादा पसंद नहीं कर रहे

इस्लामाबाद। अमेरिका की प्रतिष्ठित मैगजीन टाइम के कवर पेज पर पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को फिर जगह दी गई है। आगामी मई महीने में रिलीज होने वाली टाइम मैगजीन के कवर पेज पर इमरान की फोटो कैप्शन के साथ छपी है। इस कैप्शन का मतलब होता है इमरान की आश्चर्यजनक गाथा। कवर फोटो में इमरान का एक हेडशॉट है।

टाइम मैगजीन के कवर पेज को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के नेता और पूर्व सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने ट्विटर पर शेयर किया है। इसके पहले जनवरी 2020 में भी तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान को टाइम मैगजीन के कवर पेज पर जगह मिली थी।

लगभग एक साल पहले सत्ता से बेदखल किए गए इमरान खान ने टाइम मैगजीन को दिए इंटरव्यू में देश की राजनीतिक और आर्थिक स्थिति पर बात की है। विदेशी मुद्रा भंडार की कमी और आसमान छूती महंगाई के कारण पाकिस्तान गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। पाकिस्तान में आवश्यक खाद्य पदार्थों, गैस और तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं।

हालांकि, टाइम मैगजीन में छपे कवर पेज को इमरान के समर्थक ज्यादा पसंद नहीं कर रहे हैं। इमरान समर्थक टाइम मैगजीन और इमरान खान का इंटरव्यू लेने वाले चार्ल्स कैंपबेल पर जमकर अपना गुस्सा उतार रहे हैं। दरअसल, इस मैगजीन में पाकिस्तान की वर्तमान राजनीतिक और आर्थिक स्थिति का आकलन करते हुए इमरान खान की प्रशंसा और आलोचना दोनों की गई है। मैगजीन में पाकिस्तान और इमरान खान दोनों के भविष्य के बारे में भी टिप्पणी की गई है।

# मां सोनिया के साथ रहेंगे राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी का सामान उनके मौजूदा सरकारी आवास से उनकी मां सोनिया गांधी के आवास 10-जनपथ शिफ्ट होना शुरू हो गया है। मानहानि के मामले में 2 वर्ष की सजा के बाद राहुल गांधी की सदस्यता छिनने पर राहुल गांधी को बंगला खाली करने का नोटिस दिया गया था। उन्हें 22 अप्रैल तक सरकारी आवास खाली करने को कहा गया था। कांग्रेस नेता अभी 12 तुगलक लेन वाले सरकारी बंगले में रह रहे हैं। 2004 में सांसद बनने के बाद से वह इसी बंगले में रह रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी के कार्यालय के कामकाज के लिए एक अलग घर ढूंढा जा रहा है। सैंट्रल पब्लिक डिपार्टमैंट के अनुसार कांग्रेस नेता सोनिया गांधी का 10-जनपथ आवास प्रधानमंत्री के आवास से भी बड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी का सरकारी आवास 7 लोक कल्याण मार्ग 14,101 वर्ग मीटर में बना है, जबकि 10-जनपत 15,181 वर्ग मीटर में बना है। लाल बहादुर शास्त्री जब प्रधानमंत्री बने तो यहीं रहते थे।

# किसानों के हुए नुकसान का सर्वेक्षण कराकर फसलों का मुआवजा दे सरकारः सांसद वरुण गांधी

पीलीभीत। भारतीय जनता पार्टी अपना 43वां स्थापना दिवस मना रही है। उत्तर प्रदेश से लेकर देशभर में भाजपा के नेता और कार्यकर्ता स्थापना दिवस मना रहे हैं, लेकिन पीलीभीत से सांसद वरुण गांधी बीजेपी के लिए ऐसा कौर बन गए हैं, जिन्हें न तो निगलते और न ही उगलते बन रहा है। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले वरुण भी सक्रियता बढ़ाते जा रहे हैं। अभी तक ट्विटर पर सरकार को घेरने वाले वरुण ने अब लेटर पॉलिटिक्स शुरू कर दी है।

वरुण गांधी एक बार फिर से चर्चा में हैं। उन्होंने किसानों और खेती-किसानी के मुद्दे को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। बेमौसम हुई बारिश के कारण खेतों में खड़ी फसल बर्बाद हो गई है। ऐसे में बीजेपी सांसद वरुण ने अपनी लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तमाम इलाकों में फसल खराब होने का हवाला देकर सीएम योगी को पत्र लिखा है।

वरुण गांधी ने बारिश को किसानों के

**ट्विटर पर अपनी ही सरकार को घेरने वाले वरुण अब लिख रहे पत्र**



ऊपर मानसिक और आर्थिक आघात बताकर सीएम योगी आदित्यनाथ को लेटर लिखा है। इस लेटर के जरिए अपने लोकसभा क्षेत्र में किसानों के हुए नुकसान का सर्वेक्षण कराकर फसलों का मुआवजा देने की मांग रखी है। वरुण ने पीलीभीत के डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार के नाम भी खत लिखकर दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने सर्व कराकर आंकलन करने के लिए कदम उठाए जाने की बात कही है।

सांसद वरुण गांधी अब बीजेपी सरकार पर निशाना साधने का तौर-तरीका बदला है। पिछले कई सालों से वरुण गांधी सोशल मीडिया पर ही ऐक्टिव नजर आए हैं। अपनी ही बीजेपी पार्टी पर सवाल उठाकर वरुण की भविष्य की राजनीति को लेकर अटकलें लगती रही हैं। चाहे बात केंद्र की मोदी सरकार की हो या फिर राज्य की योगी सरकार की। वरुण नीतियों को लेकर सवाल करते आए हैं। अक्सर जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे आते रहे पीलीभीत सांसद वरुण गांधी लगातार किसानों और नौजवानों की आवाज उठाते रहे हैं। इससे पहले भी वह समय-समय पर गरीब तबके के लोगों के साथ खड़े होकर बेरोजगारी जैसे तमाम मुद्दे पर अपनी ही सरकार की नीतियों पर सवालिया निशान खड़े करते नजर आए थे। अब ट्विटर से हटकर वह लेटर लिखकर अपनी बात को आगे रख रहे हैं।



जेरुसलम में इजरायली सुरक्षाकर्मियों ने अल अक्सा मस्जिद के आसपास बैठे फिलिस्तीनी लोगों को हटा दिया।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुम्बई।** शेयर बाजार गुरुवार को तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 143.66 अंक करीब 0.24 फीसदी बढ़कर 59,832.97 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान ये 59,950.06 के उच्च स्तर के साथ ही 59,520.12 के निचले स्तर तक आया। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) निफ्टी 42.10 अंक तकरीबन 0.24 फीसदी उछाल के बाद 17,599.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 17,638.70 के उच्च स्तर और 17,502.85 के निचले स्तर तक गया।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स के शेयरों में से 17 शेयर लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए। इसमें बजाज फाइनैंस, टाटा मोटर्स, बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक और सन फार्मा सेंसेक्स के सबसे ज्यादा लाभ वाले पांच शेयर रहे। बजाज फाइनैंस का शेयर करीब 2.95 फीसदी तक उछला।

वहीं सेंसेक्स के 13 शेयर नुकसान के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा और टाइटन सेंसेक्स के शेयर सबसे अधिक नुकसान में रहे। एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर करीब 1.73 फीसदी तक नीचे आये।

इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट पर खुला पर समय के साथ ही इसमें लिवाली (खरीदारी) हावी होने से तेजी आने लगी और फिर ये सिलसिला दिन-भर जारी रहा।

# वे-कूल फूड्स का वर्ष 2024-25 तक 6,000 करोड़ की इकाई बनने का लक्ष्य

**मुंबई।** आईएफसी समर्थित वे-कूल फूड्स का अपने तेजी से बढ़ते खाद्य उत्पाद कारोबार के चलते वित्त वर्ष 2024-25 तक 6,000 करोड़ रुपये की इकाई बनने का लक्ष्य है। वे-कूल कृषि वाणिज्य स्टार्टअप कंपनी है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी का राजस्व 2,000 करोड़ रुपये रहा है। वाहन उद्योग के दिग्गज कार्तिक जयरामन और अशोक लेलैंड के पूर्व प्रमुख विनोद दसारी के पुत्र संजय दसारी ने वर्ष 2015 में चेन्नई में वे-कूल की स्थापना की थी। इसकी स्थापना एक सामाजिक उद्यम और कृषि-तकनीक कंपनी के रूप में की गई थी। बाद में यह विभिन्न ब्रांड मसलन मधुरम, डेजी फ्रेश, लेक्सोटिक, किचनजी और फ्रेशी के साथ कई कृषि उत्पाद और रेडी-टू-कुक बाजार में भी उतर गई।

इन ब्रांड का पिछले वित्त वर्ष (2022-23) में कंपनी के 2,000 करोड़ रुपये के राजस्व में लगभग 25 प्रतिशत तक का योगदान रहा। यह इससे पिछले वित्त वर्ष में 10 प्रतिशत था। वे-कूल के सह-संस्थापक और प्रबंध निदेशक जयरामन को वित्त वर्ष 2024-25 तक इसके 35-40 प्रतिशत तक बढ़ने की उम्मीद है। कंपनी का 6,000 करोड़ रुपये के कारोबार वाली इकाई बनने का लक्ष्य है। इसमें से 25 प्रतिशत ब्रांडेड उत्पादों और तीसरे पक्ष वितरण शुल्क (रोजमर्रा के इस्तेमाल में आने वाले उत्पादों वाली कंपनियों.. एचयूएल, आईटीसी और नेस्ले तथा अन्य) से आया है।

# एसबीआई ने बढ़ाई वीकेयर स्कीम की तिथि, अब 30 जून तक कर सकते हैं एफडी

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने एक बार फिर वरिष्ठ नागरिकों के लिए चल रही अपनी स्पेशल एफडी स्कीम की अंतिम तारीख को आगे बढ़ा दिया है। वीकेयर स्कीम में निवेश की तारीख को 3 महीने बढ़ाकर 30 जून, 2023 कर दिया गया है। इस स्कीम में वरिष्ठ नागरिकों को ज्यादा ब्याज मिलेगा। इससे पहले ये स्कीम 31 मार्च को खत्म हो रही थी। एसबीआई वीकेयर वरिष्ठ नागरिकों के लिए एफडी प्रोग्राम है, इसे मई 2020 में शुरू की गई थी। बैंक ने इस एफडी स्कीम को बार-बार बढ़ाया गया है और अब बैंक ने एक बार फिर डेडलाइन बढ़ा दिया है। एसबीआई की वेबसाइट के अनुसार वरिष्ठ नागरिकों को 0.50 फीसदी का एक्स्ट्रा ब्याज मिलेगा। योजना के तहत 5 साल से 10 साल की एफडी पर 7.50 फीसदी का ब्याज मिल रहा है। इस स्कीम में नेटबैंकिंग या योनो ऐप का इस्तेमाल करके या ब्रांच जाकर एफडी बुक कर सकते हैं। इसका ब्याज हर महीने, तिमाही, छमाही या सालाना मिल सकता है। बाद में एफडी पर ब्याज टीडीएस काटकर मिल जाएगा।

उल्लेखनीय है कि आरबीआई के रेपो रेट बढ़ाने के बाद अधिकतर बैंकों ने एफडी पर ब्याज बढ़ाया है। बीते साल मई 2022 से लेकर अब तक आरबीआई रेपो रेट में 2.50 फीसदी की बढ़ोतरी कर चुका है।

# अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने डिजिटलीकरण सुविधा को लेकर भारत की तारीफ की

**मुंबई।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने डिजिटलीकरण सुविधा को लेकर भारतीय कार्यप्रणाली की तारीफ की है। आईएमएफ ने अपने वर्किंग पेपर में दावा किया है कि भारत ने अपने सतत विकास लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए एक विश्वस्तरीय डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा (डीपीआई) विकसित किया है, जो उन देशों के लिए सबक हैं, जो डिजिटल बदलाव की शुरूआत कर रहे हैं। आईएमएफ की रिपोर्ट के अनुसार डिजिटलीकरण ने भारतीय अर्थव्यवस्था को औपचारिक बनाने में मदद की है और आधार ने लीकेज को कम करते हुए लाभार्थियों को भुगतान के प्रत्यक्ष हस्तांतरण (डायरेक्ट ट्रांसफर) में मदद की है।

## मोदी सरकार की कई योजनाओं की प्रशंसा की

आईएमएफ ने नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) की सराहना की और कहा कि मजबूत नीतियों से प्रतिस्पर्धी, खुला और किफायती दूरसंचार बाजार बना और मोबाइल डेटा की लागत में 90 फीसदी की कमी से डाटा के इस्तेमाल में उछाल आया। नोटबंदी से यूपीआई सहित भुगतान के अन्य तरीकों का अधिक इस्तेमाल हुआ। इसमें कहा गया है कि आधार ने भुगतान के हस्तांतरण करने, लीकेज को कम करने, भ्रष्टाचार को रोकने और कवरेज बढ़ाने के लिए घरों तक प्रभावी ढंग से पहुंचने के लिए एक उपकरण के रूप में मदद की। भारत सरकार का अनुमान है कि मार्च 2021 तक डिजिटल बुनियादी ढांचे और अन्य शासन सुधारों के कारण व्यय में जीडीपी का लगभग 1.1 फीसदी बचाया गया था।

इसमें कहा गया है कि इस डिजिटल बुनियादी ढांचे का उपयोग करके भारत महामारी के दौरान गरीब परिवारों के एक प्रभावशाली हिस्से को जल्दी से सहायता प्रदान करने में सक्षम था। आईएमएफ के पेपर में कहा गया है कि इस डिजिटल बुनियादी ढांचे का उपयोग करते हुए भारत कोरोना महामारी के दौरान गरीब परिवारों के एक बड़े हिस्से को जल्दी से सहायता प्रदान करने में सक्षम था। डिजिटलीकरण से भारत को अपनी वैक्सीन डिलीवरी को जल्दी से बढ़ाने और बड़े पैमाने पर आंतरिक प्रवास जैसी चुनौतियों को दूर करने में मदद मिली। कोविन में अंतर्निहित तकनीक को इंडोनेशिया, फिलीपींस, श्रीलंका और जमैका में उनके टीकाकरण कार्यक्रमों को सुविधाजनक बनाने में मदद करने के लिए तैनात किया गया है।

# हुंडई मोटर ने बढाई गाडियों की कीमत

**नई दिल्ली।** कोरियाई कंपनी हुंडई मोटर ने जिन गाड़ियों की कीमत में बढ़ोतरी की है, उसमें क्रेटा, वेन्यू, अल्काजार और टूसॉन एसयूवी जैसे कई पॉपुलर मॉडल शामिल हैं। हुंडई मोटर ने वरना और ग्रैंड आई10 नियोस की कीमत में कोई इजाफा नहीं किया है, क्योंकि इन्हें कुछ ही दिन पहले नए मॉडल और नई कीमत के साथ लॉन्च किया गया है। इस महीने हुंडई मोटर्स कारों की कीमत बढ़ाने वाली मारुति सुजुकी के बाद दूसरी कंपनी है। संभावना है कि अब अन्य कंपनियां भी जल्द ही कीमत बढ़ोतरी का ऐलान कर सकती हैं। ऑटो कंपनियां कीमत में बढ़ोतरी इसलिए कर रही हैं, क्योंकि प्रदूषण कंट्रोल करने के लिए देश में 1 अप्रैल से इर6 फेज-2 नए उत्सर्जन नियम लागू हो चुके हैं। नए नियमों के हिसाब से कारों के इंजन को अपडेट करना जरूरी हो गया है, जिससे कंपनियों की लागत में बढ़ोतरी हुई है।

## खरीदने वालों की होगी ज्यादा जेब ढीली

हुंडई की सबसे पॉपुलर मिड साइज एसयूवी क्रेटा के बात करें तो इसके एक्जीक्यूटिव वेरिएंट को छोड़कर सभी डीजल मॉडलों पर 7,000 रुपये बढ़ गए हैं। क्रेटा डीजल की कीमत अब 11.96 लाख रुपये एक्स-शोरूम से शुरू होती है, जबकि टॉप मॉडल कीमत 19.20 लाख रुपये एक्स-शोरूम होगी. क्रेटा एसयूवी के पेट्रोल मॉडल के निचले मॉडल पर 3,000 रुपये की बढ़े हैं। कुछ मॉडलों पर 7,000 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। क्रेटा पेट्रोल की कीमत 10.87 लाख रुपये से शुरू होकर 18.74 लाख रुपये एक्स शोरूम तक जाती है। मारुति ब्रेजा की टक्कर में आने वाली हुंडई की दूसरी सबसे पॉपुलर सब कॉम्पैक्ट एसयूवी वेन्यू 7,000 रुपये तक महंगी हो गई है। पेट्रोल एस(ओ) और एसएक्स(ओ) डीसीटी वेरिएंट के साथ दो टॉप-एन्ड एसएक्स और एसएक्स(ओ) डीजल मॉडल पर सबसे ज्यादा रुपये बढ़े हैं।

पेट्रोल वेरिएंट के निचले मॉडलों पर 3,000 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। हुंडई वेन्यू की कीमतें अब 7.71 लाख रुपये एक्स-शोरूम से शुरू होकर 12.99 लाख रुपये एक्स-शोरूम तक जाती हैं। वेन्यू के एन-लाइन वर्जन की कीमत में भी 7,000 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। हुंडई की सबसे बड़ी एसयूवी टूसॉन पर सबसे ज्यादा 13,000 हजार रुपये बढ़े हैं। टूसॉन की कीमत अब रुपए 28.63 लाख से शुरू होती हैं और 35.31 लाख एक्स शोरूम तक जाती हैं। हुंडई अल्काजार पर 3,000 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। अल्काजार की कीमत अब रुपए 16.78 लाख से शुरू होती हैं और रुपए 20.88 लाख एक्स-शोरूम) तक जाती हैं। बता दें कि देश की दूसरी सबसे बड़ी कार निमार्ता कंपनी हुंडई मोटर ने अपनी कारों के दाम बढ़ा दिए हैं। बढ़ी हुई कीमत 1 अप्रैल 2023 से लागू हो गई है।

# बैलेंस कम है तो एटीएम से न रुपये निकलेंगे, उल्टे दस रुपये कटेंगे

**नई दिल्ली।** अब यदि आपके एकाउंट में बैलेंस कम है और आपने एटीएम से रुपये निकालने की कोशिश की तो न पैसे निकलेंगे और उल्टे आपके उकाउंट से दस रुपये कट जाएंगे। पब्लिक सेक्टर के पंजाब नेशनल बैंक के ग्राहकों को बड़ा झटका लगा है. पीएनबी 1 मई से नया नियम लेकर आ रहा है। अगर आपके अकाउंट में पर्याप्त पैसा नहीं है और फिर भी एटीएम से निकासी करते हैं तो चार्ज देना होगा। बैंक की तरफ से ग्राहकों को मैसेज भेजकर इस बारे में जानकारी दी गई है। इसके अलावा बैंक की वेबसाइट पर इसकी जानकारी दी गई है। पीएनबी वेबसाइट पर दी गई सूचना के मुताबिक, आपके खाते में अपर्याप्त फंड के कारण फेल डोमेस्टिक एटीएम कैश विड्रॉल ट्रांजेक्शन पर 10+जीएसटी देना होगा। हालांकि, यह फेल ट्रांजेक्शन अपर्याप्त बैलेंस के कारण होना चाहिए। अगर किसी और कारण से ट्रांजैक्शन फेल होता है और अकाउंट में पर्याप्त बैलेंस है तो कोई चार्ज नहीं कटेगा। बैंक यह नियम 1 मई 2023 से लागू करेगा।

पंजाब नेशनल बैंक की गाइडलाइन के मुताबिक, अगर कोई ट्रांजैक्शन फेल होता है और इसकी शिकायत की जाती है तो शिकायत करने के 7 दिनों के भीतर इस समस्या का निवारण किया जाएगा। अगर फेल ट्रांजैक्शन की सूचना ट्रांजैक्शन की तारीख के 30 दिनों के भीतर दी जाती है और उसमें देरी होती है तो ग्राहक को रोजाना 100 रुपये का मुआवजा मिलेगा। फेल ट्रांजैक्शन संबंधी किसी तरह की शिकायत कस्टमर रिलेशनशिप नंबर पर की जा सकती है।

गौरतलब है कि पीएनबी डेबिट कार्ड और प्रीपेड कार्ड जारी करने के फीस और सालाना मेंटेनेंस चार्ज को बदलने की प्रक्रिया में है। अगर आप शॉपिंग करते समय पीओएस और डेबिट कार्ड के माध्यम से पेमेंट करते हैं और अकाउंट में बैलेंस नहीं है और ट्रांजैक्शन फेल हो जाता है। इस स्थिति में भी बैंक ई-कॉमर्स लेनदेन पर जुमार्ना लगाने की भी योजना बना रहा है।

# ओतानी बने होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के अध्यक्ष, सीईओ व एमडी

**नई दिल्ली।** जापान की होंडा मोटर कंपनी लिमिटेड ने बुधवार को अपनी भारतीय दोपहिया इकाई के शीर्ष प्रबंधन में बदलाव की घोषणा की। इसके तहत कंपनी ने त्सुत्सुमु ओतानी को होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया का अध्यक्ष, सीईओ और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। कंपनी ने बयान में कहा कि ओटानी होंडा मोटर कंपनी जापान में उपाध्यक्ष भी हैं। वह अत्सुशी ओगाता की जगह लेंगे। ओतानी को 2022 में शंघाई इकाई होंडा मोटर (चीन) निवेश कंपनी लिमिटेड में कार्यकारी महाप्रबंधक नियुक्त किया गया था। उन्होंने 1997 में होंडा जापान के साथ अपना करियर शुरू किया और विभिन्न वैश्विक बाजारों में कंपनी के कई अग्रणी पदों पर रहे। कंपनी ने विनय ढींगरा की पदोन्नति की भी घोषणा की। उन्हें वरिष्ठ निदेशक (मानव संसाधन और प्रशासन, कॉरपोरेट मामले एवं सूचना प्रौद्योगिकी और होंडा इंडिया फाउंडेशन) बनाया गया है। इसके अलावा पूर्व परिचालन अधिकारी (बिक्री और विपणन) योगेश माथुर, पूर्व परिचालन अधिकारी (नए मॉडल खरीद एवं कलपुर्जा रणनीति) संजीव जैन को होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) के निदेशक मंडल में शामिल किया गया है।

# रुपया बढ़त के साथ बंद

नई दिल्ली। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को रुपया सात पैसे की बढ़त के साथ ही 81.88 पर बंद हुआ। वहीं अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सबह रुपया शुरूआती कारोबार में 5 पैसे नीचे आकर 81.95 पर खुला जबकि अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में ये गिरावट रही। वहीं इससे पहले अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया बुधवार को 42 पैसे उछलकर 81.90 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी मुद्रा की मजबूती को बताने वाला डॉलर सूचकांक 0.16 फीसदी बढ़कर 102.01 पर पहुंच गया।

# कई जगहों पर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में आया बदलाव

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल (क्रूड) की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगा है और ये कुछ हद तक नीचे आयी हैं। वहीं घरेलू बाजार में आज कई शहरों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव आया है जबकि देश के चारों महानगरों में कीमतें अभी स्थिर बनी हुई हैं। दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपये और डीजल 89.82 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर।

वहीं अब नोएडा में पेट्रोल की कीमतें 27 पैसे नीचे आकर 96.65 रुपये प्रति लीटर पहुंच गयी हैं। वहीं डीजल 26 पैसे नीचे आकर 89.82 रुपये लीटर पर है। इसके अलावा गाजियाबाद में पेट्रोल 32 पैसे बढ़ा है और 96.58 रुपये लीटर पहुंच गया है। डीजल 30 पैसे बढ़कर 89.75 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है.

# अमेजॉन ने 60 लाख नकली सामान को हटाया

**नई दिल्ली।** पिछले साल वैश्विक स्तर पर ई-कॉमर्स कंपनी एमेजॉन ने 60 लाख नकली सामान को अपनी आपूर्ति श्रृंखला से हटाया है। एक ताजा रिपोर्ट में कंपनी ने कहा कि उसने बीते साल 2022 में नये विक्रय खाते बनाने के 8,00,000 से अधिक प्रयासों को रोका। इससे गलत लोगों को बिक्री के लिये एकल उत्पाद मंच पर डालने से रोका जा सका। वर्ष 2021 में इस तरह के 25 लाख प्रयास हुए थे जबकि 2020 में यह संख्या 60 लाख थी।इसमें कहा गया है कि एमेजॉन की नकली सामान से संबद्ध अपराध इकाई ने 2022 में अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ और चीन में 1,300 से अधिक अपराधियों की जांच की या फिर आगे की कार्रवाई के लिये संबंधित विभाग को भेजा। रिपोर्ट में कहा गया है, ह्यप्रौद्योगिकी और विशेषज्ञों के साथ मिलकर गलत तरीके से काम करने वाले लोगों को रोका गया और 60 लाख नकली सामान को आपूर्ति व्यवस्था से हटाया गया तथा उनका निपटान किया गया। इससे उन्हें ग्राहकों तक पहुंचने से रोका गया।

# वनप्लस नोर्ड बड्स 2 टू वायरलेस ईयरबड्स को पेश किए

**मुंबई।** इलेक्ट्रॉनिक कंपनी वनपल्स ने ग्राहकों को लुभाने के लिए हाल ही में एक नए ईयरबड्स पेश किए हैं। कंपनी ने ग्राहकों के लिए वनप्लस नोर्ड बड्स 2 टू वायरलेस ईयरबड्स को पेश किया है। वनप्लस ने नए ईयरबड्स ऑरिजनल वनप्लस नोर्ड बड्स के सक्सेसर के रूप में लाए गए हैं। कंपनी ने नए ईयरबड्स में कई नए फीचर्स जोड़कर यूजर्स का दिल जीतने की कोशिश की है। वनप्लस ने नए ईयरबड्स में सक्रिय नॉइस कैंसिलेशन का दमदार फीचर जोड़ा है। इसके अलावा, कनेक्टिविटी फीचर्स, बैटरी लाइफ और डिजाइन में भी सुधार किया है।

वनप्लस ने नोर्ड बड्स को 2,999 रुपये में पेश किया है। हालांकि, कंपनी ने डिवाइस में कुछ बड़े फीचर्स भी पेश करने की कोशिश की है। एक्टिव नॉइस कैंसिलेशन फीचर की बात करें, तब यह एक महंगी टेक्नोलॉजी है, जो अक्सर ज्यादा कीमत पर आने वाले डिवाइस के साथ ही दी जाती है।

कंपनी ने नए ईयरबड्स को डस्ट और वॉटर रेजिस्टेंट के लिए आईपी 55 रेट के साथ पेश किया है। हालांकि, नए ईयरबड्स का डिजाइन ऑरिजनल नोर्ड बड्स जैसा ही मिलता है। ईयरबड्स में कस्टमाइज्ड टच कंट्रोल मिलता है। इन ऑप्शन का इस्तेमाल करने के लिए यूजर को हेमैलोडी एप की जरूरत पड़ती है। हेडसेट में कनेक्टिविटी के लिए ब्लूटूथ 5.3 की सुविधा मिलती है। दूसरे कनेक्टिविटी फीचर्स की बात करें तब वनप्लस में फास्ट पेयरिंग का भी सपोर्ट मिलता है। चार्जिंग के लिए डिवाइस में यूएसबी टाइप सी पोर्ट और रिडिजाइन किए हुआ चार्जिंग केस मिलता है। हेडसेट 12.4एमएम डायनमिक ड्राइवर्स के साथ आते हैं। इसके अलावा, ईयरबड्स में कुछ चुने हुए वनपल्स स्मार्टफोन के लिए डाब्ल्बी ओटर्मस सपोर्ट मिलता है।

# इंटेल कोर आई3-एन305 प्रोसेसर वाला नया लैपटॉप लॉन्च

**-ऑनलाइन और ऑफलाइन स्टोर्स पर खरीदने के लिए होगा उपलब्ध**

**नई दिल्ली।** भारत में ताइवान की इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी एसर ने इंटेल कोर आई3-एन305 प्रोसेसर वाला नया लैपटॉप लॉन्च किया। नया लैपटॉप एस्पायर 3 कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट, ऑनलाइन और ऑफलाइन स्टोर्स पर खरीदने के लिए उपलब्ध होगा। जानकारी के मुताबिक नई एस्पायर 3 1.7 किलोग्राम और 18.9 मिमी मोटाई के साथ पहले से लाइटर और थिनर है। फेन के सरफेस एरिया में 78 प्रतिशत की वृद्धि के साथ, लैपटॉप एन्हेंस्ड थर्मल सिस्टम प्रदर्शन और 17 प्रतिशत थर्मल क्षमता प्रदान करता है, जो चरम प्रदर्शन को बनाए रखने में योगदान देता है और ओवरहीटिंग से बचाता है, जिससे उपयोगकर्ता अधिक कार्य पूरा कर सकते हैं। इसके अलावा, नया एसर लैपटॉप फुल-फंक्शन्ड यूएसबी टाइप-सी पोर्ट, यूएसबी टाइप सी (फुल फंक्शन), टाइप ए यूएसबी 3.2 जेनरेशन 1 और एचडीएमआई 2.1 के साथ आता है, जो उत्पादकता और कार्यक्षमता बढ़ाता है। कंपनी ने कहा कि अपने मूल प्रदर्शन के साथ, यह लैपटॉप 8 जीबी रैम के साथ आता है और 11 घंटे तक की बैटरी लाइफ से लैस है। इसके अलावा, ऑल-न्यू एस्पायर 3 ब्लूलाइटशील्ड तकनीक के साथ आता है जो उपयोगकताओं के लिए हानिकारक लाइट जोखिम को कम करता है।लैपटॉप में 14 या 15.6 इंच के फुल एचडी डिस्प्ले के साथ एसर प्यूरीफाइड वॉयस और एआई नॉइज रिडक्शन ऑडियो सिस्टम है, जो पर्यावरणीय परिवेश साउंड कम्पोनेंट्स का प्रभावी ढंग से विश्लेषण करता है और स्वचालित रूप से सबसे प्रभावी नॉइज कैंसलिंग मोड का चयन करता है।

# फल-सब्जियों के दामों पर हो रहा बेमौसम बरसात का असर, फसलें हो गई खराब

**नई दिल्ली।** बेमौसम बारिश का असर अब सब्जियों और फलों के दामों में बढ़ोतरी के तौर पर देखने को मिल रहा है। इस बारिश से एक ओर जहां खेतों में फसलें खराब हो रही हैं वहीं खलिहान में रखा अनाज भी भीग रहा है। कुछ लोग भले ही बारिश में बैठकर पकौड़े खाने का मन बना रहे हो, लेकिन इस बारिश ने आपकी जेब पर बोझ बढ़ा दिया है। समय से पहले हो रही बारिश ने फसलों को बर्बाद कर दिया है। फल सब्जियों के रेट को बढ़े ही है, लेकिन बारिश लंबे वक्त तक आपको महंगाई से झुलसाएगा। किसान इस बारिश से परेशान हैं। खेतों में लदी फसलें बर्बाद हो गई है, जाहिर सी बात है कि इसका असर अनाज की कीमतों पर भी पड़ेगा। अभी होने वाली बारिश भले ही आपको गर्मी से राहत दे रही है, ले?किन आगे के ?लि वो आपकी जेब में आग लगाने का काम कर रही है। इससे फल सब्जियों के दाम बेतहाशा बढ़ रहे हैं।

गौरतलब है कि फरवरी में अचानक तापमान बढ़ गया था, ?जिससे काफी नुकसान उठाना पड़ा था। इसके बाद मार्च और अप्रैल में हो रही बारिश भले ही लोगों को गर्मी से राहत दे रही है, लेकिन ये बारिश किसानों के लिए आफत बन गई है। खासतौर पर उत्तर भारत के किसानों को बड़ी मार पड़ी है। बारिश के कारण उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, बिहार जैसे राज्यों में फसलों को भारी नुकसान हो रहा है।

फसलें खेतों में बिछ गई है। बारिश और ओलावृष्टि के कारण आम, केवा, आलू , मौसमी फलों और सब्जियों को भारी नुकसान हुआ है। गेंहू, सरसों, चना, मटर, मसूर, अरहर जैसी दलहनी और तिलहनी फसलों को बड़ा नुकसान हुआ है। यानी आने वाले दिनों में केवल फल और सब्जी ही नहीं दाल, तेल, आटे की कीमतें भी बढ़ने वाली है। जिससे और भी परेशानी होगी।

सब्जी मंडी की रेट लिस्ट पर गौर करें तो बेमौसम बरसात ने फल और सब्जियों की कीमतों में आग लगा दी है। बारिश से पहले टमाटर 20 रुपये प्रति किलो बिक रहा था जो अब 30 से 40 रुपये प्रति किलो हो गया। अदरक और नींबू का भाव 80 से 100 रुपये प्रतिकिलो जो अब बढ़कर 160 रुपये पर पहुंच गया है। हरी मिर्ची 80 रुपये प्रति किलो से बढ़कर 100-120 रुपये प्रति किलो बिक रही है। सेब के दाम 80 से 100 रुपये चल रहे थे, अब बढ़कर 140 से 160 रुपये प्रति किलो हो गए हैं।

# जल्द मुंबई में शुरू होगा एप्पल का पहला स्टोर

**जियो वर्ल्ड ड्राइव मॉल में शुरू होगा**

**मुंबई।** देश में एप्पल के दीवानों को जिस घड़ी का इंतजार था, वहां समय करीब आ गया है। बहुत जल्द एप्पल भारत में अपना पहला रिटेल स्टोर खोलने जा रही है। इस रिटेल स्टोर की शुरूआत के साथ ही कंपनी की भारतीय बाजार में ऑफलाइन प्रवेश होगा। एप्पल ने अपने पहले रिटेल स्टोर के लिए देश की आर्थिक राजधानी मुंबई को चुना है। बुधवार को, अमेरिकी टेक दिग्गज एप्पल ने मुंबई के जियो वर्ल्ड ड्राइव मॉल में अपने पहले रिटेल स्टोर के बैरिकेड से पर्दा उठाया। इस हम आधिकारिक एप्पल बीकेसी के आगामी उद्घाटन के रूप में देख सकते है।

मुंबई की आईकॉनिक काली-पीली टैक्सी कला से प्रभावित होकर एप्पल बीकेसी ने अपने क्रिएटिव में कई एप्पल प्रोडक्ट्स और सर्विसेज की रंगीन चित्रकला को विभिन्न सरफेस पर उकेरा हैं जो ग्राहकों का ध्यान आकर्षित करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। एप्पल ने कहा, स्टोर के क्रिएटिव क्लासिक एप्पल ग्रीटिंग हैलो मुंबई से गुजरने वाले लोगों का स्वागत करेगा। नए स्टोर के उद्घाटन का जश्न मनाने के लिए, विजिटर्स नए एप्पल बीकेसी वॉलपेपर डाउनलोड कर सकते हैं और एप्पल म्यूजिक पर विशेष रूप से क्यूरेट की गई प्लेलिस्ट के साथ ह्यमुंबई की आवाजों का आनंद ले सकते हैं।

चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों के बीच भारत एप्पल के लिए एक चमकदार बाजार है। कंपनी सरकार की ह्यमेक इन इंडियाह्ण पहल के अनुरूप देश में घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है। वर्ष 2021 में कोरोना की शुरूआत के बाद से ग्लोबल सप्लाई चेन में आई रुकावटों (विशेष रूप से चीन में) के कारण कंपनी ने भारत में निर्माण के अपने प्रयासों को दोगुना कर दिया है। बाजार जानकार ने कहा, ह्यहालांकि एप्पल ने भारत में अपना स्टोर खोलने के लिए समय लिया है, यह अब पहले से कहीं अधिक समझ में आता है। अब भारतीय उपभोक्ता परिपक्व हो रहे है और अधिक खर्च कर रहे हैं, विशेष रूप से प्रीमियम सेगमेंट में, जो भारत को प्रोडक्ट्स और सर्विस सेक्टर में अगले दशक में एप्पल के लिए अगला बड़ा बाजार बनाता है।

# अंडर-डिस्प्ले फेस आईडी तकनीक शुरू होगी आईफोन 17 प्रो में

**-तकनीक पेश करने वाला पहला आईफोन बनेगा**

**सैन फ्रांसिस्को।** दिग्गज टेक कंपनी एप्पल के आईफोन 17 प्रो पर अंडर-डिस्प्ले फेस आईडी तकनीक शुरू होगी। आईफोन 17 प्रो इस तरह की तकनीक पेश करने वाला पहला आईफोन बन जाएगा। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, अंडर-डिस्प्ले फेस आईडी तकनीक अभी भी फ्रंट-फेसिंग कैमरे के लिए एक सर्कुलर कटआउट के साथ होगी। यह कार्यान्वयन 2027 के प्रो आईफोन मॉडल तक चलने का अनुमान है, जो एक सच्चे ऑल-स्क्रीन अनुभव के लिए डिस्प्ले के नीचे कैमरे को भी एकीकृत करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि मई 2022 में प्रकाशित यंग का मूल रोडमैप इस पूवार्नुमान से अलग है। इससे पहले, उन्होंने भविष्यवाणी की थी कि 2024 में जारी किए गए आईफोन 16 प्रो वर्जन्स अंडर-पैनल फेस आईडी तकनीक को शामिल करने वाले पहले आईफोन होंगे।

रिपोर्ट के अनुसार, यंग ने यह भी कहा कि स्टैंडर्ड आईफोन 17 मॉडल में प्रोमॉशन शामिल होगा, जो वर्तमान में केवल एप्पल के हाई-एंड डिवाइस पर उपलब्ध है। इस बीच, एप्पल कथित तौर पर मैकबुक एयर मॉडल पर काम कर रहा है जिसमें 13.4 इंच का ओएलईडी डिस्प्ले होगा। रॉस यंग ने दावा किया कि नया मॉडल 13.6 इंच के एलसीडी पैनल के साथ मौजूदा मैकबुक एयर की तुलना में थोड़े छोटे डिस्प्ले के साथ आएगा।पिछले महीने, यंग ने कहा कि एक साल की देरी सेंसर मुद्दों के कारण हुई है। दो डिस्प्ले कटआउट जिसमें वर्तमान में डायनेमिक आइलैंड शामिल है, जाहिर तौर पर लगातार तीन प्रो आईफोन पीढ़ियों में अपरिवर्तित रहेगा।




दक्षिण पूर्व मिसौरी में आये तूफान से भारी नुकसान होने के साथ ही कई लोगों की मौत हुई है।

# नायब तहसीलदार ने अस्थाई गौशाले का किया निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

**गौराबादशाहपुर।** नायब तहसीलदार केराकत ने मुफ्तीगंज ब्लॉक क्षेत्र के पेसारा गांव स्थित अस्थाई गौशाले का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पशुओं को हीट स्ट्रोक से बचाने के निर्देश दिया।

**जायजा**

**गर्मी में पशुओं को हीट स्ट्रोक से बचाने का दिया निर्देश**



पेसारा गांव स्थित अस्थाई गौशाले का निरीक्षण करते नायब तहसीलदार

बृहस्पतिवार को एसडीएम केराकत नेहा मिश्रा के निर्देश पर नायब तहसीलदार अमित सरोज ने पेसारा स्थित अस्थाई गौशाले का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित गौशाले के केयर टेकर को गोवंशों को गर्मी में हीट स्ट्रोक से बचाने का निर्देश दिया। नायब तहसीलदार को गौशाले में कुल 118 गोवंश मौजूद मिले।

उन्होंने कहा यदि गौशाले का कोई भी पशु कभी बीमार लगे तो तुंरन्त गोवंशों के स्वास्थ्य की सूचना पशु चिकित्सा अधिकारी व सेक्रेटरी को दें। इस दौरान उन्होंने अस्थाई गौशाले के बाउंड्री के बाहर भी जाकर निरीक्षण किया तथा कुछ ग्रामीणों से भी इस अस्थाई गौशाले के बारे में फीड बैक लिया। इस दौरान पशुधन प्रसार अधिकारी आकांक्षा कश्यप, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## कचहरी परिसर के शौचालय में मिली वृद्ध की लाश

**जौनपुर।** सिंगरामऊ से कचहरी मुकदमा देखने आए एक वृद्ध की कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित शौचालय में मिली लाश से सनसनी फैल गई है। सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के लच्छीपट्टी गांव निवासी 60 वर्षीय नन्हे लाल निषाद गुरुवार के दिन अपने एक मुकदमे की तारीख देखने के लिए कलेक्ट्री कचहरी आए हुए थे। अचानक उन्हें शौच लगने के कारण वह कचहरी के पीछे बने शौचालय में गए और अचानक वहीं गिर पड़े जिससे उनकी मौत हो गई। कुछ ही देर बाद एक व्यक्ति शौचालय में गया तो उसने देखा दरवाजा नहीं खुला है और एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है। उसके शोर मचाने पर काफी लोग एकत्रित हो गए। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर मियांपुर चौकी प्रभारी गिरीश चंद्र मिश्रा पंहुच गए और उसकी लाश को दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला गया। मृतक के पास से मिले आवश्यक दस्तावेजों के माध्यम से उसके घर फोन द्वारा सूचना दी गयी। परिजन भी सूचना के बाद पहुंच गए। पुलिस ने मौत का सही कारण जानने के लिए लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मीरपुर के 102 छात्रों को कुलपति ने दिया शिक्षण किट

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** प्रतिभा कभी भी किसी की मोहताज नहीं होती है। यह लोगों में मिथक धारणा है। अच्छे विद्यालयों में ही अच्छी शिक्षा मिल सकती है। प्रतिभावान छात्र कहीं भी अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम होते हैं। क्योंकि कहावत ही है कि होनहार वीरवान के होत चिकनो पात।

**संबोधन**

**प्राथमिक विद्यालय की छात्र-छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम ने मन मोहा**

**बच्चों को शील्ड देकर किया गया पुरस्कृत**



बच्चों को शिक्षण किट प्रदान करती पूविवि कुलपति प्रो. मौर्य

उक्त बातें वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य प्राथमिक विद्यालय मीरपुर में आयोजित समारोह में आये हुए लोगों को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने अपनी तरफ से विद्यालय के 102 छात्र-छात्राओं को शिक्षण किट वितरित किया। इसमें बैग, पुस्तक, कापी, कलम, रबड़, पेंसिल, कटर इत्यादि पढ़ाई लिखाई से सम्बंधित सामग्री थी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुचे बीएसए डॉ. गोरखनाथ पटेल ने प्राथमिक विद्यालय मीरपुर की प्रशंसा करते हुए कहा कि नामांकन के मामले में प्राथमिक विद्यालय मीरपुर सबसे टॉप पर है। यह अन्य विद्यालयों के लिए अनुकरणीय है। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से आये हुए अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कुलपति ने विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था को देखकर प्रभारी प्रधानाध्यापक मुकेश सिंह व उनके स्टाफ की प्रशंसा की। इस अवसर पर डॉ. राकेश कुमार यादव, मुकेश सिंह, एनएसएस समन्वयक डॉ. राज बहादुर यादव, कमलेश यादव, डॉ. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, उमेश मिश्रा, अंजना सिंह, राजू सिंह, प्रवीण सिंह, मंजूलता, सुनीता यादव, आमिल जैदी आदि मौजूद रहे।

## संजय शुक्ल चुने गए ग्रापए के तहसील अध्यक्ष



ग्रापए के नवनियुक्त पदाधिकारीगण

**केराकत।** पत्रकारों के राष्ट्रीय स्तर के संगठन ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बृहस्पतिवार को नगर पंचायत के मीटिंग हाल में बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से तहसील इकाई का गठन किया गया। ग्रापए के वाराणसी मंडल के अध्यक्ष तारकेश्वर सिंह की विशेष उपस्थिति में संजय शुक्ल को सर्वसम्मति से तहसील का अध्यक्ष चुना गया जिसका कर्तल ध्वनि से पत्रकारों ने स्वागत किया। तहसील अध्यक्ष ने अन्य पदाधिकारियों का गठन किया। जिसमें राजेश यादव को महामंत्री, पंकज कुमार राय और कृष्ण कुमार वर्मा को उपाध्यक्ष, पंकज कुमार सिंह और नवीन सिंह को मंत्री, पप्पू सरोज को कोषाध्यक्ष तथा विनोद कुमार को मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया। दीपनरायन सिंह, रामशरण यादव, प्रदीप कुमार सिंह और ज्ञान प्रकाश पांडेय को संरक्षक मंडल में रखा गया है। जयप्रकाश पांडेय, विकास कुमार सिंह, नीरज मौर्य, गुलशन कुमार, पंकज तिवारी, पाठक को सक्रिय कार्यकारिणी का सदस्य चुना गया। बैठक में मंडल महामंत्री विंध्यवासिनी सिंह, जिला महामंत्री प्रदीप कुमार पांडेय आदि रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष और संचालन मंडल के महामंत्री ने किया। इस अवसर पर तहसील के पत्रकारों में विनोद कुमार, पंकज सिंह, अरविंद यादव और आदर्श मिश्रा पर तहसील प्रशासन की ओर से दर्ज कराए गए फर्जी मुकदमे की निंदा की गई।

# एसटीएफ व पुलिस की संयुक्त टीम ने तीन गांजा तस्करों को दबोचा

**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त टीम ने गुरुवार को सुबह साढ़े 6 बजे मुंगरा की ओर आ रहे प्रयागराज मार्ग पर रेलवे फाटक से आधा किमी पूर्व एक डीसीएम ट्रक से 250 किलो अवैध गांजा के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बाजार के अनुसार पकड़े गए अवैध गांजे की अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपए आंकी गई है।

**सफलता**

**250 किलो अवैध गांजा डीसीएम ट्रक से किया बरामद**

**अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 30 लाख आंक रही पुलिस**



बरामद गांजे के साथ गिरफ्तार तस्कर व पुलिस टीम

पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के सम्बन्ध में विशेष अभियान के क्रम में प्र.उ.नि. पन्नेलाल यादव मय टीम द्वारा कस्बे में मौजूद थे कि उ.नि. अतुल चतुर्वेदी एसटीएफ मुख्यालय लखनऊ मय टीम के साथ आये और भारी मात्रा में अवैध गांजा के सम्बन्ध में मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना से अवगत कराया। उक्त सूचना पर संयुक्त टीम द्वारा प्रयागराज की तरफ से आने वाले वाहनों की चेकिंग शुरू की गयी जिसके परिणाम स्वरुप एक डीसीएम ट्रक 250 किग्रा अवैध गाजा, दो मोबाइल फोन के साथ तीन अभियुक्त दिवाकर निषाद पुत्र जीत नारायण निवासी ग्राम गढ़वा थाना अहिरौला जिला आजमगढ़, अनिल कुमार सिंह पुत्र लाल प्रताप सिंह निवासी ग्राम पढ़वा थाना फतनपुर जिला प्रतापगढ़, राजीव कुमार पुत्र तिलक सिंह यादव निवासी ग्राम सोरायपदा थाना अजीतमन जिला औरैया को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष पन्नेलाल यादव ने बताया कि बरामद गांजे की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपए है। गिरफ्तार करने वाली में टीम प्रभारी थानाध्यक्ष पन्नेलाल यादव, हे.का. ओमप्रकाश मिश्रा, संजीव कुमार सिंह, का. गया प्रसाद पटेल, का. सुनील यादव, का. लक्ष्मण यादव, उ.नि. अतुल चतुर्वेदी एसटीएफ मुख्यालय लखनऊ मय टीम शामिल रहे।

### वारंटी हुआ गिरफ़्तार

**सुइथाकला।** थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह के निर्देशन में उपनिरीक्षक सच्चिदानंद एवं हेडकांस्टेबल अमित सिंह व मुकेश यादव ने न्यायालय द्वारा जारी वारंट के अनुक्रम में थाना क्षेत्र के ईशापुर गांव निवासी अभियुक्त सुखराम पुत्र रामदास प्रजापति को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया।

## संक्षेप

### विधायक ने रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




स्कूल चलो अभियान की रैली को रवाना करते विधायक पंकज पटेल

**सुजानगंज।** विधायक मुंगराबादशाहपुर पंकज पटेल ने प्राथमिक विद्यालय चकनवाबाद में स्कूल चलो अभियान की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली चका नवाबाद की बिंद बस्ती, मुस्लिम बस्ती, पटेल बस्ती में पहुंच कर अभिभावकों से संपर्क किया। एआरपी डॉ. विनोद कुमार पाल ने विभिन्न गांव के विभिन्न मजरों में संपर्क कर कुल 10 बच्चों का नामांकन कराया। खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार पांडेय ने बताया कि हम ब्लाक को निपुण ब्लॉक बनाने के लिए कटिबद्ध है। स्कूल चलो अभियान आयोजित कार्यक्रम में डॉ. विनोद पाल ने कहाकि सभी गांव, बस्ती में कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहने पाये। इस अवसर पर अजय कुमार सिंह अध्यक्ष, सत्य प्रकाश मिश्रा, मनोज कुमार, अजय कुमार, बंदना यादव, अनीता बिंद, अमित उपाध्याय, वेद प्रकाश, आशीष कुमार, अशोक कुमार तिवारी, रोहित सिंह आदि सहित आंगनबाड़ी, अभिभावक मौजूद रहे।

### इंजन चोरी का नहीं हुआ खुलासा

**पवांरा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत सजईंकला में त्रिभुवन गौतम, ताड़कनाथ गौतम की चोरी हुई मशीन के इंजन का अभी तक पुलिस पता नहीं कर पायी है। लोगों का कहना है कि पुलिस चोरी का तहरीर ले लेती है और मुकदमा भी दर्ज नहीं करती है तथा बार-बार दौड़ाती रहती है। थानाध्यक्ष चोरी के मामले में शिथिलता बरतते हैं और चोरी का पदार्फाश नहीं कर पाते हैं। आये दिन हो रही चोरी की घटनाओं से लोग दहशत में हैं।

### मिनी बैंक संचालक की पिटाई में दो गिरफ्तार

**खुटहन।** फिरोजपुर गांव में गुरुवार को यूबीआई के मिनी शाखा संचालक को दो मनबढ़ युवकों ने लात घूंसे से पीटकर घायल कर दिया। शोरगुल सुन मौके पर जुटे ग्रामीण दोनों युवकों को पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया। घायल का उपचार सीएचसी पर किया गया। इसी गांव निवासी नंदलाल अपने ही गांव में मिनी बैंक शाखा चलाता है। वह यूबीआई बिशुनपुर से वापस अपनी शाखा पर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में घात लगाए बैठे तिसौली गांव के शास्वत यादव व समसुद्दीनपुर गांव के मोनू ने उसकी बाइक रोक कर लात घूंसे से पीटने लगे।

### सेंध लगाकर हजारों का सामान ले उड़े चोर

**सरकी।** केराकत थाना क्षेत्र के सरकी चौकी अंतर्गत चौकी से महज 100 मीटर की दूरी पर चोरों ने बीती रात सेंध फोड़कर अजमत नामक व्यक्ति के सैलून की दुकान से इनवर्टर, बैटरी, नकदी समेत 25000 का सामान उठा ले गए। जबकि महज 24 घंटे पहले ही उक्त चौकी अंतर्गत ही अकबरपुर मठिया ग्राम में 80000 की पम्पिंग सेट के सामान की चोरी को चोरों द्वारा अंजाम दिया गया। बताते चलें कि 1 महीने के अंदर लगातार तीन चोरियां होने के बाद भी चौकी पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। अभी तक किसी चोरी का कोई सुराग नहीं लग सका। इससे पुलिस की निष्क्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है।



सैलून की दुकान में चोरों द्वारा लगायी गयी सेंध

### पीएनबी के खाताधारकों के खाते में वापस आया पैसा

**खेतासराय।** पीएनबी बैंक की स्थानीय शाखा के खाताधारकों का डूबा पैसा खाते में पहुंचने पर खाताधारकों ने राहत की सांस ली। शाखा प्रबंधक के अथक प्रयास से खाताधारकों के हितों को देखते हुए खाते से गायब पैसे को ऐसे सभी खाताधारकों के खाते में ट्रांसफर कर दिया जिससे उक्त शाखा को लेकर क्षेत्र में महीनों से चल रही तरह तरह की अफवाहों पर विराम लगते हुए ग्राहक हितों को सर्वोपरि मानकर सभी असंतुष्ट ग्राहकों को बैंक ने संतुष्ट किया। बताते चलें कि पंजाब नेशनल बैंक की स्थानीय शाखा में बीते वर्ष दिसंबर माह में एक बैंककर्मी के घोटाला करने का मामला प्रकाश में आया था। चार दर्जन से अधिक खाताधारकों का पैसा बगैर उनकी सहमति के खाते से अन्तरण हो गया था। जानकारी होने पर खाताधारकों ने विरोध प्रदर्शन किया था। इस मामले में आरोपित बैंककर्मी को विभाग ने निलंबित करके जांच बैठा दी और खाताधारकों को भरोसा दिलाया कि उनका पैसा उनके खाते में जमा कराया जाएगा। शाखा प्रबंधक मनीष कुमार जायसवाल ने बताया ऐसे 55 खाताधारकों का पैसा उनके खाते में जमा करा दिया गया है। संतोष सिंह, तारा देवी, दिलीप कुमार बिंद, किरण देवी, दुर्गावती, विवेक कुमार यादव, रोहित कुमार प्रजापति सहित सभी खाता धारकों के खाते में पैसा ट्रांसफर कर दिया गया है।

### मारपीट में आधा दर्जन घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बीबीगंज चौकी क्षेत्र के मुस्तफाबाद में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में छह लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुची पुलिस ने उपचार हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। क्षेत्र के उक्त गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में 45 वर्षीय ऊषा पत्नी अर्जुन व 59 वर्षीय अर्जुन पुत्र हुन्नर व दूसरे पक्ष से 35 वर्षीय गुड्डू पुत्र उदयराज व 32 वर्षीय माधुरी पत्नी गुड्डू व गुड्डू का 13 वर्षीय पुत्र राज व 12 वर्षीय लकी गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं चिकित्सकों ने इलाज के दौरान हालत गंभीर देख ऊषा को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

### छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

**बदलापुर।** कोतवाली क्षेत्र के बखोपुर गांव में बुधवार की रात एक छात्र ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना से स्वजनों में कोहराम मच गया। बखोपुर निवासी एवं श्री नारायण सिन्हा इंटर कालेज सरायहरखू के लिपिक त्रिपुरारी शंकर तिवारी का 22 वर्षीय इकलौते पुत्र प्रतीक देररात तक आईपीएल मैच देख रहा था। इसके बाद वह अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह जब वह नहीं उठा तो स्वजन परेशान हो उठे। काफी प्रयास के बाद भी जब वह नहीं जागा तो लोग दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे जहां देखा कि वह पंखे में गमछे के सहारे फांसी पर झूल रहा है। लोगों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। बाद में पंचायतनामे के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। प्रतीक भोलानाथ मिश्र पीजी कालेज धनियामऊ में बीए तृतीय वर्ष का छात्र था।

## रेलवे का लोहा चोरी करते दो धराये

**शाहगंज।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के समीप गेट संख्या 62 के पास रखे रेलवे पटरी पर लगने वाले लोहे की प्लेट के साथ बीती रात दो चोर को रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर रेलवे एक्ट की धारा में पाबंद कर चालान न्यायालय भेज दिया। नगर के नई आबादी मोहल्ला निवासी दीपक कुमार पुत्र राम सागर व सूरज गुप्ता पुत्र स्व. संग्राम गुप्ता बुधवार की रात स्टेशन समीप बने रेलवे फाटक संख्या 62 के पास रखे रेलवे पटरी पर लगने वाला सीएसटी प्लेट चोरी कर खुटहन रोड स्थित नाले के पास रख रहे थे।

दूसरी बार प्लेट लेकर जाते समय गश्त कर रहे रेलवे सुरक्षा बल के उपनिरीक्षक आरएल किस्कू व हेड कांस्टेबल हरीनाथ यादव की नजर दोनों चोरों को बाइक पर सामान लादते दिख गयी। इतने में उपनिरीक्षक ने दोनों युवकों को बाइक समेत पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान चोरों की निशानदेही पर चोरी के तीन प्लेट खुटहन रोड स्थित नाले के पास से बरामद करते हुए रेलवे एक्ट की धारा में पाबंद कर सूरज का चालान न्यायालय भेज दिया। वहीं नाबालिक दीपक कुमार को बाल सुधार गृह भेजा गया।

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा



हनुमान जयंती पर निकली कलश यात्रा में शामिल भक्तगण

जनसंदेश न्यूज

**सुजानगंज।** क्षेत्र के सभी हनुमान मंदिरों में हनुमान जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई जिसमें फरीदाबाद ग्राम सभा के अरूणपुर गांव में स्थित श्री हनुमानजी के मंदिर पर हनुमान जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया जिसमें ग्राम वासियों द्वारा धाम में रामचरितमानस के साथ श्री गौरीशंकर धाम से कलश यात्रा निकाल भ्रमण करते हुए बाजार होते हुए शोभा यात्रा हनुमानजी के मंदिर पर सम्पन्न हुई। कलश यात्रा के दौरान जय श्रीराम के नारे लगाए जा रहे थे। भजन कीर्तन और विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

मंदिर पर ग्राम वासियों एवं श्रद्धालुओं ने पहुंचकर हनुमान जी का दर्शन पूजन कर भंडारे में चल रहे प्रसाद को ग्रहण कर हनुमान जी और जय श्री राम के जयकारे लगाए। इस अवसर पर ग्रामवासी सहित हनुमान भक्त मौजूद रहे।

## प्रधानपति व लेखपाल पर निजी भूमि पर रास्ता बनाने का आरोप

**जौनपुर।** खुटहन के नगवां गांव निवासी हरिश्चंद्र उपाध्याय का ग्राम प्रधान पति व लेखपाल पर लगाए गए आरोप का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। हरिश्चंद्र का आरोप है कि ग्राम प्रधान पति व लेखपाल मिलीभगत कर जबरन सामूहिक खाते की बाग की निजी भूमि पर रास्ते का निर्माण करा रहे हैं। हरिश्चंद्र उपाध्याय वीडियो में लेखपाल राकेश यादव पर जल खाते की भूमि पर ग्राम प्रधानपति रामकुमार उपाध्याय को कब्जा दिलाने का भी गंभीर आरोप लगाते देखे-सुने जा रहे हैं। जल खाते की भूमि पर जबरन कब्जा किए जाने की शिकायत उच्चाधिकारियों से करने पर ग्राम प्रधान पति धमकी देने लगे। उसके घर से बाहर आने-जाने के एकमात्र रास्ते को मिट्टी व बांस-बल्ली लगाकर बंद कर दिया।

ग्राम प्रधानपति धमकी दे रहे हैं कि अपने बाग की भूमि से रास्ता बनाने दो तभी तुम्हारा रास्ता खोला जाएगा जबकि बाग की भूमि पर उप जिलाधिकारी शाहगंज न्यायालय से स्थगन आदेश जारी किया गया है। वायरल वीडियो चर्चा का विषय बन गया है।

# विवाहिता को भरण पोषण देने का आदेश

जनसंदेश न्यूज

**खेतासराय।** न्यायाधिकारी ने घरेलू हिंसा और दहेज उत्पीड़न मामले में विवाहिता को राहत पहुंचाते हुए पति और ससुराल वालों को भरण पोषण के लिए सात हजार रुपया प्रति माह देने का आदेश दिया है। इसके अलावा तीन महीने के अंदर पीड़िता को दो लाख रुपए हर्जाना देने का भी आदेश दिया है।

जानकारी के मुताबिक लखमापुर निवासी किश्वरी बेगम की शादी 11 साल पहले थाना क्षेत्र के जमदहा निवासी शमीम के बेटे मो. शोएब से हुई थी। नीलम के मुताबिक शादी के बाद से ही ससुराल वाले उससे मोटर साइकिल, फ्रीज, वाशिंग मशीन और कूलर की मांग करते थे और इसके लिए उसका तरह तरह से उत्पीड़न करते थे। शादी के एक साल बाद किश्वरी को अपने शौहर से एक बेटा भी हुआ लेकिन ससुराल वालों का उत्पीड़न नहीं रुका। पति शोएब परदेस में रहता था।

किश्वरी के मुताबिक जुलाई 2013 में ससुराल वालों ने उसे मिट्टी का तेल डालकर जलाने की कोशिश की।

आखिरकार ससुराल वालों ने किश्वरी का सारा स्त्रीधन छीनकर घर से बेघर कर दिया तब से वो अपने मायके में ही रह रही है। सारा मामला और जिला संरक्षण अधिकारी की आख्या सुनने के बाद ग्राम न्यायाधिकारी दिनेश कुमार दिवाकर ने पीड़िता को ससुराल में पुरानी जगह देने का आदेश दिया और इसमें दिक्कत पैदा करने वाले शख्स को निकाल देने की बात की।

अदालत ने कहा कि ऐसा नहीं होने पर विवाहिता को किराए के मकान में रखा जाए और उसका पति किराए के एवज में चार हजार रुपए प्रति माह पीड़िता को दे। इसके अलावा पीड़िता को 7 हजार रुपए प्रतिमाह अदा किया जाए। न्यायाधिकारी ने हर्जाने के तौर पर ससुराल वालों को दो लाख रुपए तीन माह के भीतर पीड़िता को देने का आदेश दिया।

# आशा बहुओं की मिलीभगत से गरीब हो रहे शोषण का शिकार

**बदलापुर।** तहसील क्षेत्र के महराजगंज थाना क्षेत्र के कमला बाजार स्थित समोतपुर निवासी निलेश सिंह का आरोप है कि उनकी पत्नी रुची को डिलेवरी होनी थी। वह पत्नी को महराजगंज के सरकारी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर द्वारा कहा गया कि नार्मल डिलेवरी नहीं होगी आपरेशन करवाना पड़ेगा जो यहां पर नहीं हो सकता।

इसके बाद उमरी गांव निवासी एक आशा बहू उनसे मिली और उन्हें बहला-फुसलाकर कम दाम में डिलेवरी कराने के लिए बदलापुर के एक निजी हॉस्पिटल में रुची सिंह का आपरेशन करवा दिया जहां एक लड़की और एक लड़का पैदा हुआ। इस दौरान उक्त आशा ने अपने कमीशन के चक्कर में स्वजन को बिना बताए ही उक्त दोनों बच्चों को लेकर सीधे सेटिंग वाले वैष्णवी बाल चिकित्सालय में भर्ती करवा दिया। फिर स्वजन भी वहां पहुंचे और कुछ घंटे बाद उक्त चिकित्सालय के डॉ. द्वारा बताया गया कि लड़के को सांस लेने में दिक्कत हो रही है उसकी हालत सीरियस है। इसके बाद उक्त स्वजन और डाक्टर में तू-तू मैं-मैं शुरू हो गया। फिर स्वजन अपने दोनों बच्चों को वहां से निकालकर सीधे सब्जी मंडी के समीप स्थित दूसरे चिल्ड्रेन हास्पिटल में भर्ती करवाया जहां दो दिन उपचार करने के बाद बच्चा स्वस्थ हुआ।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. -0532 - 2400063

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

## रोडवेज ने प्राइवेट बस को मारी टक्कर बाल-बाल बचे यात्री

**जफराबाद।** स्थानीय थाने से मात्र सौ मीटर दूर वाराणसी मार्ग पर रोडवेज बस ने एक प्राइवेट बस को टक्कर मार दिया जिससे रोडवेज बस में मौजूद चार यात्रियों को मामूली चोटें आयी। हालांकि तत्काल मौके पर पहुंच कर पुलिस ने बसों को सड़क से एक तरफ करवा दिया। शाहगंज डिपो की रोडवेज बस मित्तूपुर आजमगढ़ से जौनपुर होते हुए वाराणसी जा रही थी। उक्त स्थान पर अचानक रोडवेज की बस दूसरी निजी बस से टकरा गई। बस की टक्कर के बाद रोडवेज चालक जयसिंह यादव निवासी हंड़िया आजमगढ़ ने बताया कि प्राइवेट बस के चालक ने अचानक सवारी उठाने के चक्कर मे इमरजेंसी ब्रेक मार दिया। काफी प्रयास के बाद भी मेरी बस पीछे से जाकर उससे टकरा गयी। पुलिस ने तहरीर ले लिया है।




# बाहर घूमते हुए न मिलें गोवंश : रमेश चन्द्र



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते नोडल अधिकारी

**जौनपुर।** जनपद के अवशेष निराश्रित गोवंश को शत-प्रतिशत संरक्षित किये जाने तथा उनके भरण-पोषण हेतु भूसा संग्रहण के संबंध में प्रभावी क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण के उद्देश्य से शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी रमेश चन्द्र, अपर आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।

**दिया निर्देश**

**कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में नोडल अधिकारी का निर्देश**

बैठक में नोडल अधिकारी के द्वारा ब्लॉकवार अवशेष निराश्रित गोवंशो की समीक्षा की और निर्देश दिया कि सम्बन्धित बीडीओ एवं बीईओ जल्द से जल्द अवशेष निराश्रित गोवंश को गो-आश्रय स्थल ले जायें। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी परमहंस राय ने बताया की जनपद में लगभग 99 संचालित है और 8 निर्माणधीन है। नोडल अधिकारी द्वारा सम्बंधित कार्यदायी संस्था से मिलकर जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। नोडल अधिकारी ने सभी ईओ को निर्देश दिया कि जिनके क्षेत्र में गो-आश्रय स्थल नहीं है उन नगर निकायों में अस्थायी गो-आश्रय स्थल खोले। यदि गोवंश बाहर घूमते मिले तो सम्बंधित ईओ के विरुद्ध कार्यवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि ग्राम प्रधानों के माध्यम से भूसे की व्यवस्था की जाये। गोआश्रय स्थलों पर हरा चारा, भूसा, पानी और गर्मी के मौसम में टीन शेड लगाये जाने के भी निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आरडी यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित समस्त विकास खण्ड अधिकारी, अधिशासी अधिकारी, पशु चिकित्साधिकारीगण उपस्थित रहे।

वाराणसी। रुद्र की नगरी काशी में गुरुवार को रुद्रावतार की धूम रही। पूरे शहर भर में कई शोभायात्राएं निकाली गई। शहर के हर हनुमान मंदिरों में हनुमत का भव्य शृंगार किया गया था। हनुमान मंदिरों में हनुमान चालीसा के साथ ही सुंदरकांड, बजरंग बाण का पाठ चलता रहा। मंदिरों में सुबह से ही दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। हर कोई हनुमान से अपने मंगल की कामना कर रहा था। सर्वाधिक भीड़ संकटमोचन मोचन मंदिर में दिखी। जहां भोर से लेकर रात्रि तक श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी था। हनुमत जन्मोत्सव पर जहां एक ओर भिखारीपुर से विशाल शोभायात्रा निकाली गई वहीं संकटमोचन मंदिर में दर्जन-पूजन करने के लिए दरबार में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। पूरा इलाका जय श्रीराम व जय हनुमान के जयघोष से गूंजता रहा। शोभायात्रा के चलते सड़कों पर जाम की भी स्थिति बनी रही।

# रुद्र की नगरी में रुद्रावतार की धूम





भिखारीपुर तिराहे से निकली हनुमान ध्वजा यात्रा

जय श्रीराम व जय हनुमान से गूंजा पूरा इलाका

भिखारीपुर से संकटमोचन तक लगी रही लंबी कतारें

कई किलोमीटर तक भक्तों का लगा रहा रेला



शोभायात्रा में बाइक से जाती हुई महिलाएं

## हनुमत जन्मोत्सव पर भिखारीपुर से निकला भक्तों का सैलाब

## संकटमोचन मंदिर में विशेष आरती व शृंगार

संकटमोचन का दर्शन करने को लेकर लगा रहा भक्तों का तांता

हनुमान मंदिरों में सजी भव्य झांकी

**वाराणसी।** हनुमान जयंती पर गुरुवार को संकटमोचन मंदिर में हनुमान जयंती महोत्सव पर बाबा का विशेष शृंगार किया गया। शहनाई वादन से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस अवसर पर प्रो. विश्वम्भरनाथ मिश्र महंत समेत काफी लोग मौजूद थे। संकटमोचन का दर्शन करने के लिए लोगों का तांता लगा रहा। इसके साथ ही शहर के विभिन्न मंदिरों में हनुमानजी का भव्य शृंगार किया गया था। झांकी का दर्शन करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी रही।

उधर, श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में विराजमान अक्षयवट हनुमान का धूमधाम से गुरुवार को जन्मोत्सव मनाया गया। पुजारी राजू पांडेय ने भोर में बाबा का पंचामृत गंगाजल से स्नान कराके सिंधुर-तेल का लेपन किया। नूतन वस्त्र धारण कराके कुंद, रजनीगंधा, गुलाब की मालाओं से भव्य शृंगार किया।



अक्षयवट हनुमान



मनसापूरन हनुमान

हनुमत लला को 11 किलो लड्डू, फल व मेवा का भोग लगाया गया। महंत नील कुमार मिश्रा ने महाआरती की। ततपश्चात भक्तों के दर्शन के लिए कपाट खोल दिया गया। भक्तों में महंत कमल मिश्रा व बच्चा पाठक ने प्रसाद वितरण किया। इस दौरान महंत परिवार के राजू पाठक, रमेश गिरी, अंकित मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे। उधर, मैदागिन के भारतेंदु पार्क स्थित मनसापूरन हनुमान का शृंगार भव्य रुप से किया गया। हनुमान जी को सुगंधित फूल और माला से सजाया गया। प्रारंभ में हनुमान जी का सिंदूर लेपन किया गया। भव्य आरती के साथ सुंदर पाठ के साथ हनुमान चालीसा का भी आयोजन किया गया, जन्मोत्सव समारोह में हजारों की तादाद में भक्तों ने भक्ति भाव से भरपूर वातावरण में प्रभु का दर्शन किया।





शोभायात्रा में शामिल डमरूदल

### 75 फीट के रथ पर 70 फीट की लहरा रही थी ध्वजा

### शोभायात्रा में 80 आकर्षक झांकियां रही शामिल

हनुमत सेवा समिति के तत्वावधान में गुरुवार को भिखारीपुर तिराहे से विशाल हनुमान ध्वजा यात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का विशाल जनसैलाब उमड़ा रहा। चैत्र मास की पूर्णिमा को हनुमान जयंती पर ब्रह्म मुहुर्त से ही श्रद्धालुओं की भीड़ निकलने वाली शोभायात्रा में हनुमान ध्वजा व आरती की थाली के साथ श्री हनुमत दरबार पहुंचने के लिए कतार लगनी शुरू हो गई थी। यह शोभायात्रा विगत 18 वर्षों से निकल रही है। प्रातःकाल सात बजे से ही हनुमत सेवा समिति के सदस्य और पदाधिकारी अपने अतिथियों के सानिध्य में मुख्य रथ पर विराजमान राम दरबार के षोडशोपचार पूजन के पश्चात मुख्य ध्वज और हनुमत की बाल स्वरूप की पालकी पर विराजे बाल हनुमान के पूजन के पश्चात शिव के सुमिरन और डमरु के डमडम के बीच शंखनाद के साथ भक्तों की कतार राम भक्त दरबार के ओर बढ़ना शुरू हुआ। इस शोभा यात्रा में सबसे पहले 70 फीट की मुख्य ध्वजा, जिसके बाद मुख्य रथ, पालकी और फिर महिलाओं की कतार, अलग अलग क्षेत्रों से शामिल कार्यालयों की झांकी और अंत में हजारों की संख्या मे हाथों में पताका संग भक्तों का रेला चल पड़ा। 20 मिनट के रास्ते को तीन घंटे में भक्त झूमते नाचते गाते पहुंचे। यात्रा का शुभारम्भ काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रो नागेंद्र पाण्डेय, प्रो विनय पाण्डेय डॉ सुभाष पाण्डेय व एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, कुंवर पूनम मौर्या जिला पंचायत अध्यक्ष, दिलीप सिंह पटेल, क्षेत्रीय अध्यक्ष यात्रा का नेतृत्व संस्थापक अध्यक्ष हनुमंत सेवा समिति रामबली मौर्य ने किया।

### कलियुग में सिर्फ हनुमान ही हैं धरती पर विद्यमान

कहते हैं कि इस कलयुग में हनुमान ही एक मात्र ऐसे भगवान हैं जो भक्तों के कल्याण के लिए धरती पर विद्यमान हैं। धर्म की नगरी काशी में हजारों की संख्या में भक्तों ने गाजे बाजे के साथ विशाल ध्वजा यात्रा निकली। सभी भक्त हनुमानजी को तुलसी की माला, गुलाब की पंखुडियां, सिंदूर, केला, लड्डू, चना, अक्षत, धूपबत्ती समर्पित करने को आतुर दिखे। साथ ही श्रीहनुमान चालीसा, बजरंग बाण, सुन्दर कांड का सस्वर पाठ कर रहे थे। हनुमत सेवा समिति के तत्वावधान में आपसी भाईचारे की भावना को विकसित करने के उद्देश्य से भिखारीपुर तिराहे से निकली भव्य हनुमान ध्वजा शोभायात्रा भिखारीपुर तिराहे से नेवादा, सुन्दरपुर, नरिया, लंका होते संकटमोचन दरबार पहुंची। शोभायात्रा में दूर दराज के शहरों सहित बनारस के कनकसराय, मिजार्पुर, रामसिंहपुर, अदलपुरा, कोनियां, डाफी, नुआंव, कंचनपुर, करौंदी, सुन्दरपुर, खोजवां, जानकी नगर, ककरमत्ता, शिवरतनपुर, जलालीपट्टी, दशमी,के साथ ही प्रदेश के बाहर दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, सूरत आदि राज्यों से भी भक्त पहुंचे थे। इस वर्ष के यात्रा का पहला आकर्षण 75 फीट लंबा ध्वज था इस ध्वज पर जय श्री राम भगवान हनुमान लला की आकर्षक आकृति अंकित थी। जिसे समिति के सदस्य हनुमान लला के जयकारों के साथ फूल वर्षा करते हुए चल रहे थे। इस यात्रा का दूसरा आकर्षण 70 फुट लंबा वाहन था। जिसपर संकटमोचन मंदिर की प्रमुख कीर्तन मंडली रामनाम की अमृत वर्षा कर रही थी। इस यात्रा में 80 झाकियां शामिल रही. साथ ही परम्परागत वेशभूषा में आरती की थाली लिये पूरी श्रद्धा के साथ महिलाएं नंगे पांव मंदिर पहुंची । यात्रा में आस्था का सैलाब दिखा, जो सड़कों पर अपने आराध्य के जन्मोत्सव की मस्ती में मगन रहे।

### हवन के साथ सहस्त्र धर्मपताकाओं का हुआ वितरण

वाराणसी। हनुमान प्राकट्य दिवस पर धर्मसंघ परिसर में स्थपित मेहंदीपुर बालाजी का सवामणी हवन भोग के साथ धर्मशास्त्र व धर्मशास्त्र का वितरण हुआ। दुर्गाकुंड स्थित धर्मसंघ में श्रीहनुमान प्राकट्य के अवसर मेहंदीपुर बाला जी का विशेष श्रृंगार व पूजन व सवामणी हवन व भोग के साथ 1008 हनुमान भक्तों को धर्मशास्त्र (हनुमान चालीसा) व धर्मशस्त्र (हनुमान पताकाओं) का वितरण किया गया। धर्मसंघ शिक्षा मण्डल में गुरूवार को प्रातः छः बजे से ही श्रीहनुमान प्राकट्य महोत्सव की शुरूआत हो गयी। मेहंदीपुर बालाजी हनुमान के विशेष श्रृंगार के साथ ही सवामणी हवन प्रारंभ हुआ। हवन मण्डप में बालाजी के साथ अंजनीमाता, भैरवबाबा, प्रेतराज सरकार, दीवान सरकार, श्मशानकाली, श्मशानभैरव के मूल विग्रह के कृतियों को अस्थायी स्थापित कर वैदिक रिति महामंत्री जगजीतन पाण्डेय ने 51 वैदिक बटुकों के साथ सवामनी सामग्री से श्रीहनुमान सहस्त्र नाम से हवन किया। इस अवसर पर 1008 लोगों ने धर्मध्वज के साथ शोभायात्रा निकाली गयी। समिति के आचार्य महेश चन्द्र मिश्र के संयोजन में बालाजी का दरबार लगाया गया।



## श्रद्धा के सागर में उठी हनुमत नाम की लहरें



**वाराणसी।** श्री हनुमान ध्वजा णी प्रभात फेरी समिति के तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय यात्रा की अंतिम कड़ी गुरुवार को हनुमान जन्म उत्सव पर भव्य हनुमत ध्वजा प्रभात फेरी गजब निखरी । कार्यक्रम में गंगा की तर्ज पर भक्तों ने संकट मोचन की आरती उतारी मथुरा के गौ भक्त शास्त्री संस्था के अध्यक्ष कौशल शर्मा पूर्व विधायक अजय राय अरविंद जैन मनीष गिनोडिया ने संकट मोचन प्रभु की पूजन अर्चन कर भक्तों को ध्वजा दे कर यात्रा की शुभारंभ की। यात्रा में संकट मोचन रूपी रथ की भव्य झांकी के साथ भक्तों के कंधे पर पालकी में गणेश जी, हनुमान जी व शंकर जी की भव्य झांकी चल रही थी। यात्रा का मुख्य आकर्षण 21 फुट

#### महावीर का ध्यान व किया गुणगान

#### धर्मसंघ से निकली शोभायात्रा

ऊंचा पताका भी रहा जिसपर हनुमान जी का स्वरूप बना था। प्रभातफेरी में 1100 केसरिया ध्वज समेत 21 डमरू वादक संग बग्घी पर रामदरबार, शिव ताण्डव व गंगा की झांकी मनोहारी रही। 21 लड़के-लड़कियों का डांडियां नृत्य व महिलाऐं सजी थाली लिए चल रही थीं। भक्तों ने 1100 केशरिया ध्वजा लहराई। रास्ते भर भक्त अनूप सर्राफ दिनेश मिश्रा सूर्योदय शास्त्री भजन लहर लहर लहराए रे हनुमान धजा लहराए गाते चल रहे थे। प्रभात फेरी धर्मसंघ से निकल रविंद्रपुरी दुर्गाकुण्ड रिजर्व मंदिर पहुंची त्रिदेव मंदिर पहुंची। जहां भरत सराफ राधे गोविंद केजरीवाल अनुप सराफ पवन अग्रवाल एम पी के नेतृत्व में गंगा की तर्ज पर प्रभु की महा आरती कर पुष्प वर्षा के साथ भक्तों को शरबत पिलाया यात्रा संकट मोचन पहुंची जहां प्रभु के चरणों में ध्वजा अर्पित की गई । सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ पढ़ा राम दरबार की बैठकी हुई। मंदिर के महंत विश्वम्भर नाथ मिश्र ने प्रभु की आरती उतारी। सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ हुआ 21 क्विंटल प्रसाद प्रभु को चढ़ाया गया । संचालन महेश चौधरी ने किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष कौशल शर्मा, विश्वनाथ पोद्दार, सुरेश तुलस्यान लोकेश अग्रवाल, महेश चौधरी, कृष्ण कुमार काबरा, अरविंद तुलस्यान श्रीनारायण खेमका पवन कुमार अग्रवाल, विजय मोदी राजेश धानुका, गोकुल शर्मा, , वेदमूर्ति शास्त्री, रघु देव अग्रवाल, अशोक जायसवाल सोमनाथ विश्वकर्मा कैलाश राठी बैजनाथ भालोटिया मनीष अग्रवाल गौरव अग्रवाल गौरव जायसवाल आदि शामिल थे।



वाराणसी। केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के संयुक्त निवारक दल वाराणसी समेत पूर्वांचल के अन्य जिलों में नशे के सौदागरों पर कड़ा प्रहार कर रही है। यही वजह रही कि बीते दो साल के अंदर करीब पांच करोड़ का मादक पादार्थ टीम ने बरामद किया और कार्रवाई की। विभाग सूत्रों की माने तो वाराणसी समेत आसपास के जिलों उच्चाधिकारियों के निर्देश पर लगातार छापेमारी टीम कर रही है। यही वजह रही कि दो साल के अंदर करोड़ों का मादक पदार्थ टीम ने छापेमारी और अभियान चलाकर पकड़ा।

## नशे के सौदागरों पर नकेल कस रही नारकोटिक्स की टीम




### गाजीपुर में पकड़ी 1.25 करोड़ की नशीली दवाएं

हाल ही में गाजीपुर में छापेमारी कर नारकोटिक्स की टीम ने 1.25 करोड़ नशीली दवाएं बरामद की। टीम ने सुहवल थाना क्षेत्र के रामपुर मिल्की में छापेमारी की थी। जहां से उनकी टीम ने नशीली दवाओं के कारोबार में लिप्त टिंकू उर्फ पंकज यादव को दबोच लिया गया। उससे कड़ी पूछताछ और उसकी निशानदेही पर एक स्थान से करीब एक करोड़ की बूप्रोनारफीन और टरमाडोल के इंजेक्शन के साथ निट्राजेपास एवं अलप्राजोलाम की टैबलेट बरामद की।

### पांडेयपुर में 1.25 करोड़ की हेरोइन हुई थी बरामद

नारकोटिक्स की टीम ने बीते साल हुकुलगंज क्षेत्र से एक आरोपी को 600 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए आरोपी की शिनाख्त शिवम कुमार सिंह के तौर पर हुई थी। आरोपी को मंगलवार को अदालत बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय कीमत 1.25 करोड़ रुपए आंकी गयी और ये कार्रवाई लखनऊ-गाजीपुर की संयुक्त टीम ने की थी। शिवम से पूछताछ में सामने आया कि वह सिर्फ डिलेवरी ब्वॉय का काम करता है। उसका काम सिर्फ इतना ही है कि वह जैतपुरा और बजरडीहा जैसे इलाकों में हेरोइन पहुंचाने का था।

### विशाखापट्टनम से आ रही 10 क्विंटल गांजा की खेप भी पकड़ी थी

मिर्जामुराद के भीखीपुर के पास से नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने कंटेनर में छीपाकर ले जाया जा रहा 10 क्विंटल गांजा बरामद किया। इस दौरान कंटेनर से दो व उसके आगे-आगे चल रहे स्कार्पियो सवार तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। एनसीबी को जरिए मुखबिर सूचना मिली कि विशाखापट्टनम से कंटेनर के अंदर बोरियो में गांजा भर कर मुरादाबाद ले जाया जा रहा है। कंटेनर के आगे-पीछे फर्जी नंबर लिखा था। आरोपितों में मुरादाबाद के डिंगरपुर (मनाढेर) निवासी अकील व वसीम, बरेठा (मनाढेर) निवासी मोसिम, मुरादाबाद के विलारी निवासी मुकीम तथा मुरादाबाद के गजूपुर (कुंडरकी) निवासी नसीम को पकड़ा गया था।

### वाराणसी में मनाया गया पोषण पखवाड़ा

**वाराणसी।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के संयोजकत्व में जनपद वाराणसी में पखवाड़े का आयोजन किया गया । पोषण पखवाड़ा के दौरान बच्चों का वजन एवं लंबाई का मापन करते हुए पूरा विवरण पोषण ट्रैकर पर अपलोड करने के साथ ही पोषण पखवाड़े को पोषण उत्सव के रूप में मनाए जाने का लक्ष्य रखा गया था । पखवाड़े को सफल बनाने के लिए भारत सरकार के 15 सदस्य विशेषज्ञ टीम जनपद में 26 मार्च को पहुंच गई और सबसे पहले 27 मार्च को विशेषज्ञ टीम द्वारा जनपद के बाल विकास परियोजना अधिकारी , सुपरवाइजर एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर को मास्टर ट्रेनर के रूप में एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया । इन 80 मास्टर ट्रेनर द्वारा 28 मार्च को ब्लॉक स्तर पर 3690 आंगनबाड़ी कार्यकताओं को बच्चों का वजन एवं लंबाई मापने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## जय हनुमंत सकल गुणवंत..



वाराणसी। हनुमत जयंती के मंगल अवसर पर सुबह- ए- बनारस में गायिका कलाकार डॉ रागिनी सरना का गायन हुआ । उनके साथ हर्षित उपाध्याय हारमोनियम डॉ अमित ईश्वर तबले पर संगत की। गायन का आरंभ राग भटियार में विलंवित एकताल में निबद्ध रचना से हुई जिसके बोल थे-अजहू न आये। इसके उपरांत उन्होंने गुरु पं देवाशीष डे रचित तीनताल में निबद्ध बंदिश सुनायी। बोल थे जय हनुमंत सकल गुणवंत। समापन राम भजन से किया। बोल थे निर्धन के धन राम । कलाकार को प्रमाणपत्र गुरुग्राम से पधारी सुश्री नोविका तथा पद्मश्री प्रो सरोज चूड़ामणि गोपाल एवं श्रीमती मंजू मिश्रा ने प्रदान किया । संचालन डॉ प्रीतेश आचार्य ने किया ।

### कपसेठी में निकाली गई शोभायात्रा

**सेवापुरी।** हनुमान जयंती के अवसर पर कपसेठी थाना क्षेत्र के कुरु गांव स्थित हनुमान मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित भक्तों ने हाथ में हनुमत ध्वज लेकर जय श्री राम का नारा लगाते हुए शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा मंदिर परिसर से चलकर कालिका धाम कपसेठी चौराहा कपसेठी बाजार सीरिहरा के रास्ते पुनःमंदिर परिसर में पहुंचकर समाप्त हुई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में आयोजित भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विजय तिवारी प्रेम शंकर शुक्ला कन्हैया तिवारी प्रशांत तिवारी रोहित पप्पू तिवारी श्यामलाल समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे ।